CMYK

दैनिक

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 10 अंक : 342 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, मंगलवार 06 जनवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# सीएम भजनलाल शर्मा का 19 जिलों के विधायकों और विधानसभा प्रत्याशियों से संवाद, बजट के लिए सुझाव और समस्याओं की जानकारी मांगी

## सोमवार को तीसरे दिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री आवास पर विभिन्न जिलों के जनप्रतिनिधियों से बजट को लेकर चर्चा की अलग-अलग जिलों के विधायकों और विधानसभा प्रत्याशियों के साथ की चर्चा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को लगातार तीसरे दिन विभिन्न जिलों के जनप्रतिनिधियों और विधानसभा के प्रत्याशियों के साथ बजट को लेकर गहनता से चर्चा की। जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को प्रदेश के 19 जिलों के पार्टी के विधायकों और विधानसभा प्रत्याशियों के साथ बजट को लेकर चर्चा की । मुख्यमंत्री शर्मा ने अलग-अलग जिलों के विधायकों के साथ अलग-अलग बैठक आयोजित की और प्रत्येक विधायक और विधानसभा प्रत्याशी से उसके क्षेत्र में विभिन्न समस्याओं के बारे में भी पूछा पिछले बजट में विधायक या विधानसभा प्रत्याशी ने अपने क्षेत्र में जो जो मांग रखी थी उनमें जो मांग पिछले बजट में शामिल नहीं की गई उन मांगो को लेकर भी मुख्यमंत्री शर्मा ने जनप्रतिनिधियों से विचार विमर्श किया । जानकारी के अनुसार सोमवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कई घंटे तक प्रदेश के विभिन्न जिलों के जनप्रतिनिधियों से मुलाकात की अजमेर, ब्यावर, भीलवाड़ा, नागौर, कुचामन, डीडवाना, बीकानेर, चूरू, श्री गंगानगर, हनुमानगढ़ ,अलवर ,भरतपुर, डीग, करौली, सवाई माधोपुर, दोसा, टोंक इत्यादि 19 जिलों के जनप्रतिनिधियों और विधानसभा प्रत्याशियों के साथ में बजट को लेकर चर्चा की पार्टी के विधायकों और विधानसभा प्रत्याशियों से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने



प्रत्येक जिले में केंद्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से संचालित की जा रही योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर भी फीडबैक लिया और अधिकारियों की कार्यशाली और व्यवहार के बारे में भी फीडबैक लिया। इसके अलावा जिलेवार जिले के लोगों में सरकार के प्रति किस तरह का भाव है इस बात की भी जानकारी हासिल की इसके अलावा मुख्यमंत्री शर्मा ने पार्टी के मौजूदा विधायकों और विधानसभा प्रत्याशियों से आगामी पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव के लिए जनता के बीच नियमित रूप से उपस्थित रहने और जनता की समस्याओं के निदान के सतत प्रयास करने को भी कहा इसके अलावा मुख्यमंत्री शर्मा ने विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं के बारे में भी पूछा और कहा कि अगर किसी विधानसभा में एक से ज्यादा समस्याएं हैं तो उन समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर उन्हें बताएं और जिन समस्याओं के निदान की तुरंत आवश्यकता है उनके निदान के बारे में सबसे पहले प्रयास किया जा सके इसके अलावा मुख्यमंत्री शर्मा ने बातचीत के दौरान सड़क ,पानी, बिजली, कृषि, शिक्षा, चिकित्सा, पुलिसिंग , रोजगार उद्योग जैसे क्षेत्र से जुड़ी डिमांड और समस्याओं के बारे में भी जनप्रतिनिधियों और विधानसभा प्रत्याशियों से सवाल जवाब किया इसके अलावा मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बातचीत के दौरान विधायकों और विधानसभा प्रत्याशियों से बजट की रूपरेखा तैयार करने में उनके सुझाव और सलाह भी मांगी मुख्यमंत्री शर्मा ने बातचीत के दौरान जनप्रतिनिधियों से पूछा की बजट में और क्या विशेष होना चाहिए जिसकी वजह से बजट समावेशी और स्पर्शी हो सके इस संबंध में विधायकों ने विभिन्न क्षेत्रों से संबंधित अपने सुझाव भी दिए इसके अलावा अपने क्षेत्र के विकास कार्यों की डिमांड से.अवगत करवाया

### पंचायत राज और नगर निकाय चुनाव को देखते हुए इस बार बजट होगा कुछ विशेष खास

जानकार लोगों का कहना है कि कुछ ही महीना के बाद प्रदेश में पंचायत राज और नगर निकाय के चुनाव होने वाले हैं ऐसे में चालू महीने के आखिरी सप्ताह में आयोजित होने जा रहे राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में प्रस्तुत होने वाला बजट इस बार बेहद खास होगा। बजट को समावेशी और स्पर्शी स्वरूप देने के लिए मुख्यमंत्री शर्मा सामूहिक चर्चा और सामूहिक गहन मंथन के निष्कर्ष के आधार पर बजट की रूपरेखा तैयार करना चाहते हैं इसके अलावा प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्र में समुचित रूप से विकास कार्यों को आगे भी गति मिले इसके लिए सभी विधानसभा क्षेत्र की प्रमुख डिमांड और समस्याओं के निस्तारण के लिए भी इस बार बजट में खास ख्याल रखा जाएगा यही वजह है कि मुख्यमंत्री शर्मा प्रदेश के सभी 200 विधानसभा सीटों में पार्टी के मौजूदा विधायकों और विधानसभा प्रत्याशियों से उनके क्षेत्र से जुड़ी सभी छोटी-बड़ी समस्याओं छोटी-बड़ी डिमांड के बारे में पूछ रहे हैं। इसके अलावा पार्टी के संगठन से जुड़े विषयों पर भी जनप्रतिनिधियों से फीडबैक ले रहे हैं आईटी सेक्टर को लेकर आयोजित हुई ग्लोबल समिट में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि चाहे कोई सा भी प्रदेश हो वहां के अधिकारी जब सरकारी नौकरी ज्वाइन करते हैं और शपथ लेते हैं तो उन्हें अपने स्टेट के हकों की रक्षा करने की शपथ भी दिलाई जाती है इसलिए मध्य प्रदेश के अधिकारी अगर अपने स्टेट के हक को लेकर समझौता नहीं करें तो उन्हें गलत नहीं माना जा सकता क्योंकि यह उनकी जिम्मेदारी और कर्तव्य बन जाता है लेकिन हम राजनेता हैं और भले ही अधिकारी इस तरह के समझौते में अपनी टांग बढ़ाया लेकिन अंततः कलम तो हमारी ही चलती है इसलिए हमने राजस्थान को समुचित पानी उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य किया है उन्होंने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उन्हें कहा था कि आपके यहां इतना पानी है इतनी नदियां हैं काफी पानी बिना काम के समुद्र में व्यर्थ चला जाता है अगर यह पानी राजस्थान को मिल जाए तो हमारे कई जिलों में पीने के पानी और खेती का पानी मिल जाए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बहुत ही अच्छी तरह से अपने स्टेट का पक्ष रखा और हमने भी कह दिया कि हम राजस्थान को समुचित पानी देंगे । ग्लोबल सबमिट में शामिल होने से पहले मोहन यादव ने मुख्यमंत्री आवास पर भजन लाल शर्मा से मुलाकात की दोनों के बीच हालांकि यह शिष्टाचार भेंट बताई गई लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के हितों की रक्षा के लिए हर पल सजग रहते हैं इसलिए उन्होंने इस मुलाकात में भी मोहन यादव को राजस्थान को समुचित पानी उपलब्ध कराने का वादा याद दिलाया जिस पर यादव ने मुख्यमंत्री शर्मा को मध्य प्रदेश से राजस्थान को समुचित पानी उपलब्ध करवाने का भरोसा दिलाया दोनों नेताओं के बीच काफी देर तक बातचीत हुई दोनों नेताओं ने प्रदेश के विभिन्न मुद्दों को लेकर भी बातचीत की पिछले 2 साल में राजस्थान में जो विकास कार्य हुए उसके बारे में भी शर्मा ने मोहन यादव को बताया मोहन यादव ने भी अपनी सरकार के कार्यों के बारे में अपनी सरकार की योजनाओं के बारे में मध्य प्रदेश के किसानों के बारे में युवाओं के बारे में महिलाओं के बारे में उद्योगों के बारे में आईटी सेक्टर के बारे में मुख्यमंत्री शर्मा को अवगत करवाया दोनों ही नेताओं ने अपनी अपनी सरकारों के मुख्य कार्यों और उपलब्धियां की जानकारी एक दूसरे को शेयर की और किस तरह से और विकास किया जा सकता है किस-किस क्षेत्र में कैसे-कैसे नवाचार किया जा सकते हैं क्या-क्या नई योजनाएं लाई जा सकती हैं किस तरह से लोगों का भरोसा और जीता जा सकता है इन सब विषयों को लेकर दोनों मुख्यमंत्री के बीच काफी देर तक बातचीत हुई ।

# भजनलाल शर्मा से मिले मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव, दोनों की मित्रता दोनों प्रदेशों के विकास को देगी गति

## मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा राजस्थान कोई पाकिस्तान थोड़ी है 5 प्रतिशत नहीं 7 प्रतिशत पानी देंगे

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के बीच गहरी दोस्ती है और इस गहरी दोस्ती की वजह से ही मध्य प्रदेश के साथ पिछले 25 साल से पानी को लेकर जो विवाद चल आ रहा है यह विवाद अब काफी हद तक दूर भी हो गया है एक तरफ जहां राजस्थान के शासन की बागडोर हाथ में लेने के कुछ दिनों बाद ही भजनलाल शर्मा ने मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव से मुलाकात करके ईआरसीपी को लेकर समझौता किया जो अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि राजस्थान के लिए मानी जा सकती है क्योंकि मध्य प्रदेश से पिछले कई सालों से पानी को लेकर राजस्थान की लड़ाई चली आ रही है इस दौरान कई बार दोनों प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार भी रही लेकिन पानी को लेकर समझौता नहीं हो पाया कई बार दोनों प्रदेशों में अलग-अलग राजनीतिक दलों की सरकार रहने की वजह से भी समझौता नहीं हो पाया था लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपनी गहरी मित्रता और अपने आकर्षक व्यक्तित्व से मोहन यादव को राजस्थान के लिए समुचित पानी उपलब्ध करवाने के लिए राज किया इस बात के लिए समुचित पानी उपलब्ध करवाने के राजी कर ही लिया इस बात का खुलासा सोमवार को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बाकायदा



जयपुर टाइम्स(कासं)

जयपुर में डीजे फर्स्ट ग्लोबल समिट2026 कार्यक्रम के आयोजन में अपने भाषण में किया उन्होंने कहा कि राजस्थान और मध्य प्रदेश में सामाजिक सांस्कृतिक और अन्य कई क्षेत्रों में समानता है दोनों पड़ोसी हैं यह बात अलग है कि मध्य प्रदेश में जहां 250 नदियां हैं वहीं राजस्थान में ले देकर एक चंबल है जो भी बाहर से निकल जाती है लेकिन राजस्थान और मध्य प्रदेश के बीच मजबूत व्यापारिक और सामाजिक आर्थिक संबंध हैं लेकिन पानी के मामले में उन्हें यह बताया गया कि हम राजस्थान को 5 प्रतिशत पानी क्यों दें इससे हमारे मध्य प्रदेश के लोगों का हक मारा जाएगा लेकिन जब राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनसे राजस्थान के लिए पानी की डिमांड की तो उन्होंने राजस्थान को समुचित पानी उपलब्ध करवाने के लिए मध्य प्रदेश सरकार की कटिबद्धता जाहिर की उन्होंने कहा कि राजस्थान कोई पाकिस्तान थोड़ी ही है हम राजस्थान को 5 प्रतिशत नहीं 7 प्रतिशत पानी देंगे आईटी सेक्टर को लेकर आयोजित हुई ग्लोबल समिट में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि चाहे कोई सा भी प्रदेश हो वहां के अधिकारी जब सरकारी नौकरी ज्वाइन करते हैं और शपथ लेते हैं तो उन्हें अपने स्टेट के हकों की रक्षा करने की शपथ भी दिलाई जाती है इसलिए मध्य प्रदेश के अधिकारी अगर अपने स्टेट के हक को लेकर समझौता नहीं करें तो उन्हें गलत नहीं माना जा सकता क्योंकि यह उनकी जिम्मेदारी और कर्तव्य बन जाता है लेकिन हम राजनेता हैं भले ही अधिकारी इस तरह के समझौते में अपनी और से अड़चन पैदा करें लेकिन अंततः कलम तो हमारी ही चलती है इसलिए हमने राजस्थान को समुचित पानी उपलब्ध करवाने की दिशा में कार्य किया है उन्होंने कहा कि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उन्हें कहा था कि आपके यहां इतना पानी है इतनी नदियां हैं काफी पानी बिना काम के समुद्र में व्यर्थ चला जाता है अगर यह पानी राजस्थान को मिल जाए तो हमारे कई जिलों में पीने के पानी और खेती का पानी मिल जाए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बहुत ही अच्छी तरह से अपने स्टेट का पक्ष रखा और हमने भी कह दिया कि हम राजस्थान को समुचित पानी देंगे द्य ग्लोबल सबमिट में शामिल होने से पहले मोहन यादव ने मुख्यमंत्री आवास पर भजन लाल शर्मा से मुलाकात की दोनों के बीच हालांकि यह शिष्टाचार भेंट बताई गई लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा प्रदेश के हितों की रक्षा के लिए हर पल सजग रहते हैं इसलिए उन्होंने इस मुलाकात में भी मोहन यादव को राजस्थान को समुचित पानी उपलब्ध कराने का वादा याद दिलाया जिस पर यादव ने मुख्यमंत्री शर्मा को मध्य प्रदेश से राजस्थान को समुचित पानी उपलब्ध करवाने का भरोसा दिलाया दोनों नेताओं के बीच काफी देर तक बातचीत हुई दोनों नेताओं ने प्रदेश के विभिन्न मुद्दों को लेकर भी बातचीत की पिछले 2 साल में राजस्थान में जो विकास कार्य हुए उसके बारे में भी शर्मा ने मोहन यादव को बताया मोहन यादव ने भी अपनी सरकार के कार्यों के बारे में अपनी सरकार की योजनाओं के बारे में मध्य प्रदेश के किसानों के बारे में युवाओं के बारे में महिलाओं के बारे में उद्योगों के बारे में आईटी सेक्टर के बारे में मुख्यमंत्री शर्मा को अवगत करवाया दोनों ही नेताओं ने अपनी अपनी सरकारों के मुख्य कार्यों और उपलब्धियां की जानकारी एक दूसरे को शेयर की और किस तरह से और विकास किया जा सकता है किस-किस क्षेत्र में कैसे-कैसे नवाचार किया जा सकते हैं क्या-क्या नई योजनाएं लाई जा सकती हैं किस तरह से लोगों का भरोसा और जीता जा सकता है इन सब विषयों को लेकर दोनों मुख्यमंत्री के बीच काफी देर तक बातचीत हुई ।

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर, मुकेश दाधीच,अजीत माढ़ण ने की कार्यकर्ता सुनवाई

जयपुर टाइम्स




**जयपुर(कासं.)।** भाजपा प्रदेश कार्यालय जयपुर में सोमवार को ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कार्यकर्ता सुनवाई की। कार्यकर्ता सुनवाई के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए मंत्री नागर ने कहा कि कार्यकर्ता सुनवाई का उद्देश्य पार्टी कार्यकर्ताओं और आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। कार्यकर्ता सुनवाई में कुल 75 प्रकरण सामने आए जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को भेजा गया है 3ताकि उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जा सके। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने स्पष्ट किया कि जिन प्रकरणों का आज निस्तारण किया गया है, वे दोबारा सुनवाई में न आएं इसके लिए विभागीय स्तर पर गंभीरता से कार्य किया जाए। कुछ प्रकरण सार्वजनिक हित से जुड़े थे, जिन पर विशेष ध्यान देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। नागर ने बताया कि पिछली कार्यकर्ता सुनवाई की पालना रिपोर्ट प्राप्त हो चुकी है, जिसमें अधिकांश प्रकरणों का निस्तारण हो चुका है। आज की सुनवाई में परिवहन, ऊर्जा एवं स्वायत्त शासन विभाग से संबंधित समस्याएं सर्वाधिक सामने आईं। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि कार्यकर्ता सुनवाई कार्यक्रम से पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आम जनता में संतोष का भाव है। जिन समस्याओं का त्वरित समाधान संभव नहीं है, उनके लिए विभागीय स्तर पर लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने दोहराया कि जनता की प्रत्येक वैध समस्या का समाधान करना सरकार और पार्टी की सर्वोच्च प्राथमिकता है। कार्यकर्ता सुनवाई के दौरान संगठन से भाजपा उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच और भाजपा प्रदेश मंत्री अजीत माढ़ण उपस्थित रहे। ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर ने कहा कि पिछले पांच साल में बिजली सप्लाई के क्षेत्र में जो दुर्दशा थी, वो चरम पर थी। आज भाजपा की भजनलाल सरकार ने बिजली की व्यवस्थाओं में सुधार किया। आज दो साल में हमने बिजली के क्षेत्र में सुधार किया है, जिससे कहीं भी बिजली कटौती नहीं की जा रही, ना ही बिजली के लोड शेडिंग कर रहे है, प्रदेश के 22 जिलों में किसानों को दिन में बिजली दी जा रही है। छह घंटे लगातार बिना किसी बाधा के बिजली सप्लाई की जा रही है। हमारा प्रयास है कि 2027 तक प्रदेश के किसानों को शत प्रतिशत दिन में बिजली उलपब्ध करवाएं ना ही कोई बिजली कटौती की जाए। सत्ता पक्ष के साथ साथ विपक्ष भी बोल रहा है कि प्रदेश में बिजली क्षेत्र में इस तरह के सुधार की हमें कतई उम्मीद नहीं थी। बिजली सेक्टर की दशा और दिशा दोनों ही बदल गई। प्रदेश की डबल इंजन सरकार ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में केंद्र से कुसुम योजना के तहत 6 हजार मेगावाट से अधिक के प्लांट शुरू करने का ऐतिहासिक कार्य किया है। इसके साथ ही विद्युत सयंत्रों की समुचित देखभाल करते हुए बिजली का उत्पादन बढ़ाया है।

# सुप्रीम कोर्ट का आरक्षण को लेकर बड़ा फैसला और कहा जनरल कैटेगरी कोई कोटा नहीं है

## मेरिट सजा नहीं बन सकती, आरक्षण को समावेशन के लिए एक साधन के रूप में काम करना चाहिए ने की नुकसान के रूप में

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** सुप्रीम कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया है की मेरिट सजा नहीं बन सकती। आरक्षण को समावेशन के लिए एक साधन के रूप में काम करना चाहिए, न की नुकसान के रूप में यह बात कहकर सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान हाई कोर्ट प्रशासन और रजिस्ट्रार की अपीलों को खारिज कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ओपन या जनरल केटेगरी का कोई कोटा नहीं होता ऐसी सीट सभी के लिए खुली हो और किसी भी जाति वर्ग या लिंग के लिए आरक्षित नहीं हो सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले से आरक्षित वर्ग के उन युवाओं को बड़ी राहत मिली है जिन्हें ज्यादा नंबर लाने पर भी नौकरी नहीं दी जा रही। सरकारी नौकरी से लेकर एडमिशन तक के आरक्षण व्यवस्था पर सुप्रीम कोर्ट का यह बड़ा फैसला है इसे ब्रिलिएंट उम्मीदवारों की एक बड़ी



जीत माना जा रहा है । न्यायाधीश दीपांकर दत्त और न्यायाधीश जॉर्ज मसीह की बेंच ने राजस्थान हाई कोर्ट प्रशासन और रजिस्टर की अपीलों को खारिज करते हुए 18 सितंबर 2023 के डिवीजन बेंच के फैसले को कायम रखा है

### क्या है पूरा मामला ?

दरअसल यह मामला अगस्त 2022 में निकली जूनियर ज्यूडिशल असिस्टेंट और लिपिक ग्रेड द्वितीय भरती से जुड़ा है राजस्थान हाई कोर्ट अधीनस्थ न्यायालय और संबद्ध संस्थाओं में इस भर्ती अभियान के माध्यम से कुल 2756 खाली पदों पर नियुक्ति दी जानी थी योग्य उम्मीदवारों की चयन प्रक्रिया में 300 नंबर की लिखित परीक्षा और 200 नंबर का टाइपिंग टेस्ट शामिल था भर्ती नियमों के अनुसार हर एक क्रांतिकारी में खाली पदों से 5 गुना उम्मीदवारों को उल्लेखित परीक्षा के आधार पर टाइपिंग टेस्ट के लिए शार्ट लिस्ट किया जाना था इस सरकारी भर्ती परीक्षा का परिणाम 2023 में घोषित किया गया जिसमें एससी ओबीसी एमबीसी और ईडब्ल्यूएस जैसी कई आरक्षित कैटेगरी की कट ऑफ जनरल केटेगरी से अधिक थी इसके चलते कुछ आरक्षित वर्ग के ऐसे उम्मीदवार जिन्होंने जनरल कट ऑफ 196 नंबर से अधिक अंक प्राप्त किया लेकिन अपनी कैटेगरी की कट ऑफ में कम थे उन्हें शॉर्ट लिस्टिंग से बाहर कर दिया गया इससे प्रभावित उम्मीदवारों ने हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया इस मामले की सुनवाई के दौरान राजस्थान हाई कोर्ट के डिवीजन बेंच ने कहा था कि शॉर्ट लिस्टिंग भले ही कैटेगरी वाइज हो लेकिन मेरिट के आधार पर जनरल या ओपन कैटेगरी की लिस्ट पहले तैयार की जाएगी अगर आरक्षित कैटेगरी के उम्मीदवारों के जनरल कैटेगरी की कट ऑफ से ज्यादा नंबर आते हैं तो उन्हें ओपन कैटेगरी में समायोजित माने जाएंगे बाद में बनाई जाने वाली रिजर्व लिस्ट में ऐसे उम्मीदवारों को दोबारा शामिल नहीं किया जाएगा ।

# जनभागीदारी एवं सहयोग से होगा सेना दिवस परेड का ऐतिहासिक आयोजन

जयपुर टाइम्स

**जयपुर** जयपुर में 8 जनवरी से 15 जनवरी 2026 तक आयोजित होने जा रही सेना दिवस परेड-2026 के दिव्य, भव्य एवं ऐतिहासिक आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। इस संबंध में सोमवार को आयोजित समन्वय बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने व्यापार संघों, औद्योगिक संगठनों, स्वयंसेवी संस्थाओं, गैर सरकारी संगठनों तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों से सक्रिय सहयोग और व्यापक भागीदारी का आह्वान किया। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि जयपुर में होने वाले सभी बड़े आयोजनों में व्यापार एवं सामाजिक संगठनों की भूमिका सदैव अहम रही है। जिला प्रशासन को हर अवसर पर इन संगठनों का सक्रिय समर्थन और सहयोग प्राप्त होता रहा है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सेना दिवस परेड-2026 के दौरान भी सभी संघ-संगठन अपने-अपने स्तर पर योगदान देंगे और आयोजन को सफल बनाने में सहभागी बनेंगे। उन्होंने कहा कि सेना दिवस परेड केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि देश की सेना के शौर्य, अनुशासन और बलिदान के प्रति सम्मान प्रकट करने का अवसर है। इस आयोजन के माध्यम से आमजन, विशेषकर युवाओं में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन और देश सेवा की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा। ऐसे में समाज के प्रत्येक वर्ग




की सहभागिता आवश्यक है। बैठक में जयपुर व्यापार संघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल ने कहा कि राजधानी जयपुर में सेना दिवस परेड का भूतो ना भविष्यति आयोजन प्रदेशवासियों के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि व्यापार एवं औद्योगिक संगठनों की ओर से आयोजन में हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा। साथ ही व्यापार संघ आम नागरिकों को भी कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए प्रेरित करेंगे, ताकि अधिक से अधिक लोग सेना के पराक्रम से रूबरू हो सकें। बैठक में आयोजन की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया कि 9, 11, 13 एवं 15 जनवरी को जगतपुरा स्थित महल रोड पर प्रातः 7 बजे से सेना दिवस परेड का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सेना के विभिन्न दलों द्वारा पराक्रम, अनुशासन और कौशल का प्रदर्शन किया जाएगा। वहीं 10 एवं 15 जनवरी को सायं 4:30 बजे से सवाई मानसिंह स्टेडियम में शौर्य संध्या का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सैन्य बैंड, सांस्कृतिक कार्यक्रम और साहसिक प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

# भाजपा कार्यालय में आज बाबूलाल खराड़ी और राज्यवर्धन सिंह राठौड़ पार्टी के कार्यकर्ताओं की सुनेंगे समस्याएं

जयपुर टाइम्स

**जयपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय जयपुर में आज उद्योग एवं वाणिज्य तथा खेल मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ एवं जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी द्वारा आज प्रातः 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक कार्यकर्ता सुनवाई आयोजित की जाएगी। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं की समस्याओं के समाधान किए जाएंगे। कार्यकर्ता सुनवाई कार्यक्रम में संगठन की ओर से भाजपा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सैनी एवं प्रदेश मंत्री नारायण मीणा भी उपस्थित रहेंगे। भाजपा संगठन द्वारा आयोजित इस सुनवाई का उद्देश्य कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है।



CMYK

# 1 जनवरी से 31 जनवरी तक मनाया जाएगा राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह, 'सीख से सुरक्षा-तकनीक से परिवर्तन' थीम पर प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

## सभी ग्राम पंचायत में दुग्ध सहकारी समिति बनवाने के निर्देश

जयपुर टाइम्स



**खैरथल-तिजारा।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट की अध्यक्षता में जिला सचिवालय खैरथल-तिजारा में साप्ताहिक समीक्षा, जिला सहकारिता विकास समिति एंव राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के आयोजन के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलक्टर ने एमपी जनसुनवाई में आए परिवादों की समीक्षा, बिजली, पानी सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सूचारू रूप से आपूर्ति, केंद्र की विभागीय फ्लैगशिप योजना एवं समीक्षा बैठकों की अनुपालना रिपोर्ट, सम्पर्क पोर्टल की वर्तमान स्थिति एवं प्रगति की विभागवार समीक्षा की। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने संपर्क पोर्टल की विभागवार समीक्षा करते हुए कहा कि अधिकारी शिकायतों को लेकर ना बैठे उनका निस्तारण कर आमजन को लाभान्वित करें।

जिला सहकारिता विकास समिति की मासिक बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने एमडी सरस को बची हुई ग्राम पंचायत में दुग्ध सहकारी समिति बनवाने हेतु आवश्यक निर्देश दिए। सहायक निदेशक सहकारिता विभाग वेद प्रकाश सैनी ने बताया कि बताया कि जिले में लगभग 524 दुग्ध सहकारी समिति पंजीकृत है जिसमें से लगभग 353 सहकारी समिति वर्तमान में क्रियाशील है, जिस पर अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने निष्क्रिय सहकारी समितियां को सक्रिय बनाने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने जिले में 'सीख से सुरक्षा-तकनीक से परिवर्तन' थीम पर चल रहे राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा आमजन में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल एक विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सभी संबंधित विभागों के समन्वित प्रयासों से ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD), परिवहन विभाग, पुलिस विभाग तथा चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। सार्वजनिक निर्माण विभाग (PWD) को ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर उनके त्वरित सुधार, सड़क मरम्मत, साइनेज, रोड मार्किंग, रिफ्लेक्टर एवं स्पीड ब्रेकर मानकों के अनुसार लगाने के निर्देश दिए गए। परिवहन विभाग को वाहनों की नियमित जांच, फिटनेस, ओवरलोडिंग पर नियंत्रण, हेलमेट व सीट बेल्ट के उपयोग को सख्ती से लागू करने तथा जागरूकता शिविर आयोजित करने को कहा गया। पुलिस विभाग को यातायात नियमों के पालन की सख्त निगरानी, ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध विशेष अभियान, स्कूलों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था मजबूत करने के निर्देश दिए गए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने, एंबुलेंस रिस्पांस टाइम सुधारने तथा ट्रॉमा केयर व्यवस्था सुदृढ़ करने के निर्देश दिए गए।

अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दौरान जन-जागरूकता अभियानों, विद्यालयों व महाविद्यालयों में कार्यक्रम, रैलियों, कार्यशालाओं तथा डिजिटल माध्यमों से प्रचार-प्रसार को और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि तकनीक के उपयोग, जैसे सीसीटीवी, ई-चालान प्रणाली और डेटा आधारित निगरानी से सड़क सुरक्षा में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है।

बैठक के दौरान अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी रामदयाल, कोषाधिकारी सुरेश कुमार बंसल, अभियंता पीएचईडी धर्मवीर यादव, अधिशासी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग ओमप्रकाश किराड, उपनिदेशक पशुपालन विभाग हवा सिंह जाट, सहायक अभियंता बिजली विभाग भीम सिंह, एसीएफ वन विभाग संजय चौधरी, नगर परिषद सहायक अभियंता भूपेंद्र, पुलिस, कृषि, वन, शिक्षा, सहित अन्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय सडक सुरक्षा अभियान के तहत सुजल सहेलियों को दिया गया सडक सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षण



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राष्ट्रीय सडक सुरक्षा अभियान के तहत परिवहन विभाग द्वारा खेडली सैयद स्थित अशोक लीलेंड में ससत जल प्रबंधन परियोजना के अंतर्गत संचालित सुजल महिला महासंघ की सडक सुरक्षा के संबंध में बैठक व प्रशिक्षण आयोजित हुआ, जिसमें सुजल सहेलियों को सडक सुरक्षा जन जागरूकता का संदेश दिया गया तथा दैनिक जीवन में सडक उपयोग के बारे में जनजागरूकता फैलाने हेतु प्रोत्साहित किया गया। प्रादेशिक परिहवन अधिकारी रवीन्द्र जोशी ने बताया कि इस दौरान सुजल सहेलियों को क्षेत्र में स्थित समस्त निजी, सरकारी विद्यालयों में सडक सुरक्षा से संबंधित गीत व नुक्कड नाटक का प्रदर्शन कर सडक जन जागरूकता कार्यक्रम के लिए प्रेरित किया गया। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग द्वारा हैवल्स कम्पनी के 100 कार्मिकों के दुपहिया वाहनों, 20 ट्रेक्टर ट्रॉली व मवेशियों पर एआईएस 90 मानक वाली रिफलेक्टिव टेप लगाकर यातायात नियमों की जानकारी दी गई। इस दौरान अतिरिक्त प्रादेशिक परिवहन अधिकारी ललित कुमार गुप्ता, जिला परिवहन अधिकारी सविता भारद्वाज, परिवहन निरीक्षक रामदेवा, राहुल पाटीदार, विष्णु कुमार, हेमन्त नागर, सुजल महिला महासंघ की अध्यक्ष संगीता, सपना चौधरी, रेखा सहित सुजल महिला महासंघ की महिलाएं मौजूद रही।

## विधायक महंत बालक नाथ योगी रहे सूरजगढ़ (झुंझुनू) प्रवास पर



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** तिजारा विधायक महंत बालक नाथ योगी सूरजगढ़ (झुंझुनू) प्रवास पर रहे। इस दौरान उन्होंने श्री शादीनाथ जी महाराज आश्रम में आयोजित बरसोदी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए व इसके उपरांत सूरजगढ़ में स्वदेशी जागरण मंच के द्वारा आगामी दिनों में लगाएं जाने वाले स्वदेशी मेला के कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने आत्मनिर्भर भारत के उद्देश्य से स्वदेशी उत्पादों को अधिक अधिक प्रयोग में लेने का आह्वान करते हुए, स्वदेशी मेला आयोजन के लिए स्वदेशी जागरण मंच के प्रयासों की सराहना की।

## लायंस क्लब अलवर का रणथंभोर फेलोशिप टूर संपन्न

### टाइगर सफारी, धार्मिक दर्शन व सेवा संकल्पों के साथ यादगार आयोजन




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** लायंस क्लब अलवर द्वारा अपने सदस्यों के लिए दिनांक 3 व 4 जनवरी को रणथंभोर नेशनल पार्क के लिए दो दिवसीय फेलोशिप टूर का आयोजन किया गया। इस टूर में क्लब के 35 सदस्य एवं 5 बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। टूर के दौरान महिला, पुरुष एवं बच्चों ने टाइगर सफारी का आनंद लिया तथा प्रसिद्ध श्री गणेश मंदिर में दर्शन किए। सफारी के दौरान तीन टाइगर्स की साइटिंग हुई, जो सभी प्रतिभागियों के लिए अत्यंत रोमांचक व अविस्मरणीय अनुभव रही। महिला सदस्यों द्वारा गेम्स, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विभिन्न समूह गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिससे आपसी फेलोशिप और सौहार्द और अधिक प्रगाढ़ हुआ। इस अवसर पर सदस्यों के बीच लायनिज़्म पर चर्चा करते हुए भविष्य में मेडिकल कैंप लगाने तथा निःशुल्क नेत्र ऑपरेशन को गति देने का संकल्प लिया गया। साथ ही क्लब द्वारा 5 जनवरी से 11 जनवरी तक पोषण सप्ताह मनाने का निर्णय लिया गया, जिसके अंतर्गत विभिन्न सेवा कार्य संपन्न किए जाएंगे। इस सफल टूर के आयोजन में अध्यक्ष हीरालाल गुप्ता, वी.डी. गुप्ता, रविन्द्र गर्ग, अमित खंडेलवाल एवं मोहित खंडेलवाल का सराहनीय सहयोग रहा।

## सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनर्स वर्ष 2026 हेतु वार्षिक भौतिक सत्यापन यथाशीघ्र करावे

**अलवर।(निसं.)** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उप निदेशक लक्ष्मण सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के पेंशनर्स के लिए वर्ष 2026 हेतु वार्षिक भौतिक सत्यापन की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है अतः पेंशनर्स शीघ्रातिशीघ्र अपना वार्षिक भौतिक सत्यापन करावे। उन्होंने बताया कि पेंशन अपने नजदीकी ई-मित्र कियोस्क पर जाकर अपनी अंगुली की छाप के माध्यम से सत्यापन करा सकते हैं। इसके अतिरिक्त पेंशन विभाग द्वारा जारी मोबाइल एप के माध्यम से घर बैठे अपने मोबाइल पर फेस कैप्चर करने निःशुल्क सत्यापन करा सकते हैं, अपने क्षेत्र के पेंशन स्वीकृकर्ता अधिकारी कार्यालय में सम्पर्क कर पेंशन पीपीओ में जुडे मोबाइल नंबर पर ओटी प्राप्त करके, ई-मित्र प्लस मशीनों के माध्यम से भी निःशुल्क सत्यापन करा सकते हैं। इनमें से किसी भी माध्यम से सत्यापन नहीं हो पाता है तो संबंधित पेंशन स्वीकृतकर्ता अधिकारी (उपखण्ड अधिकारी/विकास अधिकारी) के रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर ओटीपी के माध्यम से सत्यापन कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिले में वर्तमान सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के कुल 2 लाख 48 हजार 432 पेंशनर्स पेंशन योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं जिसमें से 54 हजार 733 पेंशनर्स का सत्यापन बकाया है। भौतिक सत्यापन के अभाव में जनवरी 2026 के बाद पेंशन राशि का भुगतान नहीं किया जावेगा।

# रामाश्रय वार्ड बुजुर्ग मरीजों के लिए बन रहा भगवान राम की शरण

## भगवती देवी का आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित रामाश्रय वार्ड में हुआ सुगमता से उपचार

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा बुजुर्गों की सेवा हेतु राजकीय सामान्य चिकित्सा में संचालित आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित रामाश्रय वार्ड मरीज बुजुर्गों को राहत प्रदान करने की दिशा में सार्थक कदम साबित हो रहा है। इसी कडी में आधुनिक सुविधाओं का लाभ प्रदान कर 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला भगवती देवी का सुगमता से उपचार किया गया।

बुजुर्ग महिला भगवती देवी रामाश्रय वार्ड में उपचार के दौरान प्रदान की सुविधाओं के अनुभव साझा करते हुए बताती है कि 28 दिसम्बर की रात को पैर में अचानक असहनीय दर्द उठा और सांस फूलने लगी। जिला चिकित्सालय में पहुंचने पर आवश्यक जांचे कराकर चिकित्सकों द्वारा रामाश्रय वार्ड में भर्ती किया गया। भगवती देवी बताती है कि वार्ड का जैसा नाम है वैसी ही सुविधाएं बुजुर्ग मरीजों को उपलब्ध कराई जाती है। वार्ड में नर्सिंग बैल अलार्म सिस्टम लगा हुआ है जिसे बजाते ही वहां मौजूद कार्मिक तुरन्त मदद के लिए आ जाते हैं। इसके साथ ही मरीजों की सहूलियत हेतु वार्ड में हिटर लगा हुआ है जो सर्दी के मौसम में राहत प्रदान करता है तथा वहां मौजूद चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ व अन्य कार्मिक बुजुर्गों मरीजों की आत्मीयता के साथ सेवा करते हैं। उन्होंने बताया वार्ड में भर्ती होने पर ऐसा लगा जैसे भगवान राम की शरण में मेरा इलाज हो रहा है। उन्होंने प्रदेश के चिकित्सालयों में बुजुर्ग मरीजों की सेवा एवं बेहतर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने हेतु संचालित रामाश्रय वार्ड के लिए मुख्यमंत्री का आभार जताया।

वार्ड प्रभारी अधिकारी डॉ. अमित कुमार मित्तल ने बताया कि जिला चिकित्सालय में रामाश्रय वार्ड का संचालन 16 मार्च 2024 से किया जा रहा है जिसमें 15 बैड संचालित है। प्रत्येक बैड पर नर्सिंग वैल अलार्म सिस्टम, हीटर, मॉनिटर एवं अन्य चिकित्सा सुविधाएं जैसे वैनटिलेटर, एयर बैड आदि सुविधाएं मौजूद हैं। वार्ड में अब तक 2212 मरीजों का इलाज किया जा चुका है।

# प्रस्तावित क्रिटीकल टाईगर हैबीटाट एवं बफर क्षेत्र के निर्धारण के प्रस्ताव के संबंध में संबंधित ग्राम पंचायत में 9 जनवरी को ग्राम सभाएं होगी आयोजित

## ग्राम सभा में सुझाव/ परामर्श/ आपत्ति इत्यादि प्राप्त प्रस्तुत की जा सकती है

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली में विचाराधीन सूओमोटो प्रकरण में सेन्ट्रल एम्पावर्ड कमेटी द्वारा प्रस्तावित अभिशंषाओं की पालना में वन विभाग राजस्थान शासन द्वारा सरिस्का टाइगर रिजर्व के क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट 9091.22 हैक्टयर एवं बफर क्षेत्र 4753.63 हैक्टयर के प्रस्तावित प्रस्ताव के सम्बंध में वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 38 (ट) के स्पष्टीकरण के अनुसार ग्राम सभाओं से परामर्श करना अनिवार्य है। अतः पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 8 एवं नियम 5 क अनुसार संबंधित क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में 9 जनवरी 2026 को ग्राम सभाओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आमजन प्रस्तावित क्रिटीकल टाईगर हैबीटाट एवं बफर क्षेत्र के निर्धारण के प्रस्ताव के संबंध में संबंधित ग्राम पंचायत में आयोजित ग्राम सभा में इस पर सुझाव/परामर्श/आपत्ति इत्यादि प्राप्त प्रस्तुत कर सकते है।

## इन ग्राम पंचायतों में होगी 9 जनवरी को ग्राम सभा आयोजित

उन्होंने बताया कि पंचायत समिति मालाखेडा की ग्राम पंचायत माधोगढ, पृथ्वीपुरा, बालेटा, पंचायत समिति राजगढ की ग्राम पंचायत बलदेवगढ, तिलवाड, टोडा जयसिंहपुरा, खोह दरीबा, राजोरगढ, टहला, नांडू, मल्लाना, बीघोता, गोलाकाबास, धीरोडा, पंचायत समिति उमरैण की ग्राम पंचायत ढहलावास, हाजीपुर, बख्तपुरा, अकबरपुर, खेडका, कस्बा डेहरा, उमरैण, सावडी, जटियाना, व पंचायत समिति थानागाजी की ग्राम पंचायत पिपलाई, जोधाबास, भूडियाबास, मैंजोड, किशोरी, बामणबास, सीलीबावडी, अजबगढ व दुहारमाला में 9 जनवरी 2026 को ग्राम सभाओं का आयोजन होगा। इन प्रस्तावित ग्राम सभाओं में वन विभाग राजस्थान शासन द्वारा सरिस्का टाइगर रिजर्व के क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट 9091.22 हैक्टयर एवं बफर क्षेत्र 4753.63 हैक्टयर के प्रस्तावित प्रस्ताव का विवरण वन विभाग के प्रतिनिधी द्वारा प्रस्तुत कर व इस पर सुझाव/परामर्श/आपत्ति इत्यादि प्राप्त किये जायेगें। निर्धारित तिथी के पश्चात किसी भी सुझाव/परामर्श/आपत्ति इत्यादि पर कोई विचार नही किया जावेगा। अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रस्तावित क्रिटीकल टाईगर हैबीटाट एवं बफर क्षेत्र के निर्धारण के प्रस्ताव के संबंध में संबंधित ग्राम पंचायत में दिनांक 9 जनवरी 2026 को आयोजित ग्राम सभा में इस पर सुझाव/परामर्श/आपत्ति इत्यादि प्राप्त प्रस्तुत कर सकते है।

# राष्ट्रीय सडक सुरक्षा अभियान के तहत 5 दिवसों में आयोजित हुई विभिन्न गतिविधियां

## यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर किए गए 1624 चालान, 400 वाहनों व मवेशियों पर लगाई गई रिफलेक्टिव टेप

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** जिले में 31 जनवरी तक संचालित राष्ट्रीय सडक सुरक्षा अभियान के तहत 5 दिवसों में सडक सुरक्षा से संबंधित विभागों द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 1624 चालान किए गए तथा 400 वाहनों व मवेशियों पर रिफलेक्टिव टेप लगाई गई। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता भूरी सिंह ने बताया कि अभियान के अंतर्गत सडक निर्माण संस्थाएं पीडब्ल्यूडी, रिडकोर, आरएसआरडीसी, आरएसएचए, पीडब्ल्यूडी एनएच द्वारा करीब 80 किमी लम्बाई की विभिन्न सडकों पर जंगल सफाई का कार्य किया गया। वहीं 15 किमी लम्बाई में सोल्डर एवं बर्म्स रिपेयर का कार्य, 8.50 किमी में पैच रिपेयर कार्य, विभिन्न टोल प्लाजा पर रिफलेक्टिव टेप लगाने तथा सडक डिवाइडर के आसपास सफाई का कार्य किया गया। इसी प्रकार पुलिस विभाग द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से समझाइश की गई एवं 102 लोगों को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 1624 चालान किए गए, जिनमें से 12 शराब पीकर वाहन चलाने, 137 तेज गति से वाहन चलाने, 40 लेन ड्राइविंग का उल्लंघन करने, 725 दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग नहीं करने, 59 सीट बेल्ट नहीं लगाने, 24 वाहन चलाते समय मोबाइल पर बात करने एवं 628 लालबत्ती का उल्लंघन करने से संबंधित चालान किए गए। उन्होंने बताया कि परिवहन एवं सडक सुरक्षा विभाग द्वारा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों से समझाइश की गई एवं आमजन को यातायात नियमों की जानकारी प्रदान की गई। साथ ही सीटबेल्ट, हैलमेट का उपयोग नहीं करने वाले एवं यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों को गुलाब के फूल व चॉकलेट देकर यातायात नियमों की पालना करने हेतु प्रोत्साहित किया गया तथा सडक जन जागरूकता बढाने हेतु 390 लोगों को यातायात नियमों की जानकारी वाली पुस्तिका व पम्पलेट वितरित किए गए। इसी प्रकार बख्तल की चौकी, कृषि उपज मण्डी एवं एमआईए के आसपास वाले क्षेत्रों में 70 ट्रेक्टर ट्रॉलियों पर रिफलेक्टिव टेप एवं गैर मोटर चलित वाहनों एवं मवेशियों पर आवश्यकतानुसार 230 रिफलेक्टिव टेप लगाए गए। वहीं अशोक लीलैण्ड एवं हैवल्स कम्पनी के 100 कामिकों के दुपहिया वाहनों पर रिफलेक्टिव टेप लगाई गई।

# ज्ञान वाहन से बच्चों को मिल रहा शिक्षा और संस्कारों का संबल

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** ज्ञान वाहन से बच्चों को मिल रहा शिक्षा और संस्कारों का संबल। नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से निराश्रित एवं सरकारी स्कूलों में नियमित रूप से अध्ययन से वंचित बच्चों के लिए संचालित ज्ञान संस्कार वृक्ष विद्यालयों में चलाया जा रहा ज्ञान वाहन बच्चों में पुस्तक पढ़ने और सीखने की आदत को मजबूत कर रहा है। अलवर सांसद एवं केंद्रीय मंत्री भूपेन्द्र यादव की ओर से प्रारंभ किए गए इस ज्ञान वाहन में बच्चों के लिए अनेक ज्ञानवर्धक पुस्तकें उपलब्ध हैं, साथ ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त ई-लाइब्रेरी भी है, जिससे बच्चे डिजिटल शिक्षा से भी परिचित हो रहे हैं। विद्यालय संचालिका जिज्ञासा सिंह के अनुसार यह पहल बच्चों के सर्वांगीण विकास में अहम भूमिका निभा रही है। बच्चे अब पुस्तकों के साथ-साथ कंप्यूटर और तकनीकी ज्ञान को भी समझने लगे हैं। ज्ञान वाहन की संचालिका प्रतिभा सिंह ने बताया कि अलवर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में इस वाहन के संचालन से सकारात्मक परिणाम सामने आए हैं। यह शिक्षा और ज्ञान की अलख जगाने का एक अनोखा प्रयास है, जिसमें ज्ञान वाहन सीधे उन बस्तियों तक पहुंचता है, जहां शिक्षा के संसाधन सीमित हैं। कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक अभिषेक तनेजा ने कहा कि नेक कमाई फाउंडेशन का उद्देश्य शिक्षा को हर बच्चे तक पहुंचाना है, ताकि कोई भी बच्चा ज्ञान से वंचित न रहे।

## निःशुल्क नेत्र जॉच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित होगा 10 जनवरी को

**अलवर।** श्री अग्रवाल महासभा, अलवर द्वारा आयोजित निःशुल्क नेत्र जॉच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर श्रीमती बर्फी देवी पुरुषोत्तमदास श्री अग्रसेन धर्मार्थ चिकित्सालय 95 आर्य नगर, स्कीम नं. 01, राम वाटिका पार्क के पास, में वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ0 सुनील चौहान, डॉ0 मधु स्वरूप सक्सैना एवं नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ0 दीपा जैन, डॉ0 सुनील खण्डेलवाल निःशुल्क स्वास्थ्य परार्मश देगे। शिविर में काला पानी (ग्लूकोमा), पुतली के रोग, काले मोतिया की जॉच, मोतियाबिन्द, लालीपन व जलन की जॉचे उपलब्ध रहेगी एवं उपलब्धतानुसार निःशुल्क दवाईयाँ भी दी जावेगी। महासभा अध्यक्ष अतुल किशोर गुप्ता ने बताया कि दिनांक 10 जनवरी 2026 शनिवार को प्रातः 10:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क नेत्र जॉच करा सकते है। ऑपरेशन योग्य रोगियों की जॉच एवं लेंस प्रत्यारोपण राजीव गांधी सामान्य चिकित्सालय अलवर में दिनांक 12 जनवरी 2026 को निःशुल्क RMRS के तत्वावधान में किये जायेगे। महासभा मंत्री विजय कुमार अग्रवाल ने कैम्प में आने वाले सभी मरीजों से अपील कि वो अपनी पुरानी जॉचे व डॉ0 की पर्ची अवश्य साथ लावे।

# सरकार की 2 साल की परफॉर्मेंस तय करेगा आगामी बजट सत्र

## कर्जे और कुप्रबंधन पर सरकार को घेरने की पूरी तैयारी - नेता प्रतिपक्ष जूली

जयपुर टाइम्स



**अलवर/जयपुर(निसं.)।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने आगामी बजट सत्र को लेकर राज्य सरकार पर कड़े प्रहार किए हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायक दल ने सरकार को घेरने की पूरी तैयारी कर ली है और यह सत्र सरकार के दो साल के कामकाज का रिपोर्ट कार्ड तय करेगा। जूली ने मीडिया से बातचीत में राज्य सरकार की विफलताओं को उजागर किया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि इस सरकार की एक नई परिपाटी बन गई है, पहले बजट में बढ़ा-चढ़ाकर घोषणाएं करना और बाद में 'फिजिबिलिटी नहीं है' (साध्य नहीं है) का हवाला देकर उन्हें निरस्त कर देना। इतिहास में पहली बार ऐसा हो रहा है कि घोषणा के बाद फिजिबिलिटी चेक की जा रही है, जबकि यह काम पहले होना चाहिए। आगामी बजट भी महज एक औपचारिकता रहने वाला है। आरोप : कर्ज में डूबा राजस्थान और आर्थिक कुप्रबंधन जूली ने बताया कि विपक्ष ने सरकार के वित्तीय कुप्रबंधन की पूरी डिटेलिंग कर ली है। एफआरबीएम (FRBM) की लिमिट पार की जा रही है और जनता की गाढ़ी कमाई का बड़ा हिस्सा केवल ब्याज चुकाने में जा रहा है। केंद्र और राज्य सरकार में होड़ मची है कि कौन देश और प्रदेश को ज्यादा कर्ज में डुबो सकता है। कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोई सुरक्षित नहीं है। अस्पतालों में आग लग रही है, स्कूल गिर रहे हैं, सड़कों पर डंपर कुचल रहे हैं और गैंगस्टर्स खुलेआम गोलियां चला रहे हैं। जनहित की योजनाएं ठप हैं, पेंशन, पालनहार और स्कॉलरशिप समय पर नहीं मिल रही। किसान यूरिया, बीज और खाद के लिए तरस रहा है। भर्तियां अटकी हुई हैं।

जूली ने आरोप लगाया कि सरकार में ब्यूरोक्रेसी इतनी हावी हो चुकी है कि मंत्रियों और विधायकों की भी सुनवाई नहीं हो रही है। सत्ता और संगठन में भयंकर टकराव है। मंत्री कलेक्टर से लड़ रहे हैं और अधिकारी केंद्रीय मंत्रियों के पत्र तक को नजरअंदाज कर रहे हैं। प्रोटोकॉल का उल्लंघन किया जा रहा है, विधायक पीछे खड़े रहते हैं और कलेक्टर सीट पर बैठे रहते हैं।

# राष्ट्र निर्माण और सनातन धर्म की रक्षा के प्रतिबिंब हैं वासुदेव देवनानी

**वर्ष 2003 में विधायक बनने से पहले करीब 30 साल तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में महामंत्री उपाध्यक्ष और अध्यक्ष पद पर रहे**

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के राजस्थान प्रांत के प्रचारक रहे, वसुंधरा राजे के दोनों शासनकाल में मंत्री रहे, मंत्री रहते शिक्षा विभाग में कई नवाचार किया और अब राजस्थान विधानसभा के स्पीकर पद पर निभा रहे शानदार भूमिका

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कासं.)।** राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की गिनती प्रदेश भाजपा के टॉप नेताओं में होती है, इन्हें त्याग, तपस्या, राष्ट्र भक्ति, राष्ट्र निर्माण और सामाजिक सरोकार का प्रतिबिंब माना जाता है इनके जीवन मूल्य में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और संघ की संपूर्ण पाठशाला नजर आती है हालांकि इनका जन्म आजाद भारत में हुआ लेकिन विभाजन की विभीषिका में बचपन में अपने पिता को जिन कठिन और विपरीत परिस्थितियों और मुश्किलों में जीते और कठिन संघर्ष करते देखा उन क्षणों को अब तक नहीं भूले हैं लेकिन इतना जरूर है अपने माता-पिता की प्रेरणा और परिवार से मिले संस्कारों, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में कार्य करने के दौरान इन्हें जो शारीरिक और मानसिक मजबूती और आत्म संतुष्टि मिली उसी का परिणाम है कि आज भी यह बड़ी से बड़ी मुश्किल और परेशानी को अपने सामने टिकने नहीं देते वर्ष 2003 में अजमेर उत्तर विधानसभा सीट पर पहली बार भाजपा का विधायक चुने जाने से पहले करीब 30 साल तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में मंत्री उपाध्यक्ष और प्रदेश अध्यक्ष जैसे पद पर विराजमान रहे इसके अलावा सिर्फ 10 साल की आयु में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में जाकर नैतिक आचरण और जीवन मूल्य का मतलब समझने में जुट गए थे बचपन से शुरू हुआ संघ का यह सफर आज तक बरकरार है आज प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं में होती है पांच बार लगातार अजमेर उत्तर से विधायक चुने जाते रहे हैं और वर्तमान में राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष पद पर नियुक्त हैं इससे पहले वर्ष 2003 और 2013 में प्रदेश में वसुंधरा राजे सरकार के मंत्रिमंडल में रहने के दौरान शिक्षा विभाग का नेतृत्व करते हुए इन्होंने शिक्षा विभाग में कई ऐसे नवाचार किया जो आज तक राजस्थान के शिक्षा क्षेत्र में ही नहीं बल्कि देश के शिक्षा क्षेत्र में अपनी विशेष पहचान बनाए हुए है।



### वर्ष 2003 से लेकर अब तक लगातार अजमेर उत्तर विधानसभा सीट से चुने जा रहे विधायक

वासुदेव देवनानी ने वर्ष 2003 में अजमेर उत्तर से पहली बार भारतीय जनता पार्टी की टिकट पर चुनाव लड़ा और पहले ही चुनाव में इनका मुकाबला कांग्रेस के एक ऐसे मजबूत उम्मीदवार से हो रहा था जो अपने सामाजिक सरोकारों के कार्यों से तो लोकप्रिय थे ही इसके अलावा आर्थिक रूप से भी काफी मजबूत थे जबकि देवनानी के पास चुनाव लड़ने के लिए ज्यादा पैसा नहीं था लेकिन क्षेत्र के संघ के कार्यकर्ताओं की मेहनत और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की मजबूत पृष्ठभूमि की वजह से इन्हें अपने पहले ही चुनाव में सफलता मिली जिसके बाद 2008, 2013, 2018 और 2023 के चुनाव में भी इन्होंने इसी विधानसभा सीट से सफलता हासिल की इस तरह से अब तक पांच बार लगातार विधायक चुने गए हैं जो यह बताता है कि यह अपने इलाके के लोगों में कितने लोकप्रिय नेता के रूप में स्थापित है । जानकारी के अनुसार वर्ष 2018 के चुनाव में देवनानी ने अजमेर उत्तर से 67881 वोटो से जीत दर्ज की इससे पहले वर्ष 2013 के चुनाव में गोपाल बाहेती को वोटो से हराया और 2008 के विधानसभा चुनाव में देवनानी ने गोपाल बाहेती को मात्र 688 वोटो से हराया था वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में देवनानी ने अजमेर उत्तर से ही कांग्रेस पार्टी के महेंद्र सिंह रलावता को 4682 वोटो से हराया इस तरह से अजमेर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोगों के दिलों पर वर्ष 2003 से देवनानी एक छत्र राज कर रहे हैं अपने क्षेत्र में सामाजिक सरोकारों के कार्यों में हमेशा अग्रणी रहे हैं और बड़े पैमाने पर अपने क्षेत्र में ही नहीं बल्कि अजमेर में विकास कार्य संपादित करवाए इसलिए अजमेर के श्रेष्ठ राजनेताओं में इनकी गिनती होती है इस दौरान वर्ष 2003 और 2013 में वसुंधरा राजे मंत्रिमंडल के सदस्य भीरहे।

### राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आदेश पर चुनाव लड़ा अन्यथा संघ में ही रहकर जीवन गुजारना चाहते थे

बताया गया है कि वासुदेव देवनानी ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को ही अपना घर मान लिया था और वे संघ में ही अपना पूरा जीवन बिताना चाहते थे संघ के कार्यों में इन्होंने खुद को इतना व्यस्त कर लिया था कि इन्होंने अपने निजी जीवन, परिवार और ख्वाहिशें के बारे में कभी ज्यादा सोचा ही नहीं इसलिए इनका राजनीति में आने का तो बिल्कुल भी विचार नहीं था लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के नीति निर्धारकों ने इन्हें चुनाव लड़ने के निर्देश दिए इसलिए संघ के नीति निर्धारकों के आदेश की पालन करना जरूरी था इसलिए इन्होंने वर्ष 2003 में भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ा और चुनाव जीता इस तरह से इनकी भारतीय जनता पार्टी में दमदार तरीके से एंट्री हुई।



### हायर सेकेंडरी में पहली बार पैंट पहनी और साइकिल पर भी हुए सवार

: वासुदेव देवनानी के बारे में कहा जाता है कि इनका बचपन काफी कठिनाइयों और संघर्ष में बीता था एक तरफ इनके पिता भारत पाकिस्तान बंटवारे की विभीषिका को झेलते हुए अपने परिवार का मुश्किल से लालन-पालन कर पा रहे थे इनके पिता ने पोस्ट ऑफिस में शुरू में छोटे पद पर कार्य किया फिर क्लर्क बने और बाद में पोस्ट मास्टर भी बने लेकिन भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बाद जिन मुसीबत का सामना करना पड़ा उन्हें शब्दों में बयां करना काफी मुश्किल है इसलिए खुद देवनानी भी कहते हैं कि जब 11वीं कक्षा में पहुंचे तब इन्होंने पहली बार फुल पैंट पहनी थी और पहली बार साइकिल भी ली इससे पहले कई किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल की शिक्षा ग्रहण की इस दौरान इनके माता-पिता अजमेर में एक छोटे से मकान के छोटे से कमरे में किराए में रहते थे जिसमें बिजली भी नहीं थी इसलिए पड़ोस में पार्क में जाकर पार्क की लाइट में देवनानी स्कूल की पढ़ाई किया करते थे इस तरह से देवनानी का बचपन और स्कूली शिक्षा बहुत ही कठिन और संघर्ष में स्थिति में कंपलीट हुई।

### संघ से इतना प्यार हुआ की शादी भी नहीं करना चाहते थे देवनानी

जानकारी के अनुसार अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ इन दो बड़ी संस्थाओं के प्रति देवनानी इतने गंभीर और समर्पित हो गए थे कि जवान होने पर घर वालों ने जब इन पर शादी करने का दबाव डालने लगे तो शादी से इनकार करने लगे घर परिवार में जब आपस में माता-पिता और अन्य परिजनों के बीच इनकी शादी को लेकर चर्चा होती तो उस चर्चा में देवनानी शादी करने के लिए साफ मना कर देते लेकिन हर माता-पिता की ख्वाहिश रहती है कि उसकी बेटी की सही समय पर शादी हो इसलिए इनके पिता ने अपने स्तर पर ही देवनानी को बिना बताए जयपुर में इनके लिए लड़की पसंद करके आ गए पसंद करने के दौरान ही देवनानी के पिता ने ही लड़की को सगाई की अंगूठी दे दी और फिर सगाई की बात देवनानी को बताई गई संघ की शाखों में माता-पिता गुरुजनों और बड़ों का मान सम्मान और आदर करने की शिक्षा भी दी जाती है इसलिए देवनानी ने जब देखा कि उनके पिता उनकी सगाई पक्की करके आ गए हैं तो अब देवनानी के सामने पिता की आज्ञा का पालन करना बहुत जरूरी हो गया था इसलिए वे शादी के लिए राजी हो गए और फिर जयपुर निवासी इंदिरा देवी से उनकी शादी हुई।देवनानी बताते हैं कि संघ में लाखों की संख्या में ऐसे लोग भी हुए हैं जिनके बारे में लोग ज्यादा जानते नहीं हैं बहुत से लोग गुमनाम रहे लेकिन इन लोगों ने संघ की सेवा को सर्वोपरि मानते हुए संघ को ही अपना पूरा समय दिया और बहुत लोग ऐसे हैं जिन्होंने अपनी शादी तक नहीं की और पूरा जीवन संघ की सेवा करने में ही बिता दिया कुछ इसी तरह के रास्ते पर युवा अवस्था में देवनानी भी चल पड़े थे लेकिन उनके पिता ने जब आगे बढ़कर खुद अपने स्तर पर ही उनकी सगाई तय कर दी तो फिर देवनानी के पास शादी करने के अलावा कोई दूसरा विकल्प बचा भी नहीं था लेकिन शादी के बाद भी देवनानी संघ और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद को पहले की तरह ही पूरा समय देते रहे और समर्पित भाव से इन दोनों ही संस्थाओं की सेवा करते ।

## करीब 30 साल अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की समर्पित भाव से सेवा की

जानकारी के अनुसार वासुदेव देवनानी करीब 30 साल तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में जबरदस्त तरीके से सक्रिय रहे और कई बड़े पदों पर परिषद में इन्होंने कार्य करते हुए राजस्थान भर में परिषद को मजबूती प्रदान करने और परिषद का विस्तार करने में बड़ी भूमिका निभाई देवनानी के परिषद के प्रति समर्पित और कर्मठ भाव को देखकर ही परिषद के केंद्रीय पदाधिकारी ने इन्हें अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की राजस्थानी इकाई में मंत्री उपाध्यक्ष और अध्यक्ष पद पर बिताया देवनानी 1985 से 1992 करीब 7 साल तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद राजस्थानी इकाई के अध्यक्ष रहे इसके अलावा 1974 से 1985 तक देवनानी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में मंत्री और उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त रहे देवनानी कॉलेज और यूनिवर्सिटी की पढ़ाई के दौरान उदयपुर, जोधपुर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संगठन को गति देने में अग्रणी रहे देवनानी ने जोधपुर की बी.एम.बी इंजीनियरिंग कॉलेज से बी. ई.डिग्री हासिल की इस हाई प्रोफाइल पढ़ाई के दौरान भी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दोनों की समर्पित और कर्मठ भाव से सेवा करते रहे यहां तक की हॉस्टल में भी संघ की शाखा का आयोजन करके संघ के विस्तार को गति देने में व्यस्त रहे कहा जाता है कि देवनानी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और संघ को लेकर इतने गंभीर और समर्पित थे कि उन्होंने यह सोच लिया था कि अगर शिक्षा के क्षेत्र में रहेंगे तो इन दोनों ही संस्थाओं की अच्छी तरह से सेवा कर सकेंगे इसलिए पहले स्टूडेंट रहते हुए और फिर बाद में उन्होंने एजुकेशन में ही अपना करियर आगे बढ़ाया देवनानी उदयपुर में पॉलिटेक्निक कॉलेज में भी बड़े पद पर रहे इसलिए शिक्षा के क्षेत्र में रहने के दौरान इनके पास अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और संघ दोनों की सेवा करने के लिए पर्याप्त समय रहता था यही वजह रही की शिक्षा के अलावा देवनानी ने किसी अन्य क्षेत्र में अपना करियर बनाने के बारे में नहीं सोचा जबकि इनके पास अच्छी डिग्री थी चाहते तो अच्छे पैकेज पर अच्छी नौकरी दूसरे सेक्टर में कर सकते थे लेकिन अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और संघ दोनों के प्रति इतने समर्पित थे कि इन्होंने किसी दूसरे क्षेत्र में कार्य करने के बारे में सोचा ही नहीं इस तरह से करीब 30 साल तक देवनानी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में जबरदस्त तरीके से सक्रिय रहे इस दौरान देवनानी संघ में भी जोर-शोर से कार्य करतेरहे ।

### वर्ष 2002 से 2003 तक राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय प्रचारक रहे

वासुदेव देवनानी का जन्म 1948 में अजमेर में हुआ 1958 में 10 साल की आयु में इन्होंने संघ की शाखों में जाना शुरू जो अब तक इनके जीवन का अहम हिस्सा बनी हुई है संघ के प्रणेता माधव राज गोलवाकर का भी इन्हें सानिध्य आशीर्वाद और निर्देशन मिला इसके अलावा समय-समय पर संघ के सभी बड़े लोगों का इन्हें आशीर्वाद और मार्गदर्शन मिला संघ का नागपुर मुख्यालय देवनानी के संघ के प्रति निष्ठा भाव और समर्पित भाव से हमेशा वाकिफ रहा क्योंकि देवनानी ने राजस्थान में संघ के विस्तार संघ की नीतियों सिद्धांतों कार्य पद्धतियों संघ के आचार विचार इत्यादि का प्रचार प्रसार करने में अपनी ओर से कोई कसर बाकी नहीं छोड़ी पूरे राजस्थान भर में इन्होंने कई सालों तक गांव-गांव और शहर शहर गए तथा संघ के विस्तार को तेजी से गति देते रहे संघ के विस्तार में देवनानी के प्रयास और इनकी निष्ठा सेवा भाव से संघ का नागपुर मुख्यालय भी हमेशा प्रभावित रहा इसीलिए वर्ष 2000 से 2003 तक देवनानी को संघ का राजस्थान प्रांतीय प्रचारक नियुक्त किया गया अपनी इस नियुक्ति को देवनानी ने सार्थक साबित करके भी दिखाया और पूरे प्रदेश भर में जबरदस्त भ्रमण करके संघ का विस्तार किया इस दौरान देवनानी कई बार सिर्फ एक कचोरी के नाश्ते से ही पूरा दिन गुजार देते थे कभी-कभी सिर्फ एक समय का भोजन नसीब हो पता था और कई कई किलोमीटर पैदल और दुर्गम रास्तों से होकर गांव गांव जाना पड़ा लेकिन तमाम तरह की मुश्किलों को पार करते हुए इन्होंने संघ की सेवा की संघ के नागपुर मुख्यालय ने इन्हें जो निर्देश दिया उस निर्देश को ईश्वर का आदेश मानकर पूरा किया देवनानी खुद भी कहते हैं कि उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और संघ इन दोनों ही संस्थानों में कार्य करने के दौरान करीब 50 साल तक पूरे प्रदेश में दौरे किए हर कोने में गए हर दिशाओं में गए इसीलिए देवनानी को आज भी संघ समर्पित भाजपा नेता कहा जाता है।

### स्पीकर पद की संस्कृत में शपथ लेकर खुद की सनातन धर्म के प्रति अपनी गहरी निष्ठा दिखाई

वासुदेव देवनानी का पूरा जीवन संघ और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में गुजारा है इसलिए सनातन धर्म नैतिक आचरण राष्ट्र प्रेम, राष्ट्र निर्माण, सामाजिक सांस्कृतिक, विकास जैसे विषयों पर शुरू से ही विशेष फोकस रहा देवनानी जब शिक्षा मंत्री थे तब भी विधानसभा में यही कहा करते थे कि शिक्षा का स्वरूप ऐसा हो जिसकी वजह से हम श्रेष्ठ नागरिक तैयार कर सकें इसलिए देवनानी ने राजस्थान विधानसभा में जब भी विधायक पद की शपथ ली तब उन्होंने संस्कृत में शपथ लेकर सबको चकित कर दिया संस्कृत में शपथ लेकर देवनानी विधानसभा के सभी सदस्यों को यह संदेश देने की कोशिश की की संस्कृत में हमारे पुराने भारत की आत्मा का वास है इस संस्कृत भाषा में एक श्रेष्ठ नागरिक के निर्माण की अवधारणा बसी हुई है यह वह भाषा है जिसके माध्यम से हमारा सनातन धर्म जिंदा है जिसमें देवी देवताओं का वास है इसीलिए राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष पद पर देवनानी ने संस्कृत भाषा में ही शपथ ली वैसे भी संघ की विचारधारा में सनातन धर्म सर्वोपरि है इसलिए सनातन धर्म की रक्षा और सनातन धर्म के विस्तार के लिए देवनानी हमेशा समर्पित भाव से सक्रिय रहे देवनानी सिंधी समाज से ताल्लुक रखते हैं लेकिन सनातन धर्म के प्रति उनकी आस्था अटूट है काफी धार्मिक प्रवृत्ति के हैं नियमित रूप से पूजा पाठ करते हैं और अपने नैतिक आचरण को जीवन मूल्यों का अहम हिस्सा मानते हैं सामाजिक सरोकारों के कार्यों में हमेशा आगे रहते हैं दीन दुखियों की सेवा करना गरीब और मजदूर परिवारों के बच्चों को आर्थिक संबल देना उनकी दिनचर्या का हिस्सा है देवनानी ने कुछ मैंने पहले ही अजमेर में एक निजी स्कूलों में पढ़ने वाले कई निर्धन बच्चों की स्कूल की फीस चुकाने की जिम्मेदारी खुद ली है और स्कूल प्रशासन को फीस का नगद भुगतान भी किया यह सेवा भाव और सामाजिक सरोकारों के कार्यों के प्रति जो भाव देवनानी के मन में है वह सिर्फ सनातन धर्म की वजह से ही ।

### अकबर महान का पाठ देवनानी ने ही पाठ्यक्रम से हटवाया था

वासुदेव देवनानी प्रदेश में वर्ष 2003 और 2013 में वसुंधरा राजे सरकार के मंत्रिमंडल के सदस्य रहे इस दौरान इन्हें शिक्षा विभाग की जिम्मेदारी दी गई और शिक्षा विभाग में देवनी की ओर से किए गए नए प्रयोग और नवाचार आज भी राजस्थानी नहीं बल्कि पूरे देश में शिक्षा के क्षेत्र में याद किए जाते हैं देवनानी ने माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के पाठ्यक्रम से अकबर महान का पाठ हटवाया जो पूरे देश में शिक्षा के क्षेत्र में एक बड़ा निर्णय और बदलाव माना गया बाद में राजस्थान की तर्ज पर हिंदुस्तान में कई अन्य राज्यों में भी अकबर महान के पाठ को स्कूलों के पाठ्यक्रम से हटा दिया गया इसी तरह से शिक्षा मंत्री के रूप में इन्होंने गुणवत्ता ,शिक्षा ,मौलिक शिक्षा, सामाजिक और सांस्कृतिक शिक्षा तकनीकी शिक्षा नैतिक आचार विचार राष्ट्र प्रेम राष्ट्र भक्ति जैसे विषयों पर छात्रों के सर्वांगीण विकास पर ज्यादा जोर दिया गया तथा अच्छे स्कूल भवन साफ सफाई शौचालय खेल मैदान अच्छा माहौल स्वच्छ माहौल तथा छात्रों के साथ शिक्षकों के अच्छे नैतिक आचरण जैसे विषयों पर शिक्षा मंत्री के तौर पर देवनानी का विशेष फोकस रहा इसलिए इनके कार्यकाल में शिक्षा विभाग में उत्कृष्ट कार्य हुए जिन्हें शिक्षा जगत से जुड़े लोग देवनानी के इन कामों की आज भी प्रशंसा करते हैं ।

### 10 साल की आयु में ही संघ की शाखों में जाना कर दिया था शुरू

जानकारी के अनुसार वासुदेव देवनानी जब 10 साल के थे तब से ही इन्होंने अजमेर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की शाखा में जाना शुरू कर दिया था देवनानी के पिता खुद संघ से जुड़े हुए थे और संघ से जुड़े लोगों का इनके पिता के पास आना जाना लगा रहता था इसलिए जब देवनानी 10 साल के थे तब संघ से जुड़े एक बड़े पदाधिकारी इनके पिता से मिलने आए थे जो खुद इन्हें पार्क में अपने साथ संघ की शाखा में लेकर गए उस दिन के दिन से लेकर अब तक देवनानी संघ के प्रति पूरी तरह से समर्पित रहे हैं बचपन में संघ की शाखों में बच्चों को खेलना कूदना सीखने के साथ-साथ लाठी चलाना राष्ट्रीय गीत और राष्ट्रगान वादन तथा महान हस्तियां के जीवन चरित्र के बारे में संघ की शाखों में संघ से जुड़े बड़े लोग बच्चों को जानकारी दिया करते थे जिसकी वजह से नई-नई जानकारियां और संघ में जो आचार विचार की शिक्षा दी जाती थी उससे देवनानी बचपन में ही काफी प्रभावित हो गए इसलिए उनका संघ के प्रति जुड़ाव रोजाना बढ़ता रहा देवनानी जैसे-जैसे बड़े होते गए वैसे-वैसे संघ के प्रति इनका निष्ठा भाव और जुड़ाव बढ़ता गया ।

### वर्ष 2025 का साल देवनानी को आजीवन दर्द भी दे गया

वासुदेव देवनानी और उनकी पत्नी इंदिरा देवी दोनों के बीच बहुत अच्छी अंडरस्टैंडिंग थी इंदिरा देवी खुद सेवानिवृत शिक्षिका थीं लेकिन अपने पति के व्यस्त जीवन में उन्होंने कभी भी अड़चन नहीं डाली और हमेशा पति का साथ देती रही उनका सहयोग करती रही राजनीति में आने से पहले और राजनीति में आने के बाद दोनों ही परिस्थितियों में देवनानी घर पर बहुत कम रहते थे कई कई दिनों तक भ्रमण करते रहते थे लेकिन इसके बावजूद भी इंदिरा देवी ने कभी भी उनसे किसी भी तरह की कोई शिकायत और ख्वाहिश नहीं की इसलिए दोनों पति-पत्नी एक दूसरे का काफी मान सम्मान करते थे लेकिन वर्ष 2025 में इंदिरा देवी का कुछ महीने पहले उपचार के दौरान जयपुर में निधन हो गया जयपुर में सरकारी आवास पर अचानक गिरने की वजह से इंदिरा देवी बेहोश हो गई थी उन्हें उपचार के लिए सवाई मानसिंह अस्पताल में लाया गया जहां पर कुछ दिनों तक उनका उपचार भी चला लेकिन अंतत उनकी मृत्यु हो गई इसलिए वर्ष 2025 का यह साल देवनानी के लिए एक तरह से आजीवन दर्द जरूर दे गया है लेकिन इतना बड़ा दुख मिलने के बाद भी देवनानी अब भी शारीरिक और मानसिक रूप से काफी मजबूत हैं और राजस्थान विधानसभा में बहुत ही शानदार तरीके से स्पीकर पद की जिम्मेदारी निभा रहे हैं ।

### आपातकाल में संघ से जुड़े परिवारों की देखभाल में खुद को पूरी तरह से समर्पित किया

कहा जाता है कि देश में इमरजेंसी के दौरान देशभर में संघ से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी की गई थी उसमें कुछ घंटे के लिए वासुदेव देवनानी को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया था लेकिन पूछताछ करने के बाद देवनानी को छोड़ दिया गया इस दौरान संघ के कई लोगों को पुलिस ने अरेस्ट कर लिया था इसलिए संघ से जुड़े जो लोग जेल में रहे उनके परिवारों के खाने-पीने की व्यवस्था को सुनिश्चित करने में देवनानी ने अपने स्तर पर कोई कमी बाकी नहीं छोड़ी हालांकि पुलिस का मजबूत पहरा हुआ करता था लेकिन इसके बावजूद भी देवनानी गुपचुप में खाने-पीने की सामग्री और अन्य समान दवाइयां इत्यादि संघ से जुड़े लोगों के परिवारों को उपलब्ध करवाते रहे करीब 19 महीना तक देवनानी ने संघ से जुड़े उन परिवारों की खूब सेवा की जिनके मुखिया को इमरजेंसी में जेल में डाल दिया गया था वासुदेव देवनानी विधानसभा अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी को बहुत ही शानदार तरीके से निभा रहे हैं विपक्ष खुद भी जानता है कि देवनानी एक कुशल निष्पक्ष और अच्छे राजनेता हैं और निष्पक्ष फैसला लेते हैं लेकिन विपक्ष होने के नाते कांग्रेस के नेता मजबूरन देवनानी पर निष्पक्ष नहीं होने का एलिगेशन भी लगा देते हैं क्योंकि यह उनकी मजबूरी है लेकिन देखा जाए तो प्रदेश की भजनलाल सरकार में अब तक जितने भी विधानसभा के सत्र हुए हैं उन सभी सत्र में देवनानी ने बहुत ही अच्छी तरह से सदन की कार्रवाई को संपादित करवाया है निष्पक्ष तरीके से उन्होंने सदन को चलाया है अगर मंत्री की ओर से सदन के सदस्यों का ठीक तरह से जवाब नहीं दिया जाता है तो बाकायदा देवनानी मंत्री को फटकार भी लगते हैं इसके अलावा अगर कोई सदस्य विधानसभा के नियम के विरुद्ध आचरण दर्शाता है तो उसे पहले चेताया जाता है बार-बार आग्रह और अपील करने के बावजूद भी अगर कोई विधायक सदन की कार्य में बाधा पहुंचती है तो फिर उसके खिलाफ कड़ा एक्शन भी लेते हैं कड़ा एक्शन लेने में कभी भी पक्षपात नहीं करते सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को एक ही निगाहों से देखते हैं।

### अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन में भी वासुदेव देवनानी की सक्रिय भूमिका रही

अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन में भी वासुदेव देवनानी की सक्रिय भूमिका रही लालकृष्ण आडवाणी की अयोध्या यात्रा में एक क्षेत्र की जिम्मेदारी देवनानी को दी गई थी इस जिम्मेदारी को देवनानी ने बखूबी से निभाया तथा अयोध्या के राम मंदिर के लिए चाहे धनराशि एकत्रित करने की बात हो या फिर कार सेवकों को एकत्रित करके उन्हें जिम्मेदारी देने की बात हो राम मंदिर से जुड़े हर आंदोलन और हर विषय में देवनानी की अग्रज भूमि का रही है अयोध्या में कारसेवा के लिए देवनानी अपने समर्थकों और अन्य कार सेवकों के साथ कानपुर तक चले गए थे लेकिन वहां पर पुलिस ने इन्हें हिरासत में ले लिया ।

## कहानी

### गजराज और मूषकराज

प्राचीन काल में एक नदी के किनारे बसा नगर व्यापार का केन्द्र था। फिर आए उस नगर के बुरे दिन, जब एक वर्ष भारी वर्षा हुई। नदी ने अपना रास्ता बदल दिया। लोगों के लिए पीने का पानी न रहा और देखते ही देखते नगर वीरान हो गया अब वह जगह केवल चूहों के लायक रह गई। चारों ओर चूहे ही चूहे नजर आने लगे। चूहो का पूरा साम्राज्य ही स्थापित हो गया। चूहों के उस साम्राज्य का राजा बना मूषकराज चूहा। चूहों का भाग्य देखो, उनके बसने के बाद नगर के बाहर जमीन से एक पानी का स्त्रोत फूट पड़ा और वह एक बड़ा जलाशय बन गया। नगर से कुछ ही दूर एक घना जंगल था। जंगल में अनगिनत हाथी रहते थे। उनका राजा गजराज नामक एक विशाल हाथी था। उस जंगल क्षेत्र में भयानक सूखा पड़ा। जीव-जन्तु पानी की तलाश में इधर-उधर मारे-मारे फिरने लगे। भारी भरकम शरीर वाले हाथियों की तो दुर्दशा हो गई। हाथियों के बच्चे प्यास से व्याकुल होकर चिल्लाने व दम तोड़ने लगे। गजराज खुद सूखे की समस्या से चिंतित था और हाथियों का कष्ट जानता था। एक दिन गजराज की मित्र चील ने आकर खबर दी कि खंडहर बने नगर के दूसरी ओर एक जलाशय हैं। गजराज ने सबको तुरंत उस जलाशय की ओर चलने का आदेश दिया। सैकड़ों हाथी प्यास बुझाने ड़ोलते हुए चल पड़े। जलाशय तक पहुंचने के लिए उन्हें खंडहर बने नगर के बीच से गुजरना पड़ा। हाथियों के हजारों पैर चूहों को रौंदते हुए निकल गए। हजारों चूहे मारे गए। खंडहर नगर की सड़कें चूहों के खून-मांस के कीचड़ से लथपथ हो गई। मुसीबत यहीं खत्म नहीं हुई। हाथियों का दल फिर उसी रास्ते से लौटा। हाथी रोज उसी मार्ग से पानी पीने जाने लगे। काफी सोचने-विचारने के बाद मूषकराज के मंत्रियों ने कहा 'महाराज, आपको ही जाकर गजराज से बात करनी चाहिए। वह दयालु हाथी हैं।' मूषकराज हाथियों के वन में गया। एक बड़े पेड़ के नीचे गजराज खड़ा था। मूषकराज उसके सामने के बड़े पत्थर के ऊपर चढा और गजराज को नमस्कार करके बोला 'गजराज को मूषकराज का नमस्कार। हे महान हाथी, मैं एक निवेदन करना चाहता हूं।' आवाज गजराज के कानों तक नहीं पहुंच रही थी। दयालु गजराज उसकी बात सुनने के लिए नीचे बैठ गया और अपना एक कान पत्थर पर चढे मूषकराज के निकट ले जाकर बोला 'नन्हें मियां, आप कुछ कह रहे थे। कर्पिंया फिर से कहिए।' मूषकराज बोला 'हे गजराज, मुझे चूहा कहते हैं। हम बड़ी संख्या में खंडहर बनी नगरी में रहते हैं। मैं उनका मूषकराज हूं। आपके हाथी रोज जलाशय तक जाने के लिए नगरी के बीच से गुजरते हैं। हर बार उनके पैरों तले कुचले जाकर हजारों चूहे मरते हैं। यह मूषक संहार बंद न हुआ तो हम नष्ट हो जाएंगे।' गजराज ने दुख भरे स्वर में कहा 'मूषकराज, आपकी बात सुन मुझे बहुत शोक हुआ। हमें ज्ञान ही नहीं था कि हम इतना अनर्थ कर रहे हैं। हम नया रास्ता ढूढ लेंगे।' मूषकराज कर्तिंज्ञता भरे स्वर में बोला 'गजराज, आपने मुझ जैसे छोटे जीव की बात ध्यान से सुनी। आपका धन्यवाद। गजराज, कभी हमारी जरुरत पड़े तो याद जरुर कीजिएगा।' गजराज ने सोचा कि यह नन्हा जीव हमारे किसी काम क्या आएगा। सो उसने केवल मुस्कुराकर मूषकराज को विदा किया। कुछ दिन बाद पड़ौसी देश के राजा ने सेना को मजबूत बनाने के लिए उसमें हाथी शामिल करने का निर्णय लिया। राजा के लोग हाथी पकड़ने आए। जंगल में आकर वे चुपचाप कई प्रकार के जाल बिछाकर चले जाते हैं। सैकड़ों हाथी पकड़ लिए गए। एक रात हाथियों के पकड़े जाने से चिंतित गजराज जंगल में घूम रहे थे कि उनका पैर सूखी पत्तियों के नीचे छल से दबाकर रखे रस्सी के फंदे में फंस जाता हैं। जैसे ही गजराज ने पैर आगे बढाया रस्सा कस गया। रस्से का दूसरा सिरा एक पेड़ के मोटे तने से मजबूती से बंधा था। गजराज चिंघाड़ने लगा। उसने अपने सेवकों को पुकारा, लेकिन कोई नहीं आया।कौन फंदे में फंसे हाथी के निकट आएगा? एक युवा जंगली भैंसा गजराज का बहुत आदर करता था। जब वह भैंसा छोटा था तो एक बार वह एक गड्ढे में जा गिरा था। उसकी चिल्लाहट सुनकर गजराज ने उसकी जाअन बचाई थी। चिंघाड़ सुनकर वह दौड़ा और फंदे में फंसे गजराज के पास पहुंचा। गजराज की हालत देख उसे बहुत धक्का लगा।

## छिन्न-भिन्न होती विश्व व्यवस्था

*तेल निर्यात पर निर्भर देश की विदेशी मुद्रा आय में भारी गिरावट आई, मुद्रास्फीति बेकाबू हो गई और बुनियादी वस्तुओं की कमी हो गई। स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गईं, कुपोषण बढ़ा और लाखों नागरिक बेहतर जीवन की तलाश में देश छोड़ने को विवश हुए। इससे यह धारणा मजबूत होती है कि नियम आधारित विश्व व्यवस्था की मूल भावना-समानता, न्याय और संप्रभुता का सम्मान खोती जा रही है। विश्व तेजी से एक बहुध्रुवीय संरचना की ओर बढ़ रहा है, क्षेत्रीय शक्तियां अधिक मुखर हो रही हैं। ऐसे समय में भारत एक संतुलनकारी भूमिका निभा सकता है, जो रणनीतिक स्वायत्तता, संवाद और बहुपक्षीयता में विश्वास रखता है। पिछले एक दशक में भारत ने अपनी विदेश नीति को नागरिक-केंद्रित और मानवीय दृष्टिकोण पर आधारित किया है। वैश्विक संघर्षों और ध्रुवीकृत अंतरराष्ट्रीय राजनीति के बीच भारत ने किसी एक पक्ष में कठोरता से खड़े होने के बजाय संघर्षरत सभी पक्षों से संवाद बनाए रखने की नीति अपनाई है।*
*इस संतुलित दृष्टिकोण ने न केवल भारत को एक विश्वसनीय और उत्तरदायी वैश्विक भागीदार के रूप में स्थापित किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि विदेश नीति का अंतिम उद्देश्य शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि मानव जीवन और गरिमा की रक्षा होना चाहिए। भारत ने संकटग्रस्त क्षेत्रों, आपदाग्रस्त देशों को मानवीय सहायता तथा खाद्य, स्वास्थ्य और ऊर्जा सुरक्षा*



आज अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था कमजोर होती जा रही है। कई देश खुले तौर पर अंतरराष्ट्रीय कानूनों का उल्लंघन कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय कानून सभी देशों पर समान रूप से लागू नहीं हो रहे। देश अब अपने हितों के लिए अकेले फैसले ले रहे हैं। दुनिया में युद्ध और हिंसा बढ़ गई है। जो देश नियम आधारित विश्व व्यवस्था की दुहाई देते थे आज वे ही वैश्विक व्यवस्था के लिए संकट बनते जा रहे हैं। नियम आधारित विश्व व्यवस्था का मूल उद्देश्य संप्रभुता का सम्मान, क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा, विवादों का शांतिपूर्ण समाधान और अंतरराष्ट्रीय कानूनों का पालन जैसी प्रमुख बातें थीं। अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं-संयुक्त राष्ट्र, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय, विश्व व्यापार संगठन और बहुपक्षीय संधियां इसी व्यवस्था का मजबूत स्तंभ थीं, परंतु आज स्थिति यह है कि नियमों का पालन केवल तब किया जाता है, जब वे शक्तिशाली देशों के हितों के अनुकूल हों। जहां हित टकराते हैं, वहां नियमों की व्याख्या बदल जाती है या उन्हें अनदेखा कर दिया जाता है। वेनेजुएला और ईरान की घटनाएं दर्शाती हैं कि किस प्रकार आर्थिक प्रतिबंध तथा बाहरी शक्तियों का खुला हस्तक्षेप आज अंतरराष्ट्रीय राजनीति में एक घातक हथियार बन चुका है। वेनेजुएला के मामले में आंतरिक राजनीतिक संकट और लोकतंत्र की दुहाई देते हुए बाहरी शक्तियों ने न केवल खुला राजनीतिक हस्तक्षेप किया है, बल्कि सत्ता परिवर्तन को प्रोत्साहित करने की नीति भी अपनाई। सरकार की वैधता को अंतरराष्ट्रीय मंचों पर चुनौती दी गई, समानांतर सत्ता संरचनाओं को मान्यता दी गई और तेल, वित्तीय लेन-देन तथा विदेशी निवेश पर कठोर प्रतिबंध लगाए गए। इसी प्रकार ईरान पर लगाए गए प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय कानून में समानता और निष्पक्षता के सिद्धांत पर गंभीर सवाल खड़े करते हैं। ईरान एनपीटी का हस्ताक्षरकर्ता है और अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आइएईए) की निगरानी व्यवस्था को स्वीकार करता रहा है। इसके बावजूद उस पर लगाए गए एकतरफा और बहुपक्षीय प्रतिबंधों की तीव्रता यह दर्शाती है कि नियमों की व्याख्या राजनीतिक हितों के अनुसार की जाती है। इन प्रतिबंधों का प्रत्यक्ष प्रभाव वेनेजुएला तथा ईरान की पहले से कमजोर होती अर्थव्यवस्था पर पड़ा। तेल निर्यात पर निर्भर देश की विदेशी मुद्रा आय में भारी गिरावट आई, मुद्रास्फीति बेकाबू हो गई और बुनियादी वस्तुओं की कमी हो गई। स्वास्थ्य सेवाएं चरमरा गईं, कुपोषण बढ़ा और लाखों नागरिक बेहतर जीवन की तलाश में देश छोड़ने को विवश हुए। इससे यह धारणा मजबूत होती है कि नियम आधारित विश्व व्यवस्था की मूल भावना-समानता, न्याय और संप्रभुता का सम्मान खोती जा रही है। विश्व तेजी से एक बहुध्रुवीय संरचना की ओर बढ़ रहा है, क्षेत्रीय शक्तियां अधिक मुखर हो रही हैं। ऐसे समय में भारत एक संतुलनकारी भूमिका निभा सकता है, जो रणनीतिक स्वायत्तता, संवाद और बहुपक्षीयता में विश्वास रखता है। पिछले एक दशक में भारत ने अपनी विदेश नीति को नागरिक-केंद्रित और मानवीय दृष्टिकोण पर आधारित किया है। वैश्विक संघर्षों और ध्रुवीकृत अंतरराष्ट्रीय राजनीति के बीच भारत ने किसी एक पक्ष में कठोरता से खड़े होने के बजाय संघर्षरत सभी पक्षों से संवाद बनाए रखने की नीति अपनाई है। इस संतुलित दृष्टिकोण ने न केवल भारत को एक विश्वसनीय और उत्तरदायी वैश्विक भागीदार के रूप में स्थापित किया है, बल्कि यह भी दिखाया है कि विदेश नीति का अंतिम उद्देश्य शक्ति प्रदर्शन नहीं, बल्कि मानव जीवन और गरिमा की रक्षा होना चाहिए। भारत ने संकटग्रस्त क्षेत्रों, आपदाग्रस्त देशों को मानवीय सहायता तथा खाद्य, स्वास्थ्य और ऊर्जा सुरक्षा जैसे मूलभूत विषयों को प्राथमिकता देकर यह स्पष्ट किया है कि भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा से ऊपर नागरिकों की आवश्यकताएं हैं। इस दृष्टिकोण के माध्यम से भारत ने केवल अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा ही नहीं की, बल्कि विकासशील देशों और वैश्विक दक्षिण की उन चिंताओं को भी अंतरराष्ट्रीय मंचों पर मुखरता से उठाया, जिन्हें लंबे समय तक नजरअंदाज किया जाता रहा। भारत ने अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की संरचनात्मक सीमाओं और प्रतिनिधित्व की कमी की ओर भी लगातार ध्यान आकर्षित किया है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद सहित वैश्विक संस्थाओं में सुधार की मांग इस विश्वास पर आधारित है कि जब तक निर्णय-निर्माण प्रक्रियाएं अधिक समावेशी और न्यायसंगत नहीं होंगी, तब तक वैश्विक शांति और स्थिरता एक अधूरा लक्ष्य बनी रहेगी। आज जब वैश्विक राजनीति टकराव, प्रतिबंधों और सैन्य शक्ति के इर्द-गिर्द सिमटती जा रही है, तब संघर्षों के शांतिपूर्ण समाधान पर जोर देना और संवाद को प्राथमिक साधन मानना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बन गया है। नागरिकों की सुरक्षा, मानवीय गरिमा और विकासात्मक आवश्यकताओं को भू-राजनीतिक हितों से ऊपर रखना ही एक स्थायी और न्यायपूर्ण अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था की आधारशिला हो सकता है। भारत की विदेश नीति इसी दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करती है-

## सम्पादकीय

### कॉलेज में रैगिंग-एक छात्रा, कई आरोपी और एक असफल व्यवस्था




इससे बड़ी विडंबना क्या होगी कि कोई विद्यार्थी अपना भविष्य बेहतर बनाने के सपनों के साथ किसी कालेज में दाखिला ले और वहां परिचय के नाम पर होने वाली प्रताड़ना की वजह से उसकी जान चली जाए। उच्च शिक्षण संस्थानों में किसी भी तरह की रैगिंग के चलन पर पाबंदी है, लेकिन आज भी इसके बहाने अलग-अलग रूप में विद्यार्थियों को जानलेवा शक्ल में प्रताड़ित किए जाने की घटनाएं अक्सर सामने आती रहती हैं। हिमाचल प्रदेश में एक छात्रा के साथ रैगिंग का जैसा मामला सामने आया है, उससे फिर यह सवाल उठा है कि किसी भी रूप में इस चलन का जारी रहना शिक्षा से लेकर समाज तक के कितने हित में है। साथ ही, तमाम सख्ती के बावजूद आज भी इस पर रोक क्यों नहीं लग सकी है? गौरतलब है कि धर्मशाला स्थित एक कालेज की तीन छात्राओं के खिलाफ रैगिंग और मारपीट, जबकि एक प्रोफेसर के विरुद्ध पीड़ित छात्रा के यौन उत्पीड़न के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। दर्ज मामले के मुताबिक, बीते 18 सितंबर को पिटाई और प्रताड़ना की वजह से पीड़ित छात्रा की हालत बिगड़ गई और इलाज के दौरान 26 दिसंबर को उसकी मौत हो गई। इस घटना में शर्मनाक यह भी है कि कालेज के जिस प्राध्यापक को उत्पीड़न की घटना को रोकना चाहिए था, वह खुद भी छात्रा को प्रताड़ित करने में शामिल हो गया। इस घटना में संस्थान भी कठघरे में है, क्योंकि वहां का प्रबंधन रैगिंग के नाम पर होने वाली ऐसी हरकतों पर लगाम लगाने में नाकाम रहा। हिमाचल प्रदेश में यह कोई पहली घटना नहीं है, जिसमें किसी विद्यार्थी को रैगिंग की वजह से जानलेवा हद तक यातना दी गई। करीब डेढ़ दशक पहले राज्य में कांगड़ा के एक कालेज में मेडिकल पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के छात्र अमन काचरू के साथ वहीं के चार वरिष्ठ छात्रों ने रैगिंग के दौरान मारपीट की थी, जिसके बाद उसकी जान चली गई थी। ऐसी कई घटनाओं के जैसे त्रासद नतीजे सामने आए, उससे एक व्यापक बहस खड़ी हुई कि उच्च शिक्षण संस्थानों में नवागंतुक विद्यार्थियों की रैगिंग को क्यों नहीं तुरंत खत्म किया जाना चाहिए। इसी क्रम में कानून के तहत शिक्षण संस्थानों में रैगिंग पर प्रतिबंध लगाए गए और खुद सुप्रीम कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि अगर शिक्षण संस्थानों में रैगिंग की किसी भी तरह की कोई घटना होती है, तो इसकी जिम्मेदारी संस्थान के प्रमुख पर होगी। यह समझना मुश्किल है कि कालेज में कुछ वरिष्ठ कहे जाने वाले विद्यार्थियों के भीतर नए विद्यार्थी को किसी भी रूप में प्रताड़ित करने के मानसिक ढांचे के स्रोत क्या हैं! क्या इसके पीछे किसी नवागंतुक विद्यार्थी के मनोबल को तोड़ देने की मंशा काम करती है? आपसी परिचय या सहजता के नाम पर किसी विद्यार्थी को इस हद तक प्रताड़ित करना कि वह उसके लिए जानलेवा साबित हो, क्या एक सामंती कुंठा का परिचायक नहीं है? अगर परिचय के नाम पर यातना देने के चलन को आपस में सहज होने के लिए सिर्फ मनोविनोद के रूप में देखा-जाना जाता है, तो क्या यह एक आपराधिक तरीका नहीं है, जिसमें कालेज में आए एक नए विद्यार्थी के मन पर गहरी चोट पहुंचती है, वह खुद को अपमानित महसूस करता है,

## आस्था और सृजन की शक्ति का प्रतीक सोमनाथ

*वर्ष 1026 में शुरू हुई मध्यकालीन बर्बरता ने आगे चलकर दूसरों को भी बार-बार सोमनाथ पर आक्रमण के लिए उकसाने का काम किया। यह हमारे लोगों और हमारी संस्कृति को गुलाम बनाने का प्रयास था, पर हर बार जब भी मंदिर पर आक्रमण हुआ, तब हमारे वीरों-वीरांगनाओं ने उसकी रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। पीढ़ी दर पीढ़ी हमारी महान सभ्यता के लोगों ने खुद को संभाला, मंदिर को फिर से खड़ा किया और उसे पुनः जीवंत किया। सोमनाथ की आर्थिक क्षमता भी बहुत सशक्त थी। समुद्री व्यापारी और नाविक इसके वैभव की कथाएं दूर-दूर तक ले जाते थे। महमूद गजनवी लूटकर चला गया, मगर सोमनाथ के प्रति हमारी भावना को हमसे छीन नहीं सका। सोमनाथ से जुड़ी हमारी आस्था, विश्वास और प्रबल हुआ। वर्ष 1026 के हजार साल बाद आज 2026 में भी सोमनाथ मंदिर दुनिया को संदेश दे रहा है*

सोमनाथ... यह शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में प्रभास पाटन स्थित सोमनाथ भारत के आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतीकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में सोमनाथ का स्थान सबसे पहले होता है।

दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बनता रहा। वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है, क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण कर उसे ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया हिंसक और बर्बर प्रयास था। सोमनाथ हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल है।

उस दौरान क्रूरता और विध्वंस का वर्णन अनेक ऐतिहासिक स्रोतों में विस्तार से मिलता है, जिनकी पीड़ा की अनुभूति आज तक होती है। फिर भी, एक हजार वर्ष बाद आज यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी है। 11 मई, 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण संपन्न हुआ था। तत्कालीन राष्ट्रपति डा. राजेंद्र प्रसाद की गरिमामयी उपस्थिति में वह ऐतिहासिक समारोह आयोजित हुआ, जब पुनर्निर्मित मंदिर को दर्शनों के लिए खोला गया।

वर्ष 1026 में शुरू हुई मध्यकालीन बर्बरता ने आगे चलकर दूसरों को भी बार-बार सोमनाथ पर आक्रमण के लिए उकसाने का काम किया। यह हमारे लोगों और हमारी संस्कृति को गुलाम बनाने का प्रयास था, पर हर बार जब भी मंदिर पर आक्रमण हुआ, तब हमारे वीरों-वीरांगनाओं ने उसकी रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया। पीढ़ी दर पीढ़ी हमारी महान



सभ्यता के लोगों ने खुद को संभाला, मंदिर को फिर से खड़ा किया और उसे पुनः जीवंत किया। सोमनाथ की आर्थिक क्षमता भी बहुत सशक्त थी। समुद्री व्यापारी और नाविक इसके वैभव की कथाएं दूर-दूर तक ले जाते थे।

महमूद गजनवी लूटकर चला गया, मगर सोमनाथ के प्रति हमारी भावना को हमसे छीन नहीं सका। सोमनाथ से जुड़ी हमारी आस्था, विश्वास और प्रबल हुआ। वर्ष 1026 के हजार साल बाद आज 2026 में भी सोमनाथ मंदिर दुनिया को संदेश दे रहा है कि मिटाने की मानसिकता रखने वाले खत्म हो जाते हैं, जबकि सोमनाथ मंदिर आज हमारे विश्वास का मजबूत आधार बनकर खड़ा है। वह आज भी हमारी प्रेरणा का स्रोत है। हमारी शक्ति का पुंज है। सोमनाथ पर हमले और फिर गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद आज मैं पूरे विश्वास के साथ और गर्व से ये कहना चाहता हूं कि सोमनाथ की गाथा विध्वंस की कहानी नहीं है। यह पिछले 1000 साल से चली आ रही भारत माता की करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा है, ये हम भारत के लोगों की अटूट आस्था की गाथा है।

हमारा सौभाग्य है कि हमने उस धरा पर जीवन पाया, जिसने देवी अहिल्याबाई होलकर जैसी महान विभूति को जन्म दिया। उन्होंने सुनिश्चित किया कि श्रद्धालु सोमनाथ में पूजा कर सकें। स्वामी विवेकानंद भी सोमनाथ आए थे। वहां के अनुभव पर 1897 में चेन्नई में एक व्याख्यान के दौरान उन्होंने कहा, 'दक्षिण भारत के प्राचीन मंदिर और गुजरात के सोमनाथ जैसे मंदिर आपको ज्ञान के अनगिनत पाठ सिखाएंगे। ये आपको किसी भी संख्या में पढ़ी गई पुस्तकों से अधिक हमारी सभ्यता की गहरी समझ देंगे।

## पेयजल की गुणवत्ता पर उठते रहे हैं सवाल

इंदौर के बाद बेंगलुरु और गांधीनगर में भी दूषित पेयजल की आपूर्ति की खबरों से कोई आश्चर्य नहीं। वास्तव में अपने देश में अधिकांश इलाकों में पेयजल की गुणवत्ता ठीक नहीं। ऐसा कई शोध-सर्वेक्षणों में भी सामने आता रहता है, लेकिन नगर निगमों के अधिकारी-कर्मचारी और राज्य सरकारें इस समस्या पर तब तक नहीं चेततीं, जब तक कि वैसी कोई घटना नहीं घट जाती जैसी इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में हुई और जहां 16 लोगों की जान चली गई एवं सैकड़ों लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए। इतनी बड़ी त्रासदी के बाद पहले दो अधिकारियों को निलंबित किया गया था। फिर जब मरने वालों की संख्या बढ़ी तो कुछ अन्य शीर्ष अधिकारियों पर भी गाज गिरी,




लेकिन कुल मिलाकर मामला निलंबन तक ही सीमित रहा। इसे कोई ऐसी कार्रवाई नहीं कहा जा सकता, जो नजीर बन सके। सबसे स्वच्छ शहर का दर्जा रखने वाले इंदौर की घटना यह भी बताती है कि सरकारी तंत्र मूलभूत बुनियादी सुविधाओं की गुणवत्ता की किस तरह अनदेखी करता है। इस अनदेखी में पार्षद से लेकर विधायक, सांसद और मंत्री तक भी शामिल रहते हैं। जिस तरह नगर निकायों के अधिकारी बिजली, पानी, सफाई से जुड़ी सुविधाओं का स्तर सुधारने को प्राथमिकता नहीं देते, उसी तरह नगर निकायों के संबंधित कर्मचारी और अधिकारी भी। इससे दुर्भाग्यपूर्ण और कुछ नहीं हो सकता कि पानी जैसी बुनियादी आवश्यकता की गुणवत्ता पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। पेयजल की गुणवत्ता में सुधार इसलिए नहीं हो पाता, क्योंकि उसकी जांच-परख का काम ईमानदारी से नहीं होता। इसका दुष्परिणाम केवल यह नहीं है कि अपने देश में करोड़ों लोग दूषित पानी पीने को विवश हैं, बल्कि यह भी है कि बहुत से लोगों को खरीद कर पानी पीना पड़ता है अथवा पानी को स्वच्छ करने के लिए किस्म-किस्म के उपकरणों का सहारा लेना पड़ता है। शहरी इलाकों में दूषित पेयजल की आपूर्ति का एक बड़ा कारण यह है कि अनियोजित कालोनियों को रह-रहकर नियमित तो किया जाता रहता है, लेकिन उनमें नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर ध्यान नहीं दिया जाता। जनप्रतिनिधियों की निगाह केवल लोगों के वोट हासिल करने पर होती है। इंदौर का भागीरथपुरा इलाका एक अनियोजित कालोनी ही है। वोट बैंक की राजनीति के चलते इस अनियोजित कॉलोनी को नियोजित तो कर दिया गया, लेकिन इसकी परवाह नहीं की गई कि यहां सीवर लाइन और पाइपलाइन बिछाने का काम सही ढंग से कैसे होगा?

## नावां में रामनवमी को होगा सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन, तैयारियां शुरू




जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** स्थित श्री राधाकृष्ण भगवान मंदिर में सोमवार को श्री कुमावत समाज सुधार व सेवा समिति, नावां के तत्वावधान में 18वें सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए पहले जोड़े का पंजीयन किया गया। यह सम्मेलन आगामी 26 मार्च (रामनवमी) को आयोजित होगा। समिति के मीडिया प्रभारी तुलसीराम राजस्थानी ने बताया कि पंजीकृत जोड़े में वर पक्ष मकराना से है, जबकि वधू पक्ष सिनोदिया, खतवाड़ी से संबंधित है। राजस्थानी ने यह भी जानकारी दी कि राज्य सरकार की सामूहिक विवाह अनुदान योजना के तहत प्रत्येक वधू को 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। समिति ने अब तक 501 जोड़ों का सामूहिक विवाह सफलतापूर्वक संपन्न कराया है, जो समाज में इस परंपरा को मजबूत करने का एक उदाहरण है। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष राजेश सिहोटा, पूर्व अध्यक्ष बाबूलाल दुबलदिया, सीताराम प्रजापत, कोषाध्यक्ष कानाराम जलांधरा, महामंत्री हुक्माराम घोड़ेला, अंकेक्षक बजरंगलाल गुरिया सहित राधेश्याम सारड़ीवाल, लादूराम घोड़ेला, कमल दुबलदिया, मोहनप्रकाश नागा और कई अन्य पदाधिकारी व समाज के लोग उपस्थित रहे।

## घना कोहरा छाया रहने से जनजीवन अस्त-व्यस्त

जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** नावा क्षेत्र में घना कोहरा जनजीवन पर भारी पड़ता नजर आ रहा है। देर रात से छाया कोहरा इतना घना है कि पूरे इलाके में दृश्यता लगभग शून्य हो गई है। हालात ऐसे हैं कि 10 फीट की दूरी पर भी कुछ दिखाई नहीं दे रहा। घने कोहरे और अंधकार के कारण वाहन चालकों को दिन के समय भी वाहनों की लाइट जलाकर चलना पड़ रहा है। कोहरे का सीधा असर सड़क यातायात पर देखने को मिल रहा है, जिससे यात्रियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई स्थानों पर वाहन रेंगते हुए नजर आए। वहीं स्कूल जाने वाले बच्चों, बुजुर्गों और सुबह काम पर निकलने वाले लोगों पर भी कोहरे का खासा असर पड़ा है। कड़ाके की सर्दी से बचने के लिए लोग अलाव का सहारा लेते नजर आए। चाय की टपरियों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन सहित सार्वजनिक स्थानों पर लोग जगह-जगह अलाव जलाकर सर्दी से राहत पाने का प्रयास कर रहे हैं। सर्द मौसम के चलते आमजन की दिनचर्या भी प्रभावित हुई है। हालांकि, कोहरे का दूसरा पहलू किसानों के लिए राहत भरा माना जा रहा है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार कोहरा और ओस रबी की फसलों के लिए फायदेमंद है। इससे खेतों में नमी बढ़ेगी और फसलों की पैदावार में इजाफे की उम्मीद जताई जा रही है।



## झाड़ियों में जुआ, चार जुआरी गिरफ्तार




जयपुर टाइम्स

**फुलेरा( निस)।** कानून से बचने के लिए झाड़ियों की ओट में जुआ खेल रहे जुआरियों पर फुलेरा पुलिस ने अचानक दबिश देकर करारा प्रहार किया। जैतपुरा के खारड़ा क्षेत्र में की गई कार्रवाई में पुलिस ने चार आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 12,520 रुपये की जुआ राशि व ताश के पत्ते जब्त किए। यह कार्रवाई उप महानिरीक्षक पुलिस व सह-पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण राशी डोगरा डूडी आईपीएस के निर्देशों पर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन में थानाधिकारी फुलेरा राजेन्द्र कुमार के नेतृत्व में की गई। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में जुआरियों में हड़कंप मच गया है और साफ संदेश गया है कि फुलेरा में अवैध गतिविधियों के लिए अब कोई जगह नहीं है।

## शीत लहर का प्रकोपः डीडवाना-कुचामन जिले में कक्षा 8 तक तीन दिन का अवकाश घोषित

जयपुर टाइम्स

**नावाशहर(निस)।** डीडवाना- कुचामन जिले में लगातार बढ़ती शीत लहर और गिरते तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन ने विद्यार्थियों के स्वास्थ्य और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जिला कलेक्टर की ओर से जारी आदेश के अनुसार जिले में संचालित समस्त राजकीय एवं गैर राजकीय (निजी) विद्यालयों में कक्षा प्री-प्राईमरी से कक्षा 08वीं तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए 6 जनवरी 2026 से 08 जनवरी 2026 तक शैक्षणिक अवकाश घोषित किया गया है। आदेश में बताया गया है कि राज्य में अत्यधिक ठंड एवं शीत लहर की स्थिति को देखते हुए जिले की स्थानीय परिस्थितियों के अनुरूप विद्यालयों के संचालन समय में परिवर्तन अथवा अवकाश घोषित करने के लिए जिला कलेक्टर को अधिकृत किया गया है। इसी के तहत यह निर्णय लिया गया है, ताकि छोटे बच्चों को ठंड से होने वाली संभावित बीमारियों से बचाया जा सके। हालांकि, आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि कक्षा 09वीं से ऊपर की शेष कक्षाएं पूर्व निर्धारित समय अनुसार यथावत संचालित की जाएंगी। संबंधित विद्यालयों को निर्देश दिए गए हैं कि आदेश की सख्ती से पालना सुनिश्चित करें। जिला प्रशासन के इस फैसले से अभिभावकों और विद्यार्थियों ने राहत की सांस ली है। वहीं मौसम विभाग ने भी आगामी दिनों में ठंड का प्रकोप जारी रहने की संभावना जताई है।

# स्पीड ब्रेकर की मांग को लेकर आक्रोशित ग्रामीणों ने 6 घंटे तक किया धरना प्रदर्शन

### एक सप्ताह में निर्माण का आश्वासन

जयपुर टाइम्स



**विराटनगर(निस)।** कस्बे के निकटवर्ती छीतौली ग्राम पंचायत के खरबूजी चौराहे पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग को लेकर सोमवार को ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा। सड़क दुर्घटनाओं से परेशान ग्रामीणों ने सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक करीब 6 घंटे धरना-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने बताया कि पावटा से विराटनगर की ओर जाने वाले इस मार्ग पर तेज गति से वाहनों का आवागमन रहता है, जिससे आए दिन हादसे होते हैं। इस समस्या को लेकर 21 नवंबर 2025 को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया था, वहीं विराटनगर विधायक कुलदीप धनकड़ को भी अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कार्रवाई नहीं होने से ग्रामीणों में रोष व्याप्त है।चारों ओर से आने-जाने वाले वाहनों के दबाव के चलते खरबूज चौराहे के चारों रास्तों पर स्पीड ब्रेकर निर्माण की मांग को लेकर ग्रामीण धरने पर बैठ गए। सूचना पर पटवारी मौके पर पहुंचे और संबंधित अधिकारियों से दूरभाष के माध्यम से वार्ता करवाई। अधिकारियों की ओर से एक सप्ताह के भीतर स्पीड ब्रेकर निर्माण का आश्वासन दिए जाने के बाद धरना-प्रदर्शन समाप्त किया गया। धरना स्थल पर युवा नेता महेश यादव विशेष रूप से मौजूद रहे। उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और प्रशासनिक अधिकारियों से सीधी वार्ता कर शीघ्र समाधान की मांग मजबूती से रखी। महेश यादव ने कहा कि 'ग्रामीणों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा, तय समय में कार्य नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। उनकी सक्रिय भूमिका से ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला।इस दौरान धरने में राधेश्याम लोमोड, राजेश अवाना, युवा नेता मुकेश लोमोड, बुधराम अवाना, श्योपाल रावत, दशरथ सिंह शेखावत,हनुमान लोमोड, मुंशी, मूलाराम, मालीराम अवाना, बंशी रावत, खेमचंद गुप्ता, जयराम, भागीरथमल, महेंद्र, गोपाल, कैलाश सेन, चंद्र गुर्जर सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## खाखड़की में कीचड़, जलभराव से ग्रामीण जूझ रहे, एसडीएम को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**नावां शहर(निस)।** उपखंड के ग्राम खाखड़की में लंबे समय से व्याप्त कीचड़ और जलभराव की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने सोमवार को उपखण्ड अधिकारी, नावां को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि चांदनी चौक से श्योजी मेघवाल के घर तक बने मार्ग पर गंदे पानी की निकासी के लिए नाली का अभाव है। इस कारण रास्ते में अक्सर पानी भर जाता है और कीचड़ फैल जाता है। यह मार्ग रामदेव जी मंदिर, ग्राम पंचायत कार्यालय सहित गांव के मुख्य आवागमन के लिए उपयोग में आता है। जलभराव के कारण राहगीरों, श्रद्धालुओं, बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गंदगी और कीचड़ के चलते क्षेत्र में बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इस समस्या को लेकर ग्राम पंचायत में कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हो पाया है। ग्रामीणों ने उपखण्ड अधिकारी से मांग की है कि संबंधित विभाग और ग्राम पंचायत खाखड़की को निर्देशित किया जाए। उन्होंने रास्ते की मरम्मत, सफाई और नाली निर्माण की शीघ्र व्यवस्था करवाने की अपील की, ताकि ग्रामीणों को इस समस्या से राहत मिल सके। ज्ञापन सौंपते समय प्रभु राम, अलका देवी, हीरा राम, बिमला देवी, श्योजीराम, नंदू देवी, छोटूराम, हीराराम, सीताराम, पप्पू, भोलू, गंगाराम सहित कई अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे और उनके हस्ताक्षर ज्ञापन पर मौजूद रहे।

## विश्वकर्मा जयंती अवकाश की मांग, मुख्यमंत्री के नाम सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स



**नावां शहर(निस)।** अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण महासभा के नेतृत्व में डीडवाना जिला कलेक्टर महेंद्र खड़गावत को भगवान विश्वकर्मा जयंती (माघ शुक्ला त्रयोदशी) पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग को लेकर जांगिड़ सुथार समाज सहित विभिन्न शिल्पी समाजों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नाम जिला प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि राजस्थान में जांगिड़ सुथार समाज बड़ी संख्या में निवास करता है, जिनके आराध्य देव भगवान श्री विश्वकर्मा हैं। इनके साथ ही स्वर्णकार, लुहार, पांचाल, कुमावत, ठठेरा, मूर्तिकार सहित अनेक शिल्पी जातियां भी भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा करती हैं। इसके अलावा सरकारी व निजी प्रतिष्ठानों, कारखानों और फैक्ट्रियों में कार्यरत मजदूर, मिस्त्री, इंजीनियर आदि भी किसी भी कार्य के शुभारंभ से पूर्व विश्वकर्मा पूजन करते हैं। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि वर्तमान में राज्य सरकार की ओर से विश्वकर्मा जयंती पर केवल ऐच्छिक अवकाश घोषित है, जबकि लंबे समय से इस दिन सार्वजनिक अवकाश की मांग की जा रही है। राज्य सरकार की ओर से अन्य समाजों के आराध्य देवों की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किए जाने से समाज में उपेक्षा का भाव और आक्रोश व्याप्त है। समाज प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि उनके कार्यकाल में इस न्यायोचित मांग पर गंभीरतापूर्वक विचार कर भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग की है। राकेश जांगिड़ नावां तहसील उपाध्यक्ष, चंपापाल जांगिड़ मकराना तहसील अध्यक्ष, सुनील जांगिड़, डिडवाना तहसील अध्यक्ष, गोपाल राजोतिया मौलासर तहसील अध्यक्ष, बाबुलाल जांगिड़ कुचामन तहसील अध्यक्ष सहित जिलाध्यक्ष महावीर प्रसाद सीदड़ मौजूद रहे।

## शीतलहर को देखते हुए राजकीय और गैर राजकीय विद्यालयों में अवकाश

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जारी किए आदेश

### 5 वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों का 10 जनवरी तक अवकाश

### 6 से 8वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों का 8 जनवरी तक अवकाश

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** शीतलहर व बढ़ती हुई सर्दी के दृष्टिगत जयपुर जिले में संचालित समस्त राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों में 5 वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों का 10 जनवरी तक व 6 से 8वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों का 8 जनवरी तक अवकाश घोषित किया गया है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अवकाश के आदेश जारी किए हैं। मौसम विभाग की ओर से जारी पूर्वानुमान के आधार पर जिले में शीतलहर व बढ़ती हुई ठंड को देखते हुए यह आदेश जारी किए गए हैं। उक्त दिनांक पर अवकाश केवल विद्यार्थियों के लिए लागू रहेगा और समस्त स्टाफ के शिक्षक व कर्मचारी विद्यालय में उपस्थिति देना सुनिश्चित करेंगें। साथ ही परीक्षाएं भी यथावत संचालित होगी। जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक व प्रारंभिक शिक्षा जयपुर को मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों के सहयोग से जयपुर में राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों में आदेशों की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए निर्देशित किया गया है। आदेशों की अवहेलना होने की स्थिति में संबंधित राजकीय अथवा गैर राजकीय विद्यालय के विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

## पौषबड़ा महोत्सव में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

जयपुर टाइम्स



**फुलेरा(निस)।** शहर में रविवार सायंकाल को चतुर्थ विशाल प्रसादी पोषबड़ा महोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ। आयोजन गणेश मंदिर के पास न्यू कॉलोनी क्षेत्र में किया गया, जिसमें नगर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान भगवान श्रीगणेश की विधिवत पूजा, अर्चना एवं मंगल आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसादी पोषबड़ा का वितरण किया गया। आयोजन स्थल पर 'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय बना रहा और श्रद्धालुओं ने सेवा कार्य में बढ़-चढ़कर सहभागिता निभाई। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का दुपट्टा व साफा पहनाकर सम्मान किया गया। आयोजन की जानकारी देते हुए धनराज शर्मा ने कहा कि 'भगवान श्रीगणेश की असीम कृपा से यह प्रसादी पोषबड़ा महोत्सव हर वर्ष श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित किया जाता है। इस प्रकार के धार्मिक आयोजन समाज में संस्कार, सद्भाव और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं।' उन्होंने सिद्ध गणेश व्यापार मंडल एवं सहयोग करने वाले सभी श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन धार्मिक परंपराओं के संरक्षण की दिशा में एक सामूहिक प्रयास है। आयोजन को शांतिपूर्ण व व्यवस्थित रूप से संपन्न कराने में स्थानीय नागरिकों की सराहनीय भूमिका रही। कार्यक्रम का संचालन मुकेश पारीक व सहयोगियों की ओर से किया गया।

## अस्थाई अतिक्रमणों के खिलाफ नगर निगम की बड़ी कार्रवाई, सात केंटर सामान जब्त

जयपुर टाइम्स



**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा ने सोमवार को शहर के विभिन्न इलाकों में अस्थायी अतिक्रमण के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 8 हजार 700 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूला तथा 7 केन्टर सामान जब्त किया। यह कार्रवाई नगर निगम जयपुर आयुक्त डॉ. गौरव सैनी के निर्देशानुसार एवं पूर्व में प्राप्त शिकायतों के आधार पर उपायुक्त सतर्कता के नेतृत्व में की गई। सतर्कता टीम द्वारा नगर निगम जयपुर के क्षेत्राधिकार में एसएमएस, बागड़, सांगानेर रेलवे स्टेशन, इंडिया गेट, मालपुरा गेट, सांगानेर बाजार, बड़ी चौपड़, रामगंज बाजार, सुरजपोल गेट, हीरा की मोरी, गांधी चौक सुरजपोल, गलता गेट, रेलवे स्टेशन रोड, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, मिश्र राजा जी का रास्ता, खजाने वालों का रास्ता, बगरू वालों का रास्ता तथा चांदपोल बाजार स्थित मंदिर श्री रामचंद्र जी तक अस्थायी अतिक्रमण हटवाया गया। उपायुक्त सतर्कता ने बताया कि कार्रवाई के दौरान 7 केन्टर सामान जब्त कर निगम के गोदाम में भिजवाया गया तथा मौके पर ही अतिक्रमणकारियों से 8 हजार 700 रुपये का कैरिंग चार्ज वसूला गया। साथ ही संबंधित व्यक्तियों को भविष्य में समय रहते अस्थायी अतिक्रमण हटाने की सख्त हिदायत दी गई। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आगे भी नगर निगम जयपुर क्षेत्र में अवैध अथवा अस्थायी अतिक्रमण पाया गया तो संबंधितों के खिलाफ भारी चालान अथवा प्रभावी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर निगम की इस कार्रवाई से बाजार क्षेत्रों में अतिक्रमण को लेकर हड़कंप मच गया।

## नावां में ही बनेगा उप जिला चिकित्सालय, भूमि आवंटन को स्वीकृति

जयपुर टाइम्स

**नावां शहर(निस)।** उप जिला चिकित्सालय के भूमि आवंटन को लेकर लंबे समय से चला आ रहा विवाद अब निर्णायक मोड़ पर पहुंच गया है। नावा वासियों की लगातार यह मांग रही थी कि नया उप जिला चिकित्सालय नावा शहर के समीप एवं नावा क्षेत्र में ही बनाया जाए। जनभावनाओं और प्रशासनिक तथ्यों को ध्यान में रखते हुए आखिरकार जिला प्रशासन ने इस दिशा में बड़ा निर्णय लिया है। डीडवाना-कुचामन जिला कलेक्टर द्वारा नावा के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) के पास स्थित भूमि को राजकीय उप जिला चिकित्सालय के भवन निर्माण हेतु आवंटन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया है। इस संबंध में नावा तहसील के ग्राम नावा स्थित खसरा नंबर 2753/2378 कुल रकबा 5.9342 हेक्टेयर, किस्म बारानी द्वितीय में से 3.00 हेक्टेयर भूमि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को आवंटित करने का प्रस्ताव अभिशंसा सहित प्रेषित किया गया है। उल्लेखनीय है कि उक्त खसरा वर्तमान में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) नावा को आवंटित है, जिसमें से मात्र 1.00 हेक्टेयर भूमि का ही उपयोग किया जा रहा है, जबकि शेष भूमि मौके पर खाली पड़ी हुई है। खाली भूमि के सदुपयोग को ध्यान में रखते हुए उपखण्ड अधिकारी नावा द्वारा जिला प्रशासन को प्रस्ताव भेजा गया, जिसे अब स्वीकृति मिल गई है। यह भूमि आवंटन राजस्थान भू-राजस्व (स्कूलों, कॉलेजों, चिकित्सालयों, धर्मशालाओं एवं सार्वजनिक उपयोग के अन्य भवनों के निर्माण हेतु अनाधिवासित राजकीय कृषि भूमि आवंटन) नियम, 1963 के नियम 3(वी) के अंतर्गत किया गया है। संलग्न खसरा नक्शे में चिन्हित 3.00 हेक्टेयर भूमि को राजकीय उप जिला चिकित्सालय नावा के भवन निर्माण हेतु चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को हस्तांतरित करने की अनुमति दी गई है। इस निर्णय के बाद नावा क्षेत्र के नागरिकों में संतोष और खुशी का माहौल है।

### जयपुर में गंदगी और प्लास्टिक पर निगम का बड़ा एक्शन

## 20 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त, सड़क पर कचरा फेंकने पर 10 हजार का केरिंग चार्ज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** नगर निगम जयपुर शहर को स्वच्छ, सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए लगातार सख्त अभियान चला रहा है। इसी क्रम में चालान प्रकोष्ठ, स्वास्थ्य शाखा की ओर से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक निरीक्षण व चालानी कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के आसपास गंदगी नहीं करने, कचरा केवल डस्टबिन में डालने, सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने तथा अस्थायी अतिक्रमण नहीं करने को लेकर समझाइश दी गई। नियमों की अनदेखी करने वालों पर मौके पर ही भारी जुर्माना लगाया गया। उपायुक्त स्वास्थ्य ओम थानवी ने बताया कि गंदगी फैलाने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर कुल 2,57,100 रुपए का जुर्माना वसूला गया है, साथ ही 20 किलोग्राम सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त किया गया। सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग पर दोनों दिन की संयुक्त कार्रवाई में नगर निगम द्वारा कुल 1,78,800 रुपए का जुर्माना वसूला गया है। बाजारों में लगे कैमरों से खुले में कचरा फेंकने वालों पर लगातार नजर रखी जा रही है। उपायुक्त स्वास्थ्य ने बताया कि स्मार्ट सिटी लिमिटेड कार्यालय स्थित इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। कुल 184 कैमरों की मदद से खुले में कचरा फेंकने वालों को ट्रेस कर चालान किया जा रहा है। उपायुक्त स्वास्थ्य ने बताया कि सिविल लाइन जोन में दो युवक सड़क पर कचरा फेंकते हुए कैमरे में ट्रैप हुए। इस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए टीम को मौके पर भेजा गया और 10 हजार रुपए का केरिंग चार्ज वसूला गया। साथ ही युवकों से भविष्य में सड़क पर कचरा नहीं फैलाने और निगम की गाड़ी में ही कचरा डालने की शपथ दिलाई गई। सिंगल यूज प्लास्टिक छोड़ें, पर्यावरण बचाएं। नगर निगम आयुक्त डॉ. गौरव सैनी ने कहा कि शहर की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सिंगल यूज प्लास्टिक प्रकृति के लिए अत्यंत हानिकारक है।

# सात दिवसीय भागवत कथा का समापन

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सार्वजनिक सेवा समिति नलिया बास की ओर से आयोजित श्रीमद भागवत कथा में पंडित भवानी शंकर पारीक ने सातवें दिवस की कथा में कृष्ण सुदामा चरित्र चौबीस गुरुओं की कथा सुनाई। अंत में व्यास पीठ से सभी कथा टीम के सदस्यों का सम्मान किया गया। संचालन कर्ता संदीप जोशी का शॉल ओढ़ा कर सम्मान किया गया। समिति के रामदेव सांखला, डालमचंद तंवर, निर्मल तँवर, बाबूलाल यादव, अनिल पंवार, धर्मचंद स्वामी, अनिल स्वामी, ईश्वर चादोलिया, गोवर्धन टाक, रोहित टाक, भरत आदि ने भागवत जी की शोभा यात्रा में भाग लिया। इस दौरान कृष्ण भगवान के मित्र सुदामा की झांकी भी सजाई गई।

# महारैली को लेकर सुजानगढ़ में कर्मचारी महासंघ की बैठक

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़/सालासर(निस)।** अखिल राजस्थान राज्य संयुक्त कर्मचारी महासंघ की ओर से 12 जनवरी 2026 को जयपुर में प्रस्तावित महारैली के समर्थन में श्रीकृष्ण गौशाला परिसर, सुजानगढ़ में ब्लॉक स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण ने की। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष चारण ने कहा कि राज्य सरकार की ओर से ओल्ड पेंशन स्कीम पर लगातार की जा रही कटौतियां कर्मचारी हितों के विपरीत हैं। उन्होंने महासंघ की ओर से प्रस्तावित विरोध महारैली में अधिकाधिक संख्या में जयपुर पहुंचकर अपनी एकजुटता और ताकत का प्रदर्शन करने का आह्वान किया। बैठक में सर्वसम्मति से रामधन सेवदा को तहसील अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। सभी उपस्थित कार्मिकों ने संगठन को मजबूत करने और महारैली को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महासंघ के महामंत्री फूलेसिंह बुरड़क, पप्पूराम (आईटी यूनियन), गौरव गुर्जर, बाबू खां, देवेंद्र सिंह, संदीप कुमार, सदानंद, सुरज्ञान सिंह, संजीव कुमार, रणजीत सिंह, श्रुतानंद, भरत सिंह सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विधायक पूसाराम गोदारा का जन्मदिन धूमधाम से मनाया

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** रेलवे पुलिया के पास स्थित नटखट बालाजी मंदिर में विधायक पूसाराम गोदारा का जन्मदिवस प्रदेश महासचिव राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी अन्य पिछड़ा वर्ग विभाग रामवीर सिंह राईका के नेतृत्व में हनुमान चालीसा का पाठ कर कार्यकर्ताओं की ओर से धूमधाम से मनाया गया राईका ने विधायक पूसाराम गोदारा को विकास का पर्याय बताते हुए उनके दीघार्यु होने की कामना की उन्होंने कहा कि पूसाराम गोदारा ही एकमात्र ऐसे नेता है जो गरीब के कल्याण को लेकर और जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर हमेशा तक पर रहते हैं, आम जन का कल्याण हो कैसे हो यह उनका मुख्य उद्देश्य रहता है। इस अवसर पर कांग्रेस नेता संदीप सिंह भोजासर, सुभाष धत्तरवाल, भेरूसिंह भोजासर, अजीत कड़वासरा, सतपाल श्योराण, विक्रम सिंह नोसरिया, जीतू सिंह भोजासर, गजेंद्र सिंह भोजासर, शंकर सैनी, रवि महला, कमलेश प्रजापत, नरेश चौधरी, मुकेश सारण, देवकीनंदन माहिच, महेंद्र सिंह भोजासर, संदीप रतनसरा, सुभाष प्रजापत, जितेंद्र नैन, मनोज गोदारा, वासुदेव बुढाढरा, हरिओम पारीक सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# 81 लाख की अफीम व ट्रक के साथ 32 वर्षीय युवक गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**रतनगढ़(निस)।** पुलिस ने मेगा हाइवे पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक से 16 किलो 195 ग्राम अफीम को बरामद कर चालक को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अफीम को ट्रक की स्टेपनी में छुपा रखा था। सीआई गौरव खिड़िया ने बताया कि मालासर टोल के पास गश्त के दौरान पुलिस ने रतनगढ़ की तरफ से आ रहे एक ट्रक को रोककर तलाशी ली, तो ट्रक की स्टेपनी से 16 किलो 195 ग्राम अफीम के छह पैकेट्स बरामद हुए। जब्त वाहन व अफीम का बाजार मूल्य करीब 81 लाख रुपए है। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर प्रतापगढ़ के धामनिया जागीर निवासी ट्रक चालक 32 वर्षीय घनश्याम कुमावत को गिरफ्तार किया है। आरोपी गुजरात से खाली ट्रक को लेकर हनुमानगढ़ की ओर जा रहा था।]

# सालासर में पौष बड़ा का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सालासर(निस)।** सिद्धपीठ सालासर धाम के ढाका बाड़ी चोक मे ग्रामीणो के सहयोग से सोमवार को पौष बड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बालाजी महाराज के दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओ व राहगीरो को ग्रामीणो ने पौष बड़ा मे जलेबी व कोफ्ता बनाकर खिलाया। इस अवसर पर विकास ढाका, नरेन्द्र सिंह, पूनम प्रजापत, अभिषेक शर्मा,संदीप दूधवाल, नरेन्द्र सोनी, महेश डूडी, महेन्द्र ढाका, लीलाधर ढाका, शशिकांत शर्मा,मनीष ढाका, कैलाश दर्जी, बाबूलाल राव, ताराचंद ढाका आदि उपस्थित रहे।

# अवैध खनन परिवहन के खिलाफ कार्रवाई, 5 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान आईपीएस के निर्देशन में अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही के अंतर्गत एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ बाड़ी डॉ कमल कुमार एवं नरेन्द्र मीणा आरपीएस वृत्ताधिकारी वृत्त सरमथुरा व कृपाल सिंह उप निरीक्षक थानाधिकारी पुलिस थाना आंगई के नेतृत्व में थाना आंगई की विभिन्न टीमों ने 5 जनवरी की मध्य रात्रि को इलाका थाना के अलग-अलग स्थानों से अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए 5 ट्रैक्टर-ट्रॉली जिनमें अवैध पत्थर के ब्लॉक भरे हुए को जप्त किया। पहली घटना 5 जनवरी की मध्य रात्रि को थानाधिकारी कृपाल सिंह उप निरीक्षक के नेतृत्व में अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों के द्वारा थाना इलाके से राकेश कुमार हेड कांस्टेबल की ओर से मातंगी गैंगसा के सामने हाइवे रोड़ से 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध ब्लॉक पत्थर भरे हुए को जप्त कर प्रकरण धारा बीएनएस व फोरेस्ट एक्ट, एमएम आरडी एक्ट में दर्ज कर अनुसंधान व मुल्जिम की तलाश जारी है। दूसरी घटना 5 जनवरी की मध्य रात्रि को थानाधिकारी कृपाल सिंह उप निरीक्षक के नेतृत्व में अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों की ओर से थाना इलाके से जगदीश प्रसाद हेड कांस्टेबल मय जाप्ता की ओर से आंगई बाइपास हाइवे रोड़ पर 02 ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध ब्लॉक पत्थर भरे हुए को जप्त कर प्रकरण धारा बीएनएस व फोरेस्ट एक्ट एमएम आरडी एक्ट में दर्ज कर अनुसंधान व मुल्जिम की तलाश जारी है। तीसरी घटना 5 जनवरी 2026 की मध्य रात्रि को थानाधिकारी कृपाल सिंह उप निरीक्षक के नेतृत्व में अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों की ओर से थाना इलाके से विशाल सिंह एएसआई मय जाप्ता की ओर से कछपुरा मोड़ एनएच- 11B हाइवे रोड़ से 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध ब्लॉक पत्थर भरे हुए को जप्त कर प्रकरण धारा बीएनएस व फोरेस्ट एक्ट एमएम आरडी एक्ट में दर्ज कर अनुसंधान व मुल्जिम की तलाश जारी है। चौथी घटना 5 जनवरी को थानाधिकारी कृपाल सिंह उप निरीक्षक के नेतृत्व में अवैध खनन के विरूद्ध कार्यवाही करने के लिए विभिन्न टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों में से राकेश कुमार हेड कांस्टेबल मय जाप्ता की ओर से बालाजी गार्डन एनएच- 11B हाइवे रोड़ से 01 ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध ब्लॉक पत्थर के भरे हुए को जप्त कर प्रकरण धारा बीएनएस व फोरेस्ट एक्ट एमएम आरडी एक्ट में दर्ज कर अनुसंधान व मुल्जिम की तलाश जारी है। अवैध खनन व फरार मुल्जिमों व अवैध गतिविधियों के खिलाफ पुलिस थाना आंगई का अभियान लगातार जारी है।

# अणुव्रती कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाएगी योगक्षेम संगठन यात्राः साध्वी संयमश्री

जयपुर टाइम्स




**रतनगढ़(निस)।** अणुविभा सोसायटी के निर्देशन में संचालित योगक्षेम संगठन यात्रा से अणुव्रत समिति के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के मनोबल में अभिवृद्धि होगी और अणुव्रत आंदोलन के माध्यम से मानवीय मूल्यों की स्थापना के कार्य को गति मिलेगी। ये विचार शासनश्री साध्वी संयमश्री जी ने स्थानीय आदिनाथ जैन भवन में अणुविभा व अणुव्रत समिति के पदाधिकारियों को मंगल आशीर्वाद देते हुए व्यक्त किए। साध्वीश्री प्रांजल प्रभा जी ने यात्रा कार्यक्रम को प्रेरणादाई बताया। रविवार को संगठन यात्रा के सार्वजनिक कार्यक्रम के पश्चात् देर शाम अणुविभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ कुसुम लूनिया, बीकानेर संभाग के राज्य प्रभारी अशोक चोरड़िया, अणुव्रत प्रकाशन के राष्ट्रीय संयोजक विनोद बच्छावत, पर्यावरण प्रकल्प की राष्ट्रीय संयोजक डॉ नीलम जैन के साथ अणुव्रत समिति के पदाधिकारियों ने साध्वीश्री जी व विराजित चारित्रात्माओं के दर्शन कर यात्रा कार्यक्रम व उपलब्धियों की जानकारी दी और ईको फ्रेंडली बैग और अणुव्रत पत्रिका की प्रति भेंट की। अणुव्रत समिति के अध्यक्ष कुलदीप व्यास ने आभार प्रकट करते हुए यात्रियों को गंतव्य के लिए विदा किया। इस अवसर पर जैन श्वेतांबर तेरापंथी सभा के अध्यक्ष मोतीलाल तातेड़, अणुव्रत समिति, रतनगढ़ के मंत्री नरेंद्र स्वामी और कोषाध्यक्ष राजकुमार बैद उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता का किया स्वागत

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कोषाध्यक्ष पंकज गुप्ता का शहर के फतेहपुरिया गेस्ट हाउस में सोमवार की शाम सुजानगढ़ भाजपा की ओर से अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मण्डल अध्यक्ष विनय मटोलिया ने की। इस दौरान विश्वकर्मा कला बोर्ड के अध्यक्ष रामगोपाल सुथार, पूर्व मंत्री खेमाराम मेघवाल, निवर्तमान जिला प्रमुख वंदना आर्य, निवर्तमान प्रधान मनभरी देवी, जिलामंत्री पवन माहेश्वरी, नगरपरिषद नेता प्रतिपक्ष जयश्री दाधीच, जितेंद्र शर्मा, महावीर सिंह पार्वतीसर, कानूता मंडल अध्यक्ष डूंगरराम मेघवाल, कानूता मंडल अध्यक्ष श्रीनिवास लिंबा, सांडवा मंडल अध्यक्ष सहीनाथ सिद्ध मंच पर मौजूद रहे। कार्यक्रम में पदाधिकारियों ने गुप्ता का साफा, दुपट्टा पहनकर व भाजयुमो की ओर से भारत माता की तस्वीर भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में बोलते हुए रामगोपाल सुथार ने कहा कि गुप्ता का एक साधारण कार्यकर्ता से प्रदेश भाजपा में उच्च पद पर पहुंचना भाजपा में संगठन की शक्ति को दिखाता है। स्वागत कार्यक्रम के लिए कार्यकर्ताओं का धन्यवाद देते हुए गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को समय की महत्ता के बारे में बताया और हर कार्यक्रम को समय पर शुरू करना व समय पर पहुंचने की शपथ दिलवाई। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार में डिजिटाइजेशन को बढ़ावा दिया गया। जिससे भ्रष्टाचार कम हुआ और आम आदमी को सीधे फायदा हुआ। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी पंचायत और निकाय चुनावों में एकजुटता से लड़कर जीत दिलाने का आह्वान किया। इस दौरान पार्षद रेवंतमल पंवार, बुद्धिप्रकाश सोनी, वैद्य भंवरलाल शर्मा, पुरुषोत्तम शर्मा, कमल दाधीच, सुभाष पारीक, गणेश मंडावरिया, प्रेमप्रकाश स्वामी, मदन भारी, नरेन्द्र भाटी, राजकुमार बेड़ा, रवि आर्य, श्यामनारायण राठी, तनसुख प्रजापत, राजेश सुंदरिया, नवरंग सीलू, प्रकाश भार्गव, रिछपाल बिजारणियां, हिमांशु भाटी, अनिल माटोलिया, एडवोकेट प्रियांशु लड़ा, संतोष बेड़िया, सांवरमल अग्रवाल, परमानन्द मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। संचालन शर्मिला सोनी ने किया।

# सामुदायिक पुस्तकालय में शीतकालीन- अपनी बात पुस्तकों के साथ कैंप का समापन

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** पंचायती राज विभाग धौलपुर की ओर से संचालित सामुदायिक पुस्तकालय परियोजना अंतर्गत ग्राम पंचायत बिजौली व ग्राम पंचायत पुरैनी में जिला परिषद धौलपुर एवं सेंटर फॉर माइक्रोफाइनेंस (टाटा ट्रस्ट की सहयोगी संस्था),(पिरामल फाउंडेशन) के साझा प्रयास से सामुदायिक पुस्तकालय स्तर पर 4 दिवसीय 'अपनी बात पुस्तकों के साथ - संगत' शीतकालीन कैंप का आयोजन 2-5 जनवरी 26 के मध्य किया गया। इस कैंप के दौरान कक्षा एक से आठ के बच्चों को कहानी सुनना, कविता सुनना, कहानी कविता की पुस्तकें पढ़ना, पुस्तकालयी गतिविधियों, चित्रांकन, खेल, पेपर फोल्डिंग, रोल प्ले आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। इन बच्चों ने सामुदायिक पुस्तकालय का अवलोकन किया और वहाँ बैठ कर, पुस्तकालय की पुस्तकों का वाचन भी किया। सामुदायिक कैंप में सरपंच, बीडीओ महिला, पुरुषों को भी सामुदायिक पुस्तकालय का अवलोकन, कहानी सुनाने, गुब्बारा फोड़ गतिविधि कराई गई। सामुदायिक पुस्तकालय के उपयोग, ज्यादा से ज्यादा बच्चे पुस्तकालय में भेजने को ले कर चर्चा की गई। इस कैंप में दोनों पंचायतों पर सरपंच जी विकास अधिकारी वार्ड पंच और 150 से अधिक बच्चों व 60 अभिभावकों ने भाग लिया। इस अवसर पर संतोष कुमार ( जोनल कोऑर्डिनेटर, संतोष शर्मा, राकेश कुमार राजवीर सिंह परमार क्रांति (मुख्य सन्दर्भ व्यक्ति), संतोष उपाध्याय,(पिरामल फाउंडेशन) ने उपस्थित रह कर सहयोग दिया।

# जीवन प्रबंधन से ही उत्कृष्ट जीवन का निर्माण संभव

जयपुर टाइम्स




**जयपुर।** जरूरतमंद, बेसहारा व पीड़ित मानवता की सेवा के लिए समर्पित समर्पण संस्था रजि. जयपुर की ओर से '21वीं सदी में उत्कृष्ट जीवन जीने की कला' विषयक व्याख्यानमाला का आयोजन राज्य कृषि प्रबंध संस्थान, दुर्गापुरा, जयपुर के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामकुमार वर्मा, पूर्व राज्यसभा सांसद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदु पारीक, अध्यक्ष स्थाई लोक अदालत, चूरू व पूर्व जिला न्यायाधीश ने की। विशिष्ट अतिथियों में नरेंद्र कुमार जैन, पूर्व सहायक निदेशक राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, जयपुर व प्राचार्य राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सिकरौदा (धौलपुर),भंवरलाल बैरवा, पूर्व निदेशक व संयुक्त शासन सचिव, सांख्यिकी विभाग, जयपुर, ज्वाला प्रसाद गर्ग विश्वास सोशल फाउंडेशन ग्वालियर, आचार्य सत्यनारायण पाटोदिया, नैतिक शिक्षाविद, आध्यात्मिक चिंतक, प्रेरक व मार्गदर्शक हीरेंद्र शर्मा, निदेशक राज्य कृषि प्रबंध संस्थान और योगाचार्य योगी मनीष विजयवर्गीय, हॉलिस्टिक लाइफ कोच व काउंसलर ने सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ समर्पण प्रार्थना से हुआ। संस्था के संस्थापक अध्यक्ष आर्किटेक्ट डॉ. दौलत राम माल्या ने संस्था की ओर से मानवीय सरोकार, सेवा एवं परोपकार के क्षेत्र में संचालित विभिन्न प्रकल्पों की जानकारी दी तथा '21वीं सदी में उत्कृष्ट जीवन जीने की कला' विषय पर डॉ. माल्या ने पीपीटी प्रजेंटेशन से उत्कृष्ट जीवन की व्याख्या करते हुए कहा कि वर्तमान समय में उत्कृष्ट जीवन के 6 मुख्य स्तम्भ हैं जिनमें गहन एकाग्रता, शारीरिक जीवन शक्ति, भावनात्मक महारत, निरन्तर सीखना, व्यक्तित्व ब्रांड और नेटवर्क की समझ, जीवन का उद्देश्य व समाज के कल्याण में भागीदारी है। मुख्य अतिथि पूर्व राज्यसभा सांसद राम कुमार वर्मा ने कहा कि अनुशासित जीवन उत्कृष्टता की राह बनाता है। विशिष्ट अतिथि नरेन्द्र कुमार जैन ने अपने उद्बोधन में कहा कि जीवन प्रबंधन से ही उत्कृष्ट जीवन का निर्माण संभव है। उत्कृष्ट जीवन का आधार पैसा, पद ,प्रतिष्ठा नहीं बल्कि संतुलित जीवन, सकारात्मक सोच , स्वस्थ शरीर, सेवा भाव से भरा हृदय वसमाज कल्याण के लिए योगदान से जीवन उत्कृष्ट बनता है। इस अवसर पर वर्ष 2026 में संस्था की ओर से सामाजिक सरोकार व परोपकार से संबंधित आयोजित किए जाने वाले वाले विभिन्न कार्यक्रमों का तिथिवार कैलेंडर जारी किया गया जिसका विमोचन अतिथियों ने किया। गीतकार रमेश बैरवा ने जीवन को नई दिशा देने वाला गीत प्रस्तुत किया। इस अवसर पर गत वर्ष संस्था के लिए विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले कार्यकर्ताओं, सदस्यों व भामाशाहों का सम्मान भी किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में सकारात्मक सोच, नैतिक व सामाजिक मूल्यों व मानवीय संवेदनाओं को सुदृढ़ करना रहा। कार्यक्रम में अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भाग लिया।

# भाजपा के दस पार्षदों ने शुरू किया नगरपरिषद के सामने धरना

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़ (नि.सं.)।** स्थानीय नगरपरिषद कार्यालय के बाहर भाजपा के अनेक पार्षदों ने विकास कार्यों में भेदभाव का आरोप लगाते हुए नगरपरिषद पर धरना शुरू कर दिया। धरने पर भाजपा नेता नरेंद्र गुर्जर, पार्षद हरिओम खोड, प्रेम स्वामी, रेवंतमल पंवार, पंकज घासोलिया, पार्षद गौरव इंदोरिया, नरेंद्र प्रजापत, राकेश प्रजापत, गणेश मंडावरिया, पन्नालाल सोनी, रविन्द्र पाण्डे आदि बैठे और पहले ही दिन नगरपरिषद के खिलाफ नारेबाजी की। भाजपा के करीब दस पार्षदों ने धरनास्थल से एक स्वर में अपनी मांगों को पूरा करने के लिए प्रतिबद्धता जताई। धरनार्थियों ने बताया कि भाजपा वार्डों में विकास कार्यों टेंडर सभापति ने रोक रखे हैं, जिनको खोलने की मांग है। इसी प्रकार कनिष्ठ अभियंता के ट्रांसफर, सिवरेज की सम्पूर्ण जांच, अमृत योजना में हुए कार्यों की जांच की मांग की गई है। धरने पर स्थानीय भाजपा मंडल के महामंत्री प्रकाश भार्गव, एडवोकेट प्रियांशु लड़ा, गंगाधर लाखन, भंवरलाल बिजारणियां, पुसादास स्वामी, सांवरमल हाकला, सूरज तेजस्वी, प्रदेश सियोता, बृजेश शर्मा, तुषार शर्मा, एडवोकेट मनीष गोठडिया, जगदीश जांगिड़ आदि लोगों ने भी शिरकत की। बता दें कि सुजानगढ़ में सभापति कांग्रेस का है।

## उज्ज्वला कनेक्शन लंबित नहीं रहें, एक माह में निस्तारण सुनिश्चित करें: कलक्टर

**नावां शहर(निस)।** गरीब व वंचित वर्ग के परिवारों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना का समय पर लाभ दिलाने के उद्देश्य से सोमवार को जिला उज्ज्वला कमेटी की बैठक जिला कलक्टर डॉ. महेंद्र खड़गावत की अध्यक्षता में जिला कलक्ट्रेट में आयोजित की गई। बैठक में जिला कलक्टर ने उज्ज्वला योजना की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिला नोडल अधिकारी को निर्देश दिए कि लंबित उज्ज्वला गैस कनेक्शनों का एक माह के भीतर निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, ताकि पात्र लाभार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। इससे पूर्व जिला नोडल अधिकारी सर्वेश गुप्ता ने समिति के समक्ष उन लंबित उज्ज्वला कनेक्शनों का विवरण प्रस्तुत किया, जिनकी ई-केवाईसी पूर्ण हो चुकी है

## पुरस्कृत शिक्षक फोरम की वार्षिक समीक्षा बैठक व नव वर्ष मिलन समारोह

# राष्ट्रपति अवॉर्ड से सम्मानित शिक्षक सुरेंद्र सिकरवार का किया सम्मान

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** पुरस्कृत शिक्षक फोरम राजस्थान शाखा धौलपुर की ओर से महासचिव रामेश्वर प्रसाद शर्मा के निर्देशन में पुरस्कृत शिक्षक फोरम धौलपुर के सचिव राष्ट्रपति अवॉर्ड से सम्मानित शिक्षक सुरेश गोस्वामी की अध्यक्षता में वार्षिक समीक्षा बैठक व नव वर्ष मिलन समारोह का आयोजन सुरेंद्र सिंह सिकरवार नेशनल अवॉर्डी शिक्षक के निवास गिर्राज कॉलोनी राधेश्याम पेट्रोल पंप के सामने जीटी रोड धौलपुर पर किया गया जिसमें जिले के राज्य व राष्ट्रीय पुरस्कृत शिक्षकों ने भाग लिया। राष्ट्रपति अवॉर्ड से सम्मानित शिक्षक सुरेश गोस्वामी ने फोरम की ओर से किए जाने वाले कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला फोरम की ओर से आयोजित होने वाले सम्मान समारोह में चयन व प्रदेश स्तर से उपलब्ध करवाई जाने वाली बोर्ड टिप्स पुस्तिका के स्कूलों में वितरण पर सामूहिक चर्चा की गई। टिप्स पुस्तिका के प्राप्त करने के लिए जयपुर जाने पर भी विचार विमर्श किया। मीडिया प्रभारी व कोषाध्यक्ष भगवान सिंह मीना ने बताया कि नव वर्ष मिलन समारोह के अवसर पर प्रदेश नेतृत्व की ओर से 11 जनवरी को जयपुर में आयोजित बैठक में भाग लेने वाले सदस्यों की सहमति, राज्य स्तर पर सम्मानित शिक्षकों के अभिनंदन समारोह आयोजित करने पर चर्चा, महासचिव राजस्थान पुरस्कृत शिक्षक फोरम रामेश्वर दयाल शर्मा की मंशा के अनुरूप प्रदेश नेतृत्व के आदेशों की पालना के लिए सक्रिय व कर्मठ कार्यकर्ताओं का चयन, बालिका शिक्षा प्रोत्साहन व पर्यावरण संरक्षण के लिए पुरस्कृत शिक्षक फोरम धौलपुर की ओर से आगामी समय में किए जाने वाले कार्यक्रमों योजना तैयार करना सहित कई अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर राज्य पुरस्कृत प्राचार्य अतुल चौहान, परवेज खां, राष्ट्रपति अवॉर्ड से सम्मानित शिक्षक सुरेंद्र सिकरवार, उदय सिंह, श्रीकृष्ण सिंह परमार, रेनू सिकरवार, गौरव बाबू शर्मा, मुकेश बाबू शर्मा ने अपने अपने विचार रखे। वृक्षारोपण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी व समाज सेवा के लिए उत्कृष्ट भागीदारी निभाने के लिए राष्ट्रपति अवॉर्ड से सम्मानित शिक्षक सुरेंद्र सिकरवार का फोरम ने माला व साफा पहनाकर सम्मान किया। इस अवसर पर फोरम के सदस्य उपस्थित रहे।

# निर्माण कार्य बंद होने से अधूरा पड़ा सीसी रोड



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** कस्बे के मंदाकिनी महादेव मार्ग पर सार्वजनिक निर्माण विभाग की ओर से बनाया गया सीसी रोड निर्माण कार्य बंद होने से एक माह से अधूरा पड़ा हुआ हैं।उक्त रोड देवबुर्ज से छोटा दरवाजा तक बनना तय था।लेकिन छोटा दरवाजा की तरफ करीब 60 मीटर लम्बाई तक का रोड अधूरा छोड़ दिया गया।विदित हैं कि रोड की स्वीकृति के बाद भी कई महीनों तक निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पाने व पुराने रोड को भी तोड़ दिए जाने से लोगों को लंबे समय तक परेशानियां उठानी पड़ी थी। अब रोड बना भी तो अधूरा छोड़ दिया गया। पीडब्ल्यूडी के कनिष्ठ अभियंता नरेंद्र धाकड़ ने बताया कि 510 मीटर तक कि लम्बाई के रोड के लिए 40 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई थी। जबकि देवबुर्ज से छोटा दरवाजा तक 570 मीटर की दूरी हैं। शेष 60 मीटर तक का रोड भी जल्द ही निर्माण करवाने के प्रयास किए जाएंगे।

# गौभक्त दीपक गौड़ की स्मृति में रक्तदान शिविर



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** गौशाला संस्थापक गौभक्त दीपक गौड़ की तृतीय पुण्यतिथि पर सतकुड़िया चौराहे के पास स्थित श्री संकटमोचन बालाजी गौशाला प्रांगण में रक्तदान शिविर का आयोजन भीलवाड़ा ब्लड बैंक टीम के सहयोग से किया गया। शिविर में 107 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। मौजूद लोगों ने दीपक गौड़ के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।विधायक प्रतिनिधि जगदीश खंडेलवाल, पूर्व प्रधान गोपाल मालवीय,संजय धाकड़,गोपाल सिंह मकरेड़ी, रामफूल धाकड़,हितेंद्र सिंह राजोरा,मनोज गोधा,पंकज गांग व उमा शंकर वैष्णव समेत कई लोग मौजूद रहे।

# कोहरे में वाहन चलाते समय बरतें सावधानी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला परिवहन व सड़क सुरक्षा विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा व राज्य मंत्रालय भारत सरकार के आदेश की पालना में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी व जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के दिशा निर्देशन में जिला परिवहन विभाग की ओर से संघन समझाइश अभियान चलाया जा रहा है। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत रेलवे स्टेशन, पुराना डाकखाना चौराहे पर टेंपो चालकों के बीच समझाइश अभियान चलाया गया। टेंपो चालकों को पंपलेट वितरित की गई है। परिवहन निरीक्षक शैलेंद्र वर्मा ने चालकों से कहा कि चालक वाहन चलाते समय सदैव समय यातायात नियमों का पालन करें तथा जब भी सड़क पर कोई दुर्घटना में घायल आपको दिखाई दे तो तत्काल प्रभाव से उसे नजदीकी चिकित्सालय में पहुंच कर मानव धर्म निभाएं। उन्होंने कहा कि इन दोनों कोहरा अत्यधिक हो रहा है। कोहरे के समय रिफ्लेक्टर का प्रयोग करें। रात्रि के समय यात्रा से बचें तथा वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करें। वाहन की गति को नियंत्रित रखें। यातायात प्रभारी बलविंदर सिंह ने नियमों की पालना न करने वाले चालकों के ख़िलाफ़ चालान की कार्रवाई की। विभाग की ओर से नियमित रिफ्लेक्टर अभियान भी चलाया जा रहा है। विद्यालय स्तर पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता व स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का विद्यालय स्तर पर ब्लॉक स्तर पर व जिला स्तर पर आयोजन कराया जाएगा।



# बकाया बिजली बिलों को लेकर विद्युत निगम लगाएगा कैंप



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर/राजाखेड़ा(निस)।** विद्युत विभाग जेवीवीएनएल उपखंड राजाखेड़ा सहायक अभियंता आनंद तिवारी ने बताया कि जिन गांवों के उपभोक्ताओं पर बिजली का बिल बकाया है, वहां विभाग की तरफ से मंगलवार 6/1/2026 को समस्या समाधान के लिए कैंप लगाएं जाएंगे जिसमें गांव धारापुरा सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक उसके बाद गांव दगरा में दोपहर 2 बजे शाम 4 बजे तक कनिष्ठ अभियंता विशाल जायसवाल की ओर से जनसुनवाई की जाएगी। इसी प्रकार गांव सांवलिया पुरा में सुबह 11 बजे से 1 बजे तक उसके बाद गांव चीलपुरा में दोपहर 2 बजे से शाम 4.30 बजे तक कनिष्ठ अभियंता रणवीर सिंह मूंड जन सुनवाई कर मौके पर ही समस्याओं का समाधान करेंगे।सहायक अभियंता तिवारी की लोगो से अपील है कि वो शिविर में आकर अपनी बिल से संबंधित समस्याओं का समाधान करा लें इसके बाद जिन उपभोक्ताओं ने अपना बकाया बिल जमा नहीं किया तो उनके ट्रांसफार्मर को उतार कर कनेक्शन काटने की कार्यवाही की जाएगी।

# विश्व गीता प्रतिष्ठानम् से गीता स्वाध्याय पाठ

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा श्रीमद् भागवत गीता का प्रचार प्रसार सदाचार सदबिचार हो को लेकर गीता संस्कृत स्वाध्याय मंडल भिंड की ओर से योगेश्वर भगवान श्री कृष्ण को सखा या आराध्य बनाकर ही गीता ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। घर घर गीता का प्रचार हो जन अभियान के अंतर्गत शहर की हाउसिंग कॉलोनी में विश्व गीता प्रतिष्ठानम् से गीता स्वाध्याय पाठ किया गया। कार्यक्रम के मीडिया प्रभारी शैलेश सक्सेना ने बताया कि कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य यजमान राहुल सोनी की ओर से भगवान कृष्ण के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से हुआ। जिला संयोजक विष्णु कुमार शर्मा की ओर से सामूहिक रूप से सस्वर स्वाध्याय पत्र का वाचन किया गया। उन्होंने उपस्थित सभी गीता प्रेमियों से हर हालत में गीता



पढ़ने का आह्वान किया साथ ही गीता ग्रंथ को घर-घर पहुंचाने का आग्रह किया। सुभाषित का वाचन प्रमोद मिश्रा ने किया। उन्होंने कहा कि व्यक्ति को जीवन में समय का सदुपयोग करना चाहिए मृत्यु किसी की प्रतीक्षा नहीं करती है प्रदीप ऋषिश्वर की ओर से सभी लोगों से बार-बार यही निवेदन किया कि सभी अपने-अपने घरों में गीता का पाठ अवश्य करें गीता पाठ से व्यक्ति का जीवन बदल सकता है। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में, चिकित्सा के क्षेत्र में, कर्म के क्षेत्र में, धर्म और व्यवहारिक जीवन में गीता के महत्व को समझाया। समाजसेवी गगन शर्मा ने स्वामी विवेकानंद जी के एक प्रसंग से गीता की महत्ता बताई। उन्होंने बताया कि अमेरिका की शिकागो में अपने व्याख्यान के बाद जब वह अपने कमरे में थे तो उनकी टेबल पर गीता की पुस्तक के ऊपर अन्य किताबें रखी थी,जब एक अमेरिकन नागरिक ने उनसे पूछा कि यह गीता धार्मिक ग्रंथ है और इसे ही अपने सबसे नीचे रख रखा है तो विवेकानंद जी ने कहा कि विश्व में गीता ही सब गग्रंथों का आधार है और आधार हमेशा नीचे रहता है,अमेरिकन की आंखें फटी की फटी रह गईद्व अपने प्रेरणादायक प्रसंग में उन्होंने लोगों का ध्यान गीता की ओर आकर्षित किया। मुख्य यजमान राहुल सोनी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया । कार्यक्रम की व्यवस्था व देखरेख शैलेश सक्सेना की ओर से की गई। अंत में गीता जी की आरती व प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर महेश दुबे, महेंद्र बाबू तिवारी, राजेंद्र सिंह भदौरिया,दुर्गा दत्त शर्मा, बलदेव शर्मा, राजीव शर्मा, आनंद त्रिपाठी,विपिन चौधरी, कुलदीप राजावत, आकाश यादव, विवेक यादव, देवांश गोस्वामी, अर्पिता गोस्वामी, कृष्ण गोस्वामी, विवेक सोनी, गौतम, ओम पुरोहित, प्रशांत वर्मा, पी.एस.सोनी, टीना, पूनम शर्मा, अंशू राजावत, आकाश मिश्रा, गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

# कुमावत समाज सेवा संस्थान का विद्यार्थी सम्मान समारोह 18 को, तैयारियां शुरू

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** श्री कुमावत समाज सेवा संस्थान की ओर से लगातार आयोजित होने वाले प्रतिभा सम्मान समारोह से समाज में शिक्षा का स्तर बढ़ रहा है और ऐसे कार्यक्रम से छात्र-छात्राओं में उच्च शिक्षा के प्रति होड़ लगी हुई है। समाज में शिक्षा की बढ़ोतरी हो रही है, और सरकारी नौकरियों में भी मुनाफा हुआ है। इस डिजिटल प्लेटफार्म में आईएएस, आरएएस, सीए, डॉक्टर इंजीनियर, टीचर जैसे विभिन्न पदों पर समाज की होनहार प्रतिभाए आज पदस्थापित है। इसी के साथ वर्षों से सुमेरपुर में स्थापित श्री कुमावत समाज सेवा संस्थान लगातार समाज को विकसित करने का



## कार्य कर रही हैं। कुमावत सेवा

संस्थान के तत्वाधान में आगामी 18 जनवरी को समाज के विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत होंगे और अध्यक्षता उपखंड अधिकारी कालूराम कुम्हार करेंगे। समारोह के विशिष्ठ अतिथि अतिरिक्त शिक्षा अधिकारी जीवाराम टांक, डॉक्टर तेजाराम सोलंकी, डॉक्टर सावन कुमावत और मित्तल सेक्शन लिमिटेड कंपनी की सेक्रेटरी गुंजन रामीणा तथा मंच संचालन ललित बड़वाल करेंगे।

## इन प्रतिभाओं का होगा सम्मान:

समारोह में वर्ष 2024- 2025 की कक्षा 8,9,10,11 और 12 , स्नातक - स्नातकोत्तर में 65' से अधिक अंक प्राप्त करने वाले सुमेरपुर कुमावत समाज के छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। समारोह में आर्थिक योगदान देने वाले भामाशाहों का बहुमान किया जाएगा। कुमावत समाज, सुमेरपुर भवन में संस्थान के अध्यक्ष नारायण गहलोत की अध्यक्षता में विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें विशेष रूप से चर्चा की गई। समारोह में पूनाराम कुमावत, नटवर रामीणा, कूपाराम सुन्देशा, तुलसाराम रोटांगण पुखराज सोलंकी, चंपालाल चांदोरा, ललित बड़वाल, गुलाबचंद परिहार, नरपतलाल सणवेचा, खीमाराम रामीणा, हीरालाल पाड़ीवा, बाबूलाल गहलोत, ओमप्रकाश कुमावत, धनराज रामीणा, भैराराम मालविया, बाबूलाल रोटांगण, छगनलाल सणवेचा आदि कई सदस्य उपस्थित रहे।

# बालिका विद्यालय की जमीन का नहीं हो पाया चिन्हीकरण, टीम बैरंग लौटी

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** राजाखेड़ा के अंदर हाट मैदान से बाईपास रोड किनारे बालिका विद्यालय की विवादग्रस्त जमीन का चिन्हीकरण नहीं हो पाया। गौरतलब है कि राजाखेड़ा नगर पालिका की ओर से सन 2002 में खसरा नंबर 3949 में 13 बिस्वा जमीन विद्यालय को आवंटित की गई थी जिस जमीन पर कुछ लोगों ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर कर अतिक्रमण कर रखा है, उक्त जमीन ग्राम आबादी शिवाय चक की है। विद्यालय की ओर से व अन्य आम जनता की ओर से उक्त जमीन को अतिक्रमण मुक्त करने की गत कई सालों से पुरजोर मांग उठती रही जिसके लिए सेटलमेंट टीम भरतपुर की ओर से 1, 11.2025 को ऑनलाइन सर्वे किया गया था जिसके लिए पुन: सेटलमेंट टीम भरतपुर से महेंद्र कुमार विश्वेंद्र सिंह शिवकुमार तीन सदस्य टीम पुन: विद्यालय की जमीन की निशानदेही के लिए आई थी तो सर्वप्रथम तो टीम को उस मकान मालिक का इंत करना पड़ा जिनके मकान के ऊपर 1 नवंबर को ऑनलाइन सर्वे की मशीन रखी गई थी उसके ताला लगा हुआ था जिसके कारण नगर पालिका प्रशासन पुलिस प्रशासन सर्वे टीम व नगर पालिका की जेसीबी ट्रैक्टर आदि इंतजार करते रहे इसके बाद में टीम वापस चली



गई, 4:30 बजे मकान मालिक वापस आ गया। पुन: प्रशासन उक्त स्थान पर पहुंचा, जहां पर दूसरी बार में तहसीलदार दीप्ति देव भी मौके पर उपस्थित पहुंची। उनके साथ नायब तहसीलदार व कार्यवाहक अधिशासी अधिकारी नगर पालिका राजाखेड़ा देवेंद्र तिवारी जैन दयाल सिंह बघेल राजेंद्र सिंह नगर पालिका के अन्य कर्मचारी एएसआई वीरेंद्र सिंह अजीत सिंह हरि ओम अन्य पुलिस कर्मचारी मौजूद रहे जो कि सेटलमेंट टीम भरतपुर, तहसीलदार की ओर से हलका गिरदावर सुरेश पटवारी दीपक जैन को मौका पर्चा बनाने के आदेश देकर के पूरी टीम वापस हो गई अपने मौका पर्चा में सिविल न्यायाधीश खंड राजाखेड़ा के आदेश का हवाला देते हुए सभी प्रशासन एवं आम नागरिक अपने गंतव्य स्थान को रवाना हो गए।

# जिले में सड़क सुरक्षा अभियान चलाया

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले में 4 जनवरी दिन रविवार को सड़क सुरक्षा अभियान चलाया राजाखेड़ा रोड जाटोली चौराहे पुलिस चौकी हनुमान मंदिर के सामने रहगीर टेंपो चालक व सभी के लिए अभियान चलाया धौलपुर सड़क पर कोई दुर्घटना में घायल आपको दिखाई दे तो तत्काल प्रभाव से उसकी मदद करें और नजदीकी चिकित्सालय में पहुंचाकर मानव धर्म निभाएं। क्योंकि अब शहर की पुलिस मदद करने वालों से किसी भी प्रकार की कोई पूछताछ नहीं करेगी और राजस्थान सरकार गुड सेमीरेटन के रूप में आप सम्मानित भी करेगी। जिला परिवहन व सडक़ सुरक्षा विभाग मिलकर सड़क सुरक्षा एवं राज्य मंत्रालय भारत सरकार के आदेश की पालना में राष्ट्रीय सडक़ सुरक्षा माह का आयोजन किया जा रहा है जाटोली चौराहे पर टेंपो चालकों के बीच समझाइश अभियान चलाया गया। जिला परिवहन अधिकारी गौरव यादव ने बताया कि टेंपो चालकों के बीच संघन समझाइश अभियान चलाया गया है। टेंपो चालकों को पंपलेट वितरित की गई है। पता होना यातायात नियमों की पालना करने के लिए



हिदायत दी गई है। परिवहन निरीक्षक श्रीकांत कुमावत में चालकों से कहा कि वह सदैव वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करें। उन्होंने कहा कि सड़क पर कोई दुर्घटना में घायल आपको दिखाई दे तो तत्काल प्रभाव से उसकी मदद करें और नजदीकी चिकित्सालय में पहुंचाकर मानव धर्म निभाएं।उन्होंने कहा कि ऐसा करने वालों से पुलिस किसी भी प्रकार की कोई पूछताछ नहीं करेगी। इस अवसर पर यातायात विभाग की ओर से एएस आई महेश कुमार, महिला हेड कांस्टेबल बीना सिंह, गुंजन, अशोक, देवेंद्र सिंह, राजकुमार व राजवीर रोमनसिंह गुर्जर पुलिस चौकी जाटोली मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# कर्मचारियों की उपेक्षा पर महासंघ एकीकृत का फूटा गुस्सा; संभाग स्तर पर आंदोलन का शंखनाद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर/धौलपुर।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ (एकीकृत) की प्रदेश कार्यकारिणी की एक महत्वपूर्ण बैठक आज प्रदेश कार्यालय, केंद्रीय मुद्रणालय जयपुर में आयोजित की गई। महासंघ के संरक्षक कुलदीप यादव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में राज्य सरकार की ओर से कर्मचारियों की मांगों के प्रति अपनाए जा रहे उपेक्षापूर्ण रवैये को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। संविदा कर्मियों का नियमितीकरण: विभिन्न विभागों में वर्षों से कार्यरत संविदा, प्लेसमेंट और मानदेय कर्मियों के लिए स्थाई नीति बनाकर उन्हें नियमित करना। पदोन्नति के अवसर: सभी कैडरों में पदोन्नति के समान अवसर सुनिश्चित करना और रुकी हुई डीपीसी को तुरंत संपन्न कराना। भत्तों में बढ़ोतरी: सचिवालय के समान अन्य अधीनस्थ और मंत्रालयिक कर्मचारियों को भी भत्ते प्रदान करना और अन्य लंबित भत्तों का पुनरीक्षण। कैशलेस इलाज (स्त॥स) की खामियां: आरजीएचएस योजना में दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना और निजी अस्पतालों में आ रही तकनीकी बाधाओं को स्थाई रूप से हल करना। इसके अलावा विभिन्न विभागों के कर्मचारी संगठनों ने सरकार और खेमराज कमेटी की ओर से वेतन विसंगतियों को दूर करने के वादे के साथ ही बजट घोषणा से मुकरने (वादा खिलाफी) , सेवानिवृत्त के समय जीपीएफ, राज्य बीमा सहित अन्य भुगतान नहीं होने पर कड़ा विरोध दर्ज कराया। भरतपुर संभाग से आए प्रतिनिधियों ने स्त॥स योजना के तहत कर्मचारियों के गलत निलंबन का मुद्दा प्रमुखता से उठाया। बैठक में तकनीकी, मंत्रालयिक, अधीनस्थ, वाहन चालक, महिला बाल विकास, होमगार्ड, मेडिकल, आईटी, शिक्षक संघ एकीकृत, जनता जल योजना, रसोइया चौकीदार, फार्मासिस्ट, और सहायक कर्मचारी संघ सहित कई संगठनों ने अपनी लंबित मांगों से महासंघ को अवगत कराया। कर्मचारियों की समस्याओं के



समाधान में सरकार की शिथिलता को देखते हुए प्रदेशाध्यक्ष गजेन्द्र सिंह राठौड़ ने सर्वसम्मति से प्रदेशव्यापी आंदोलन का निर्णय लिया है। जिसमें प्रथम चरण में संभाग स्तर पर विशाल धरने आयोजित कर सरकार को जगाने का कार्य किया जाएगा। सभा में प्रदेशाध्यक्ष गजेंद्र सिंह राठौड़, संरक्षक कुलदीप यादव, महामंत्री मोहनलाल शर्मा सहित प्रमुख कर्मचारी नेता बहादुर सिंह, शेर सिंह यादव, सर्वेश्वर शर्मा,अजयवीर सिंह, प्रहलाद अग्रवाल, चन्द्रभान चौधरी,ओम प्रकाश श्रीमाली, प्रदीप गर्ग, मधुबाला शर्मा, रंजीत मीणा, छोटे लाल मीना, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, ओमप्रकाश चौधरी, उमेश शर्मा, मधुबाला शर्मा, झलकन सिंह राठौड़, बजरंग सिंह शेखावत, नाथू सिंह गुर्जर,शशि शर्मा, अशोक भंडारी, धूल सिंह, देवी सहाय वर्मा, तिलक चंद शर्मा, सुभाष यादव, योगेश शर्मा, सीताराम धाभाई, वीरेन्द्र यादव, शहीदुदीन, रामनिवास जाटव, तेज प्रकाश चतुर्वेदी, चंद्रभान चौधरी, अनिश अहमद, लक्ष्मीनारायण, गुलाब सिंह, सुरेश नारायण शर्मा, प्रताप सिंह, गुलशन बागोरिया, नरेंद्र शर्मा सहित अन्य कर्मचारी नेता उपस्थित रहे।

# अवैध देशी शराब बिक्री करते एक व्यक्ति गिरफ्तार, 56 पव्वे जब्त



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में व वैभव शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला धौलपुर के निर्देशन में तथा खलील अहमद आरपीएस सीओ वृत्त मनियां के सुपरविजन में थानाधिकारी गम्भीर सिंह पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया जाकर पुलिस टीम की ओर से एक व्यक्ति को 56 पउआ अवैध देशी शराब के गिरफ्तार किया गया। घटना विवरण राजाखेड़ा थानाधिकारी गम्भीर सिंह पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में 4 जनवरी 2026 को पुलिस टीम का गठन किया जाकर सूरजमल एएसआई मय टीम ने मुल्जिम जसवंत सिंह पुत्र चरन सिंह उम्र 50 साल ठाकुर निवासी गंगोलियापुरा थाना राजाखेड़ा जिला धौलपुर को 56 पऊआ अवैध देशी शराब के गिरफ्तार कर प्रकरण धारा आबकारी अधिनियम में दर्ज किया गया। मुल्जिम को अनुसंधान के बाद न्यायालय में पेश किया जाएगा।


## कार्यालय मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, खैरथल - तिजारा

क्रमांक / मुख्य / एनएचएम / 2025-26/959 दिनांक- 05/01/2025

### ई निविदा सूचना

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी खैरथल - तिजारा के अधीन संचालित संस्थानों में डेन्टल रोग के ईलाज के लिये डायग्नोस्टिक फॉर डेन्टल कन्ज्युमेबल उपकरण की व्यवस्था हेतु पंजीकृत फर्म / एजेन्सी के माध्यम से निम्नलिखित प्रकार निविदाएं निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है।

| क्रसं. | कार्य | अनुमानित लागत लाखों में | बयाना राशि रू. में | बोली फार्म राशि रू. में | ऑनलाइन बोली आवेदन डाउनलोड / प्राप्त करने की तिथि | बिड सिक्योरिटी, निविदा शुल्क व टेण्डर फार्म जमा कराने की अंतिम तिथि व समय | बिड खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | डायग्नोस्टिक फॉर डेन्टल कन्ज्युमेबल उपकरण | 2.50 लाख | 5000 | 200 | 05.01.2026 को 5 पी.एम. से 12.01.2026. दोपहर 11 बजे तक | 12.01.2026 को दोपहर 12.00 बजे तक | 12.01.2026 को दोपहर 2 बजे |

उपरोक्त निविदाएं www.sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
NIB - MHS2526A4000
UBN- MHS2526GSRC05792

मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला स्वास्थ्य समिति एवं
मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी,
खैरथल - तिजारा

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, मंगलवार
6 जनवरी, 2026

# परशुराम सर्किल व खेतेश्वर सर्किल बनाने की उठी मांग, नगरपरिषद सभापति को ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के विप्र फाउंडेशन, छः न्याति व ब्राह्मण समाज ने सोमवार को भगवान परशुराम चौक व सर्किल बनाने के लिए सरदारशहर सभापति राजकरण चौधरी को ज्ञापन देकर वर्षों से चली आ रही मांग की तरफ ध्यानाकर्षित करवाया गया और जल्द ही संज्ञान लेकर परशुराम चौक व खेतेश्वर सर्किल बनाने की मांग की है। बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारियों ने वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद राजपुरोहित, प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित व तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा के नेतृत्व में ज्ञापन दिया गया। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन पदाधिकारियों ने



सभापति को प्रमुख स्थानों को अवगत कराते हुए बताया भी है। नगरपरिषद सभापति राजकरण चौधरी ने आश्वस्त करते हुए कहा कि जल्द ही उपयुक्त जगह को चिन्हित कर पदाधिकारियों के साथ जगहों का जायजा लिया जाएगा। विप्र फाउंडेशन प्रदेश उपाध्यक्ष मधुसूदन राजपुरोहित ने कहा कि संगठन की ओर से इस सन्दर्भ में पहले भी कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र राजपुरोहित ने कहा कि संगठन की ओर से भगवान परशुराम व संत श्री खेतेश्वर सर्किल की मांग को सभापति ने पुरा करने का विश्वास दिलाया है। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन विप्र फाउंडेशन प्रदेश सचिव श्याम लाल जोशी, प्रदेशाध्यक्ष सुनील मिश्र, प्रदेश महामंत्री भरत शर्मा, जिला उपाध्यक्ष महेन्द्र देरासरी, तहसील अध्यक्ष वैद्य महेंद्र शर्मा, तहसील महामंत्री राजकुमार गौड़, युवा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह राजपुरोहित, पंडित कैलाश चौमाल, मदनलाल बबेरवाल, हुल्लास चन्द्र व्यास, सुरेन्द्र दाधीच, मुखराम नाथोलिया, कमला प्रसाद जोशी, पार्षद लालबहादुर सेवदा, शम्भु दयाल पारीक, श्याम सुन्दर गील, प्रदीप पांडिया, अभिषेक पारीक, हेमन्त पारीक, बजरंग सेवदा, प्रदीप दीक्षित, एडवोकेट रमेश भोजक, नारायण लाटा, बृजमोहन भोजक, राजेन्द्र तिवारी, सुशील गुर्जरगौड़ सहित अनेक विप्र समाज के बंधु उपस्थित थे। इस अवसर पर विप्र फाउंडेशन, छः न्याति, श्री राजपुरोहित रघुनाथ सेवा संस्थान व सर्व समाज, करणी सेना आदि संगठनों के पदाधिकारियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर जल्द ही संज्ञान लेकर परशुराम चौक व खेतेश्वर सर्किल की मांग को पूरा किया जाए। उपरोक्त जानकारी विप्र फाउंडेशन प्रदेश मीडिया प्रभारी पवन चोटिया ने दी।

## निःशुल्क कम्प्यूटर कोर्स शुरू, पुस्तके वितरित



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** महिला व बाल विकास विभाग की और से चयनित महिलाओं व बालिकाओं के लिए संचालित निःशुल्क आरएससीआईटी व आरएससीएफए कम्प्यूटर कोर्स का रविवार को हर्ष कम्प्यूटर सेंटर राजलदेसर में शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगरपलिका पार्षद सुलोचना ने की। कार्यक्रम में अतिथियों ने 26 महिलाओं व बालिकाओं को पुस्तके वितरित की गई। सेंटर निदेशक नन्दलाल प्रजापत ने बताया कि तीन माह तक प्रशिक्षण के बाद परीक्षा होंगी। इस मौक़े पर बालिकाए व महिलाएं मौजूद रही।

## पेयजल की मांग को लेकर ग्रामीणों का विरोध प्रदर्शन



जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** तारानगर क्षेत्र के गाँव जिगसाना ताल व जोरजी का बास के ग्रामीणों ने गाँव में पेयजल समस्या को लेकर अधिशाषी अभियंता जनस्वास्थ्य वं अभियांत्रिकी परियोजना कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। सैकड़ों ग्रामीणों ने जलदाय विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर विरोध जताया। पेयजल की मांग को लेकर विभाग के सहायक अभियंता को ज्ञापन भी दिया गया। गुस्साए लोगों ने कहा समय रहते पेयजल समस्या को दुरुस्त नहीं किया गया तो ग्रामीण विभाग के आगे अनिश्चितकालीन धरने पर बैठेंगे। इस मौके पर चंदन डोटासरा, गोविंदराम, मदन बोला, मानसिंह, मेहर चंद, मुंशीराम, साडूराम, लालचंद, राकेश, सुनील, कृष्ण, सुरजीत, सुरेश, धर्माराम सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## नाबालिग की हत्या का खुलासा, दुष्कर्म कर आरोपी गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स



**बीदासर(निस)।** थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाके में शौच के लिए घर से निकली नाबालिग लड़की की हत्या के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी दिलीप सिंह ने बताया कि नाबालिग लड़की की की हत्या कर दी गई थी। घटना की गंभीरता को देखते हुए मौके का निरीक्षण कर एफएसएल और तकनीकी टीम को बुलाया गया तथा आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए गए। मृतका का पोस्टमार्टम करवाने पर वह लगभग 6 माह की गर्भवती पाई गई। इसके बाद भ्रूण का डीएनए परीक्षण कराया गया और संदिग्ध व्यक्तियों के डीएनए सैंपल लेकर एफएसएल को भेजे गए। एफएसएल रिपोर्ट मिलने और गहन जांच-अनुसंधान के बाद नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी कृष्ण उर्फ सुनील पुत्र जगदीश मेघवाल, उम्र 21 वर्ष, निवासी घटियाल छोटी को रविवार को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर आगे की अनुसंधान प्रक्रिया के बाद माननीय न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

## योगक्षेम संगठन यात्रा पहुंची बीदासर, अणुव्रत कैलेंडर का विमोचन



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** योगक्षेम संगठन यात्रा के तहत अणुव्रत समिति बीदासर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जय मुनि ने अणुव्रत कैलेंडर का विमोचन किया। जय मुनि व साध्वी मंजू यशा जी ने मंगल पाठ सुनाकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम के दौरान अणुव्रत वाटिका का निरीक्षण किया गया और अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट के प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। केंद्रीय प्रभारियों के रूप में अणुविभा उपाध्यक्ष डॉ. कुसुम लूनिया, विनोद बच्छावत (संयोजक अणुव्रत प्रकाशन सदस्यता), डॉ. नीलम जैन (संयोजक पर्यावरण जागरूकता अभियान) और नवल किशोर मीणा (सह संयोजक अणुव्रत काव्य धारा व मंत्री अणुव्रत समिति बीदासर) उपस्थित रहे। समिति अध्यक्ष दानमल बांठिया, चाड़वास अध्यक्ष जगदीश ज्यानी, बीदासर महिला मंडल, कन्या मंडल, ज्ञान शाला और तेरापंथ सभा के सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। अणुव्रत समिति बीदासर से संगठन मंत्री गोपाल गुर्जर, महावीर बेद, विकास गीड़िया, कन्हैयालाल दर्जी, दीनदयाल प्रजापत, सोहन पोटलिया, रामकरण, मंजू बोथरा, चंदा गीड़िया और शिखा बेद सहित कई नागरिकों ने कार्यक्रम में अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज कराई। कार्यक्रम ने अणुव्रत संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का महत्वपूर्ण कार्य किया और युवाओं में जागरूकता फैलाने का संकल्प मजबूत किया।

## एनएसएस शिविर में साइबर सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** सांवरलाल सुशीला देवी सुथार राजकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के तृतीय दिवस सोमवार को साइबर सुरक्षा जागरूकता थीम के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सी. पी. सिगड़ ने की, जबकि मुख्य अतिथि व वक्ता पुलिस थाना बीदासर के सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) राजेंद्र सिंह रहे। उन्होंने बढ़ते साइबर अपराधों, ऑनलाइन ठगी, फिशिंग, सोशल मीडिया दुरुपयोग और डिजिटल लेन-देन में बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी। एएसआई राजेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों को मजबूत पासवर्ड रखने, ओटीपी गोपनीय रखने, संदिग्ध लिंक से बचने तथा साइबर अपराध की स्थिति में तुरंत शिकायत दर्ज कराने के तरीकों से



अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन एनएसएस अधिकारी दिनेश कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में साइबर सुरक्षा की जानकारी हर नागरिक के लिए आवश्यक है और हृस्स स्वयंसेवकों को इसे समाज तक पहुँचाने की जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कार्यक्रम में डॉ. सारिका भूरा, पवन जांगिड, रितु कुंवर, राहुल पिलानिया, नेहा शर्मा सहित महाविद्यालय स्टाफ व एनएसएस स्वयंसेवक मौजूद रहे।

## जीप व बाइक की भिड़ंत में एक की मौत, दो गंभीर घायल

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** बीकानेर रोड पर गांव बंधनाऊ के पास जीप व बाइक की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में बाइक सवार तीन जने गंभीर घायल हो गए। वहां से गुजर रहे निजी वाहन के चालक ने अपने वाहन से घायलों को राजकीय उप जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया। राजकीय उप जिला अस्पताल में डॉ किशन सिहाग के नेतृत्व में नर्सिंग टीम ने घायलों का उपचार शुरू किया। एक गंभीर घायल के गंभीर चोटें होने के कारण डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया। वहीं एक गंभीर घायल का प्राथमिक उपचार कर उसे हायर सेंटर बीकानेर रैफर कर दिया गया। एक घायल का राजकीय उप जिला अस्पताल में उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार गांव भादासर दिखणादा के कानाराम पुत्र चंदू राम नायक उम्र 25 साल, राजूराम पुत्र पूर्णाराम नायक उम्र 26 साल, चौरुराम पुत्र पूर्णाराम नायक उम्र 25 साल बाइक पर सवार होकर गांव बंधनाऊ की तरफ आ रहे थे कि गांव बंधनाऊ के



पास सामने से आ रही जीप से बाइक की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। सूचना पर अस्पताल पहुंची पुलिस ने मृतक चौरुराम नायक के शव को कब्जे में लेकर राजकीय उप जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया गया। कानाराम नायक के गंभीर चोटें होने के कारण उसे हायर सेंटर बीकानेर रैफर किया गया। वहीं राजूराम नायक का राजकीय उप जिला अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस ने घायलों के परिजनों से संपर्क कर घटना की जानकारी देकर आगे की जांच शुरू कर दी। पुलिस परिजनों की रिपोर्ट पर अग्रिम कार्रवाई करेगी।

## सर्दी बढ़ी तो राजकीय उपजिला अस्पताल में मरीजों की संख्या 2 हजार के पार

### अस्पताल में उमड़ रही मरीजों की भीड़

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में बारिश के बाद लगातार सर्दी तेज होती हुई नजर आ रही है। जहां एक और बारिश होने के बाद किसान खुश नजर आ रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर आमजन को मौसमी बीमारियों के प्रकोप का सामना करना पड़ रहा है। सर्दी बढ़ने के साथ ही आम जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हुआ है। सुबह और शाम के समय लोग अलाव का सहारा लेकर सर्दी से बचने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं राजकीय उपजिला अस्पताल में भी सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार आदि वायरल बीमारियों से जुड़े मरीजों की संख्या 2 हजार के पार पहुंच चुकी है। राजकीय उपजिला अस्पताल में पर्ची काउंटर, दवाई काउंटर और डॉक्टरों के पास लंबी-लंबी कतार नजर आ रही है। राजकीय उपजिला अस्पताल के डॉक्टर मरीज को इलाज के साथ-साथ उपाय के तरीके भी बता रहे हैं। राजकीय उपजिला अस्पताल के डॉ आरिफ खान ने बताया कि बारिश के बाद अचानक सर्दी बढ़ने से वायरल बीमारियों के मरीजों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। सर्दी, खांसी, जुखाम, बुखार आदि वायरल बीमारियों से जुड़े मरीज काफी संख्या में अस्पताल आ रहे हैं और इलाज ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि अधिक ठंड को देखते हुए आमजन को सावधानी बरतने की जरूरत है। खास तौर पर बच्चों और बुजुर्गों को ठंड के समय घर से बाहर नहीं निकलना



चाहिए। उन्होंने कहा कि खाने-पीने में भी सावधानी बरतने की जरूरत है। गरम खाने पीने का उपयोग करें और जहां तक हो सके अपने आप को सर्दी से बचा कर रखें। वहीं राजकीय उपजिला अस्पताल की स्त्री एवं महिला रोग विशेषज्ञ डॉ प्रिया शेखावत ने बताया कि गर्भवती महिलाओं में भी वायरल बीमारियों का प्रकोप देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाओं को सर्दी से बचने की आवश्यकता है। क्योंकि गर्भवती महिलाओं को क्षमता से अधिक दवाइयां नहीं दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि गर्भवती महिलाएं अपने आप को गर्म कपड़ों से ढककर रखें और गर्म खाने पीने का उपयोग करें और घर में रखी पुरानी दवाइयां का सेवन न करें। गर्भवती महिलाएं चिकित्सक की सलाह से ही दवाई का उपयोग करें। वहीं राजकीय उपजिला अस्पताल में अधिक भीड़ होने के कारण मरीजों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। घण्टों तक लाइन में लगकर पहले पर्ची कटवाना, उसके बाद लाइन में लगकर डॉक्टर को दिखाना और बाद में दवा लेना ऐसे में मरीज परेशान नजर आ रहे हैं।

## सजगता से बची युवक की जान

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार और अन्य साथियो की सजगता से युवक की जान रविवार को बच गयी। स्वर्णकार ने बताया कि गत शाम को उन्हें राहगीर बस चालक प्रेमसुख की ओर से सूचना मिली कि गुलेरिया से सुजानगढ़ तिराहे के बीच रोड किनारे एक युवक बेसुध पड़ा है। इस पर स्वर्णकार, एम्बुलेंस चालक भरत और सुजानगढ़ कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचे तथा युवक को अस्पमताल पहुंचाया। युवक लाडनू का कमल किशोर था, जिसको भर्ती करवाने के बाद परिजनों को सूचना दी गई। सम्भवतः रोड किनारे किसी वाहन की टक्कर या इस जबरदस्त ठंड की वजह से रात भर पड़े रहने पर युवक की जान भी जा सकती थी।

## बाइक चोरी के 3 आरोपी गिरफ्तार, 9 बाइक बरामद

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** पुलिस ने क्षेत्र में लगातार हो रही बाइक चोरी की घटनाओं पर रोक लगाने के लिए बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 1 नहीं 2 नहीं बल्कि 9 बाइक बरामद कर बाइक चोरी करने वाले गिरोह के तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सरदारशहर पुलिस की 2026 की यह पहली बड़ी कार्रवाई शहरवासियों को काफी राहत प्रदान करेगी। क्योंकि शहर में हो रही लगातार बाइक चोरी से शहरवासी परेशान थे। थानाधिकारी मदनलाल बिश्नोई ने बताया कि लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस की ओर से अलग-अलग टीमों का गठन कर सीसीटीवी कैमरों के आधार पर बाइक चोरों की तलाश शुरू की गई। सरदारशहर पुलिस थाने के कांस्टेबल लीलाधर मीणा की विशेष भूमिका से पुलिस ने लगातार बाइक चोरी करने वाले कल्याणपुरा बिदावतान निवासी सुनीलसिंह उर्फ सोनूसिंह पुत्र रामसिंह राजपूत, 26 वर्षीय रवि पुत्र रामसिंह राजपूत ओर हनुमानगढ़ के टीबी निवासी 19 वर्षीय सुमित पुत्र श्यामलाल सोनी को गिरफ्तार किया गया है और उनके पास से कुल 9 बाइक बरामद की गई है। वहीं पुलिस अब आरोपियों से अन्य चोरियों की वारदातों के बारे में गहनता से पूछताछ कर रही है। थानाधिकारी ने कहा कि सभी शहारवासियों से अपील की जाती है कि वह अपने वाहनों की सुरक्षा के प्रति सतर्क रहे। वाहनों में लॉक का प्रयोग करें और किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना होने पर तुरंत पुलिस थाने में या कंट्रोल रूम में सूचना दें। इस कार्रवाई में एएसआई महेंद्रसिंह, हेडकांस्टेबल धनाराम, ताराचंद, कांस्टेबल शिवकुमार की भूमिका रही हैं। कांस्टेबल लीलाधर मीणा की विशेष भूमिका से पुलिस ने इस पूरी कार्रवाई को अंजाम दिया है।

## भूमा की बेटी प्रियांशी शर्मा बनीं गोल्डन गर्ल

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** बॉल बैडमिंटन फेडरेशन ऑफ एशिया व नेपाल बॉल बैडमिंटन महासंघ के तत्वावधान में 1 से 6 जनवरी तक काठमांडू व बिराटनगर (नेपाल) में आयोजित इंडो-नेपाल बॉल बैडमिंटन टेस्ट सीरीज में भारतीय महिला बॉल बैडमिंटन टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि में छोटा भूमा निवासी प्रियांशी शर्मा पुत्री महेश शर्मा की अहम भूमिका रही। प्रियांशी के भारतीय टीम में चयन के बाद अब गोल्ड मेडल जीतने से पूरे क्षेत्र में खुशी और गर्व की लहर



दौड़ गई है। ग्रामीणों, खेल प्रेमियों व क्षेत्रवासियों ने प्रियांशी शर्मा को इस स्वर्णिम सफलता के लिए बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने न केवल भूमा और लक्ष्मणगढ़, बल्कि पूरे देश का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। प्रियांशी की इस सफलता पर पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि व पूर्व विप्र फाउंडेशन सदस्य पवन शर्मा सहित लक्ष्मणगढ़ के सभी समाजों के प्रबुद्धजनों ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य, निरंतर सफलता व आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में और भी श्रेष्ठ प्रदर्शन की कामना की है। भूमा की इस बेटी की उपलब्धि आने वाली पीढ़ी के खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बन गई है।

# कांग्रेस का नववर्ष स्नेह मिलन समारोह आयोजित

जयपुर टाइम्स

**तारानगर(निस)।** कांग्रेस की ओर से सोमवार को कस्बे के जाट धर्मशाला में विशाल नववर्ष स्नेह मिलन व संकल्प दिवस समारोह का आयोजन किया गया जिसमें स्थानीय विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया, लोकसभा सांसद राहुल कस्वां, जिलाध्यक्ष सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल, सादुलपुर पूर्व विधायक कृष्णा पूनियाँ आदि ने समारोह में शिरकत की। अतिथियों का शॉल, साफा व माला से भव्य स्वागत किया गया। विधायक नरेन्द्र बुड़ानिया ने कांग्रेस कार्यकर्ताओ व लोगों को नववर्ष की शुभकामनाए देते हुए कहा कि मैं ढाणी से साधारण परिवार से निकला हुआ किसान का बेटा हूँ। आप सभी का दुख दर्द समझता हूँ। यह बुड़ानिया आपका सेवक है और



आपका ही रहेगा मैं आने वाली पीढ़ी के लिए क्षेत्र में शिक्षा, सिंचाई सहित अन्य विकास कार्यों को प्रमुखता से करवाना चाहता हूँ ताकि लोगों को इसका फायदा मिल सके। सरकार के नुमाइंदे ही सरकार के प्रोटोकॉल व कानून की धज्जियाँ उड़ाकर स्वीकृत करवाए कामों के लोकार्पण व शिलान्यास कर झूठी वाही वाही लूट रहे है, नुमाइंदें जिला परिषद, ग्राम पंचायतों, वार्डो को तोड़कर राजनितिक फायदा लेना चाहते है लेकिन जनता सब जानती है इनसे इनको कोई फायदा नहीं मिलने वाला है। बुड़ानिया ने सभी से कहा कि कोई कार्यकर्ता डरें नहीं मैं आपके साथ हूँ। समारोह को सम्बोधित करते हुए सासंद राहुल कस्वां ने कहा कि डबल इंजन की सरकार का इंजन फैल हो रहा है, भाजपा राज में लोग बिजली, पानी व अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर जूझ रहे है। इस सरकार में कोई काम नहीं हो रहा है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुजानगढ़ विधायक मनोज मेघवाल ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता आला कमान की ओर से केंद्र व राज्य सरकार के काले कारनामों के खिलाफ किये जाने वाले विरोध प्रदर्शनों में भाग लेने का संकल्प लेकर जाएँ व कांग्रेस को मजबूत बनाएं। समारोह को सादुलपुर की पूर्व विधायक कृष्णा पूनियाँ, निर्वतमान प्रधान संजय कस्वां, पीसीसी सदस्य अमित बुड़ानिया, अभिषेक बुड़ानिया, उमाशंकर शर्मा, पालिका अध्यक्ष प्रियंका बानो, मोहर सिँह ज्याणी, हरिसिंह बेनीवाल, राजकुमार बेनिवाल, कृष्ण सहारण ने समारोह को सम्बोधित किया। जीताराम जांदू व एलडी जोशी ने कार्यक्रम का संचालन किया। समारोह में मदन पांड्या, वेद प्रकाश सहारण, विमला कालवा, मानसिंह सैनी, भागीरथ भामी, सरपंच शीशराम पूनियाँ, सहदेव भाटी, पन्नालाल कस्वां, हर्ष लाम्बा, एडवोकेट राकेश सांगवान, पवन योगी, कुंदन सैनी, सुनील सैनी, अदरिश सैय्यद, दिनेश शर्मा, सुरजीत वर्मा, आशिफ़ इक़बाल, राजेश कस्वां, रामस्वरूप झाझड़िया, हर्ष शर्मा, फौजी अर्जुन सैनी सहित सैकड़ों की संख्या में पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## निपुण प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित



जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** नवलगढ़ में राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड स्थानीय संघ के तत्वाधान में माह मार्च 2025 में स्थानीय संघ नवलगढ़ कार्यालय पर रोवर्स व रेंजर्स का निपुण कोर्स प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हुआ था। जिसमें सफल रेंजर्स को 5 जनवरी 2026 को एस.एन. गर्ल्स बी एड कॉलेज नवलगढ़ में खेलकूद सप्ताह समारोह के दौरान निपुण प्रमाण पत्र वितरित कर रेंजर्स को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लीडर ट्रेनर स्काउट रामावतार सबलानिया, विशिष्ट अतिथि संघ के पूर्व प्रधान मुरली मनोहर चौबदार रहे।अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर संतोष पिलानिया ने की। खेल सप्ताह के दौरान आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज के रेंजर्स को निपुण प्रमाण पत्र वितरित कर उन्हें सम्मानित किया गया। इस दौरान संस्था के डॉक्टर माया सैनी, पूजा सैनी, मीना सैनी, कमलेश कुमावत, संदीप सैनी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। प्राचार्य डाक्टर संतोष पिलानिया ने आज समारोह के मुख्य अतिथि स्काउट के लीडर ट्रेनर रामावतार सबलानिया व पूर्व प्रधान मुरली मनोहर चौबदार का आभार प्रकट किया।

## विधायक पूसाराम गोदारा का जन्मदिन मनाया



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** नगर कांग्रेस कमेटी की ओर से विधायक पुसाराम गोदारा का जन्मदिन मनाया। कस्बे के श्रीराजलदेसर गौशाला में विधायक के जन्मदिवस पर गायों को हरा चारा व गुड़ खिलाया गया। नगर अध्यक्ष जब्बार खोखर के नेतृत्व में सभी पार्टी कार्यकर्ता व पदाधिकारी श्री राजलदेसर गौशाला पहुंचें। वहां सभी ने गायों को गुड़ खिलाकर विधायक के मंगल जीवन की कामना की। कार्यक्रम में अध्यक्ष के साथ जिला उपाध्यक्ष आरीफ बगड़, पार्षद नबीबक्स निवाण, शरीफ बेहलीम, पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि मोहनलाल मारू, चेयरमैन प्रतिनिधि नेताराम,आरीफ खत्री, राजेश स्वामी, जाकिर हुसैन, रिजवान बगड़, गिरधारी मेघवाल, अस्फाक बगड़, चन्द्रजीत वाल्मीकि अनवर टेलर, दौलतराम जाट सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सावित्रीबाई फुले जयंती पर वंचित बच्चों को मफलर व शिक्षण सामग्री बांटी



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** श्री राम निःस्वार्थ सेवा संगठन संस्थान, बीदासर के तत्वावधान में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले की जयंती श्रद्धा व उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम संगठन की ओर से संचालित म्हारी पाठशाला में गाड़िया लुहारा समाज के बच्चों के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सावित्रीबाई फुले के शिक्षा और समाज सुधार के क्षेत्र में किए गए योगदान पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि बालिकाओं व वंचित वर्ग की शिक्षा से ही समाज का समग्र विकास संभव है। इस अवसर पर अजय शर्मा (व्याख्याता), समाज कल्याण विभाग के अधिकारी राजेन्द्र स्वामी, संगठन अध्यक्ष संदीप सुथार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। मनोज करडवाल के सहयोग से बच्चों को मफलर, मिठाई, कॉपी व पेन का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वंचित बच्चों, विशेषकर बालिकाओं में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सामाजिक समरसता का संदेश देना रहा।

## बीदासर ब्लॉक की नई कार्यकारिणी गठित



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** पंचायत समिति सभागार भवन में सोमवार को अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता संघ के जिला अध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण ने की। बैठक में बिदासर ब्लॉक की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, जिसमें ग्राम विकास अधिकारी रूपाराम मेघवाल को ब्लॉक अध्यक्ष व गणेश सारण को मंत्री नियुक्त किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रिछपाल सिंह चारण ने आगामी जयपुर में आयोजित होने वाली महासंघ की रैली में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया। बैठक में जिला मंत्री फूलसिंह बुरड़क सहित बाबू खां, कमल कुमार वर्मा, गिरधारी राम, विजय पाल, रामप्रताप स्वामी, मदन नाथ, गिरधारी लाल सोनी, प्रमानंद, धर्मनाथ व मदन सिंह उपस्थित रहे।

# ममता गर्वा के जिलाध्यक्ष बनने पर खुशी

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** सावित्री बाई फुले जयंती के अवसर पर जयपुर में आयोजित कार्यक्रम में झुंझुनूं जिले से ममता गर्वा को फातिमा शेख अवार्ड से सम्मानित किया गया। भीम आर्मी तहसील अध्यक्ष मंडावा अजय वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर भारतीय दलित साहित्य अकादमी महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट हेमलता कंसोटिया की सहमति से ममता गर्वा को भारतीय दलित साहित्य अकादमी महिला प्रकोष्ठ ,झुंझुनू की जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त जिला अध्यक्ष ममता गर्वा ने कहा कि संगठन की ओर से सौंपी गई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा से निभायेगी। उन्होंने बताया कि जिले में संगठन को मजबूत कर बहुजन शोषित और पीड़ित वर्गों की आवाज को बुलंद करना उनकी प्राथमिकता रहेगी साथ ही महिलाओं पर होने वाले अन्याय और अत्याचार के खिलाफ संघर्ष करते हुए संविधान के दायरे में रहकर न्याय की लड़ाई लड़ी जाएगी उन्होंने कहा कि बहुजन समाज के महापुरुषों के आदर्शों और विचारों पर चलते हुए जिले में बहुजनों पर होने वाले अत्याचारों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शीघ्र ही जिले में संगठन की कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा जिसमें महिला और युवा साथियों को मिशन से जोड़कर एक मजबूत टीम तैयार की जाएगी उल्लेखनीय है कि दिव्या वाल्मीकि पूर्व में भीम आर्मी कर इंडिया और समता न्याय केंद्र चुरु जैसे संगठनों से जुड़कर सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभा चुकी है उनके सामाजिक योगदान को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंप गई है ममता गर्वा के जिलाध्यक्ष बनने पर बहुजन समाज के सदस्यों ने माला पहनकर उनका स्वागत किया गया और वरिष्ठ लोगों ने मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। इस अवसर पर मौजास सरपंच मुकेश झाझड़िया, भीम आर्मी तहसील अध्यक्ष मंडावा अजय वर्मा नुआ, दिव्या वाल्मिकी चुरु जिलाध्यक्ष, सुदर्शन महरिया, साजिद भाटी नुआ भीम आर्मी उपाध्यक्ष मंडावा , अरविन्द गर्वा इस्लामपुर, मनीषा मौर्य मंडावा, पिंकी नुआ, रामशरण कायल, अमित मीणा सामाजिक कार्यकर्ता, लक्ष्मी नरहढ, नीलम वर्मा आदी लोगों ने बधाई दी।

## पतंजलि स्थापना दिवस मनाया

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा/झुंझुनूं(निस)।** महिला पतंजलि योग समिति झुंझुनूं की ओर से 32 वां पतंजलि स्थापना दिवस जिला प्रभारी गीता नूनिया की अध्यक्षता में सोमवार को बड़ी धूमधाम से मनाया गया। झुंझुनूं के नारायण सदन में हवन, योग व सांस्कृतिक प्रतियोगिता के साथ आनन्द प्राप्त किया, सन्तोष जालान ने सभी योगी बहनों को दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया। हवन की आहूतियों के साथ सभी बहनों ने नियमित योग करने का संकल्प लिया। योग के माध्यम से अपने आप को दिव्य बनाने के लिए योग ऋषि स्वामी रामदेव का आभार व्यक्त करते हुए स्वामी के दीर्घायु होने की मनोकामना की। सन्तोष शर्मा ने पतंजलि स्थापना दिवस पर बताया कि पतंजलि योगपीठ से योग के साथ साथ स्वदेशी, आयुर्वेद भारतीय शिक्षा बोर्ड पर भी मानवीय कल्याण के लिए कार्य कर रही है। सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सभी बहनों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। अनिता सैनी ने ना डिस्को जाएंगे ना होटल जाएंगे। नये साल से हम योग व हवन करायेगें ' पर समा बांध दिया। जिला प्रभारी गीता नूनिया की ओर से योग पर जानकारी दी गई पहला सुख निरोगी काया' प्राप्त करने के लिए सभी बहनों को योग करने के लिए प्रेरित किया। मंगल पाठ की सभी बहनों ने मां रानी सती दादी के चरणों में सुंदर भजन की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में शारदा जालान, सरिता जालान, किरण तुलस्यान, सविता गोयल, सुप्रिया जालान, ममता जालान, सन्तोष तहसील प्रभारी नवलगढ़, सन्तोष दूदवाल सह तहसील प्रभारी उदयपुरवाटी, रुक्मणी शेखसरिया, विद्या बेनिवाल, प्रियंका, संपत, संगठन प्रभारी शशि नूनिया, नगर संगठन प्रभारी पूनम सिंघल, प्रभाती, सन्तोष खिचड़, सम्पूर्ण जालान परिवार उपस्थित रहे। झुंझुनूं तहसील प्रभारी सन्तोष जालान का महिला पतंजलि योग समिति की जिला प्रभारी गीता नूनिया के साथ बहन को साफ़ व सोल पहनाकर स्वागत किया,अन्त में सन्तोष जी जालान की ओर से सभी बहनों का आभार व धन्यवाद दिया।

## शिव-पार्वती विवाह प्रसंग का सुनाया, भजनों पर झूमे श्रद्धालु

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** फतेहपुर मार्ग स्थित गोयनका धर्मशाला में आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा के दूसरे दिन सोमवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। धर्मशाला परिसर भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। इस दौरान कथा श्रवण कर श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ अर्जित किया। कथावाचक संत धर्मदास महाराज ( अयोध्या ) ने श्रीराम कथा के अंतर्गत सती चरित्र, दक्ष प्रजापति यज्ञ विध्वंस, वीरभद्र उत्पत्ति, माता पार्वती का जन्म और शिव-पार्वती विवाह जैसे महत्वपूर्ण प्रसंगों का भावपूर्ण एवं सरल भाषा में वर्णन किया। संत धर्मदास महाराज ने अपनी कथा के माध्यम से ये संदेश दिया कि अहंकार और अधर्म का अंत निश्चित है, जबकि भक्ति, तप और सदाचार से ही जीवन का कल्याण संभव है। शिव-पार्वती विवाह प्रसंग के वर्णन के दौरान धर्मशाला परिसर तालियों और जयकारों से गूंज उठा। कथा के बीच-बीच में प्रस्तुत किए गए भजनों ने माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया।

आयोजन समिति के सुनील सोनी ने बताया कि ये नौ दिवसीय श्रीराम कथा रोजाना दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगी। नगरवासियों में कथा को लेकर खासा उत्साह है और श्रद्धालुओं की संख्या लगातार बढ़ रही है। मुख्य यजमान गोकुलचंद बिहारीलाल कुमावत आदि रहे। कार्यक्रम में श्रीराम मिश्रा, शरद मिश्रा, अशोक सिंह, मनमोहन, बाबूलाल जांगिड़ , बछराज सैनी , प्रदीप सोनी , संदीप , महेंद्र चोटियां , रामलाल पाराशर सहित सैकड़ों महिला श्रद्धालु उपस्थित रही।

## झुंझुनूं जिले से 10 हजार से अधिक प्रतिभागी आर्मी डे परेड 2026 कार्यक्रमों में होंगे शामिल

जयपुर टाइम्स




**झुंझुनू(निस)।** आर्मी डे परेड 2026 के अवसर पर जयपुर में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में झुंझुनू जिले से 10 हजार से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। आर्मी डे परेड 2026 के तहत जयपुर में 09, 11 व 13 जनवरी को महल रोड, जगतपुरा में सेना परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल आयोजित की जाएगी। इसके अलावा 10 एवं 15 जनवरी को एसएमएस स्टेडियम में शौर्य संध्या तथा 9 से 12 जनवरी तक भवानी निकेतन स्कूल, सीकर रोड पर 'नो योर आर्मी' मेला एवं हथियार प्रदर्शनी का आयोजन होगा। मुख्य आर्मी डे परेड 15 जनवरी को आयोजित की जाएगी, जिसमें रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की उपस्थिति प्रस्तावित है। आर्मी डे परेड 2026 के कार्यक्रमों में आमजन की सहभागिता को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए कि 09, 11, 13 एवं 15 जनवरी 2026 को जयपुर में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में झुंझुनू जिले से कम से कम 10,000 प्रतिभागियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों में स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों, राजीविका से जुड़ी महिलाओं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, स्काउट एवं एनसीसी कैडेट्स, खिलाड़ियों, पूर्व सैनिकों तथा आमजन की अधिकतम भागीदारी सुनिश्चित की जाए। इसके लिए संबंधित विभाग आपसी समन्वय से आवश्यक व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर अजय कुमार आर्य सहित पुलिस विभाग के अधिकारी व अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक मोहर सिंह राठौड़ की जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित

जयपुर टाइम्स



**चूरू(निस)।** स्थानीय चूरू बालिका महाविद्यालय में पूर्व विधायक व सांसद रहे मोहर सिंह राठौड़ लाखाऊ का जन्म शताब्दी जयंती सोमवार को चूरू बालिका महाविद्यालय प्रबंध समिति की ओर से समारोह पूर्वक मनायी गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व सभापति गोपाल बहड़ ने कहा कि ऐसे महान पुरुष के पद चिन्हो पर चलकर युवाओं को उनका अनुसरण करना चाहिये। महाविद्यालय प्राचार्य आशा कोठारी ने राठौड़ के जीवन पर प्रकाश डाला। राजेश मडावेवाला ने कहा कि समाज सेवा करने वाले ऐसे महापुरुष सदियों में एक ही पैदा होते हैं। जिले में विकास पुरुष की ओर से करवाए गए जनहित के कार्य, लिफ्ट कैनाल, भरतिया अस्पताल, मातृ शिशु कल्याण केंद्र, गोयनका स्कूल, शारदा स्कूल, कबीर पाठशाला, पारख बालिका स्कूल, त्रिलोक बाल विहार (वर्तमान में केंद्रीय विद्यालय), चूरू बालिका महाविद्यालय, चूरू तहसील में पेयजल व्यवस्था, सड़कों का जाल, सैनिक बस्ती, बणीर स्मारक समिति में करीब 7 बीघा निजी जमीन जिसमें राजपूत छात्रावास बना हुआ है। पुत्री पाठशाला से लेकर अनगिनत विकास कार्य करवाने वाले राठौड़ की मूर्ति पर अतिथियों व स्टाफ सदस्यों ने माल्यार्पण कर व पुष्प अर्पित कर राठौड़ को श्रद्धा-सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर श्यामसुंदर शर्मा, निर्मला सैनी, कविता पंसारी, इन्द्रचंद, रविंद्र लाटा, प्रदीप, आरती तोषाण सहित बड़ी संख्या में स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

## केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने बालिका शिक्षा व सामाजिक एकता पर दिया जोर

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत रविवार को झुंझुनू दौरे पर रहे। यहां वे कुम्हार कर्मचारी एवं समाज सेवा समिति झुंझुनूं के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता राज्य मंत्री (अध्यक्ष माटी कला बोर्ड, राजस्थान सरकार) प्रहलाद रॉय टाक ने की। विशिष्ट अतिथि मदन प्रजापत, महेंद्र चन्दवा, एडवोकेट सुरेन्द्र लाम्बा, समाजसेवी कुरडाराम नानवाल, संयुक्त सचिव वित्त विभाग रणवीर सिंह रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने समाज बंधुओं से कुरीतियों के त्याग, संस्कारवान बनने, सर्व समाज के सहयोग से शासन व प्रशासन में भागीदारी सुनिश्चित करने और बालिका शिक्षा को प्राथमिकता देने का आह्वान किया। उन्होंने अपने विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं की भी जानकारी दी। राज्य मंत्री प्रहलाद रॉय टाक ने प्रतिभावान विद्यार्थियों से उच्च लक्ष्य निर्धारित कर समर्पण के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से रील की बजाय रियल लाइफ का हीरो बनने की प्रेरणा दी। महेंद्र चन्दवा व हरिराम दादरवाल ने अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए संस्था की ओर से किए गए कार्यों की जानकारी दी और आगामी रणनीति से अवगत कराया। मदन प्रजापत, सुरेन्द्र लाम्बा, समाजसेवी कुरडाराम नानवाल, संयुक्त सचिव वित्त विभाग रणवीर सिंह, राधेश्याम काम्या, विनोद कुमावत सहित अन्य वक्ताओं ने सामाजिक एकता, भाईचारे एवं शासन-प्रशासन में सक्रिय भागीदारी पर जोर दिया।

## प्रतिभा खोज परीक्षा में राज्य स्तर पर 9 वां स्थान

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** राजस्थान पब्लिक स्कूल के छात्र ने राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा 2025 विज्ञान वर्ग में राज्य स्तर पर 9 वां स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य अशोक मोगा ने बताया कि विद्यालय के कक्षा 12वीं के छात्र लक्ष्य राहड़ ने राज्य स्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा में राज्य स्तर पर 9 वां स्थान प्राप्त कर विद्यालय व शेखावाटी क्षेत्र का नाम रोशन किया है। लक्ष्य की सफलता पर निदेशक हरलाल सिंह मोगा, सचिव सुभाष चंद्र मोगा, मोहर सिंह, विजेंद्र, रोहिताश, रामावतार, महेश, शंकर सिंह, नरेश अशोक कालेर, निशा, हेमलता, जुगल किशोर, मूलचंद, नदीम अली, दीनदयाल, महिपाल, विजेंद्र पूनिया शशिकांत ने खुशी जाहिर करते हुए लक्ष्य के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## नेमीचंद बगड़ी प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त, तीसरी बार मिला दायित्व



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** अखिल भारतीय युवा नायक महासभा के प्रदेश अध्यक्ष सुनील नायक ने लक्ष्मणगढ़ क्षेत्र के बगड़ी गांव निवासी नेमीचंद बगड़ी को संगठन का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सुनील नायक ने विश्वास व्यक्त किया कि नेमीचंद बगड़ी संगठन की ओर से सौंपी गई जिम्मेदारी को पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। गौरतलब रहे कि नेमीचंद बगड़ी को यह दायित्व तीसरी बार सौंपा गया है, जो उनके संगठनात्मक अनुभव और सक्रिय कार्यशैली को दर्शाता है। नियुक्ति की घोषणा के बाद कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला।नियुक्ति पर नेमीचंद बगड़ी ने प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन की विचारधारा को मजबूत करने, युवाओं को जोड़ने और समाजहित में निरंतर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे।

## राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड झुंझुनूं

### जाहिर आम - सूचना

राजस्थान आवासन मण्डल की नई कॉलोनी शिवसिंहपुरा सीकर योजना में आवास संख्या 13/8 का आंवटन मण्डल द्वारा जारी आवंटन पत्र क्रमांक 551 दिनांक 30.06.2008 के द्वारा धूड़ाराम जाट पुत्र श्री भूराराम जाट को किया गया था श्री धूड़ाराम जाट द्वारा उक्त आवास का दिनांक 13.08.2008 को भौतिक कब्जा प्राप्त कर लिया गया। तत्पश्चात मण्डल द्वारा उक्त आवास का अदेय प्रमाण पत्र क्रमांक 232 दिनांक 06.08.2024 को जारी कर दिया गया।

श्री धूड़ाराम जाट की मृत्यु दिनांक 24.12.2024 को हो जाने के कारण उनके पौत्र श्री विक्रम सिंह कुड़ी द्वारा उक्त आवास का घोषणा-पत्र दिनांक 18.06.2025 को निष्पादित करा दिया गया।

अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण बाबत किसी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय 07 दिवस में अपनी आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा यह मानते हुए कि मण्डल रिकॉर्ड में नाम दर्ज करने में किसी को कोई आपत्ति नहीं हैं, श्री विक्रम सिंह कुड़ी का नाम मण्डल रिकॉर्ड में दर्ज कर दिया जाएगा।

(जे.पी. वर्मा)
आवासीय अभियन्ता
राजस्थास्थान आवासन मण्डल
खण्ड झुंझुनूं

## कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने है:-

| क्र. सं. | बिड संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 37/2025-26 | INTERLOCK With Fi&ing work at Lavkush Vatika, Range Sujangarh | 4.97 लाख | FOR2526WSOB04364 |
| 2 | 38/2025-26 | Water Harvesting Structure (WHS) At Range Sujangarh | 4.25 लाख | FOR2526WSOB04365 |
| 3 | 39/2025-26 | रेंज सुजानगढ के लवकुश वाटिका गोपालपुरा डुंगरबालाजी में वुडन फिनिशिंग सीमेंट कंक्रीट का निर्माण कार्य | 3.37 लाख | FOR2526WSOB04366 |
| 3 | 40/2025-26 | रेंज सुजानगढ अधीन Fencing work Dungras Grass land 50 Hq. कार्य | 7.03 लाख | FOR2526WSOB04367 |

अल्पकालीन ई बोली सें संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in & www.eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सें संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www. Sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

उप वन संरक्षक,
चूरू

# वेनेजुएला पर हमले का विरोध, ट्रंप का पुतला फूंका

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं/मण्डावा(निस)।** वामपंथी व जनवादी संगठनों की ओर से वेनेजुएला पर अमेरिका की ओर से किए गए हमले के विरोध में सोमवार को जिला कलेक्टर झुंझुनूं के सामने प्रदर्शन कर डोनाल्ड ट्रम्प का पुतला फूंका, विरोध प्रदर्शन में अमरीकी साम्राज्यवाद मुर्दाबाद, इंकलाब जिन्दाबाद, अमरीकी साम्राज्यवाद हो बर्बाद, वेनेजुएला की जनता तुम संघर्ष करो, हम तुम्हारे साथ हैं, के नारे लगाए गए। विरोध सभा को सम्बोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि वेनेजुएला के ऊपर आक्रमक युद्ध और औपनिवेशिक लूट की कड़े शब्दों में निन्दा करते हुए कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति का यह कृत्य अन्तर्राष्ट्रीय कानूनो का खुला उल्लंघन है। अमरीकी साम्राज्यवाद का यह लोकतंत्र पर खुला हमला है और एक संप्रभुता पर सीधा हमला है। हम वेनेजुएला की जनता के संघर्ष में उनके साथ हैं। ये सिर्फ एक देश पर ही नहीं पूरी मानव जाति की मेहनतकश जनता पर सीधा हमला है। पूंजीवादी व्यवस्था के खिलाफ एक समाजवादी समाज की स्थापना के लिए एक जुट होकर संघर्ष करना होगा। कार्यक्रम साम्राज्यवाद विरोधी संघर्ष समिति के बैनर तले किया गया। विरोध सभा को माकपा के सचिव राजेश बिजारणियां, महिपाल पुनिया, फूलचंद बर्बर, भाकपा माले के सचिव रामचन्द्र कुलहरी, केन्द्रीय कमेटी सदस्य फूलचंद ढेवा, शहीद भगतसिंह विचार मंच के बजरंग लाल एडवोकेट, क्रान्तिकारी किसान यूनियन के पोकर सिंह झाझडिया, मुस्लिम न्याय मंच के इमरान बडगूजर, किसान सभा के सुमेर बुडानिया, मदन यादव, नौजवान सभा के योगेश कटारिया, पंकज गुज़र, क्रान्तिकारी मजदूर मोर्चा के महेश चौमाल, गणपत सिंह, शीशराम कामरेड, शुभकरण महला, सहदेव कसवां, युनूस अली भाटी, किशनलाल नायक, पितराम कालेर ने सम्बोधित किया। इसके अलावा विरोध सभा में कप्तान लक्ष्मीनारायण, लीलाधर, हरिओम, रमेश कटेवा, भागीरथ कपूरिया, रामस्वरूप गजराज, किशनलाल नायक, रामनारायण झाझडिया, बनवारीलाल, श्यामलाल कालेर, जगमाल सिंह के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे। संचालन बजरंग लाल एडवोकेट ने किया।




## चाइनीज मांझे के खिलाफ फ्रेंड्स फॉरएवर सोसाइटी की मुहिम, बेजुबान पक्षियों की सुरक्षा का लिया संकल्प



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** क्षेत्र में मकर संक्रांति के पर्व पर पक्षियों और राहगीरों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए फ्रेंड्स फॉरएवर सोसाइटी ने चाइनीज मांझे के बहिष्कार का निर्णय लिया है। कार्यक्रम में सोसाइटी के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने एकजुट होकर प्रतिज्ञा ली कि वह न तो स्वयं घातक चाइनीज मांझे का उपयोग करेंगे और न ही समाज में किसी को ऐसा करने देंगे। इस अवसर पर संरक्षक हरीश जैसनसरिया और अध्यक्ष नितिन सेठिया ने कहा कि खुशियों के त्योहार पर किसी बेजुबान पक्षी की जान जाना या किसी इंसान का घायल होना बेहद दुखद है। इसलिए चाइनीस मांजे का बहिष्कार करना होगा। उपाध्यक्ष छत्रमोहन शर्मा, सचिव राजेश पारीक और सह सचिव महावीर सोनी, कोषाध्यक्ष गोपाल जालान, उप कोषाध्यक्ष चंद्रप्रकाश लाटा, संगठन मंत्री अमित आंचलिया, पूर्व अध्यक्ष विजय चौधरी आदि ने विचार व्यक्त करते हुए चाइनीज डोर का विरोध किया। इस अवसर पर हनुमान प्रसाद कंदोई, संस्था के पूर्व सचिव राजन जांगिड़, राजवीर सिंह, कपिल शर्मा, रमेश मित्तल, रतन मोयल, गौरीशंकर भोजक, राकेश जोशी और मुकेश जैसनसरिया ने इस जागरूकता अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। अंत में सभी सदस्यों ने समाज को सुरक्षित बनाने के लिए एकजुट होकर आवाज उठाने की शपथ ली।

## श्री नामदेव निशुल्क योग क्लास, मंदिर प्रांगण में गायत्री महायज्ञ आयोजित



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर में योग शिक्षक मोहनलाल शर्मा की ओर से संचालित श्रीनामदेव निशुल्क योग क्लास के तत्वावधान में रविवार को गायत्री महायज्ञ का अशोक हरचंदानी के तत्वाधान में आयोजन किया गया। महायज्ञ में बड़ी संख्या में योग साधकों एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम के दौरान विधिवत मंत्रोच्चार के साथ हवन संपन्न कराया गया। गायत्री मंत्र की सामूहिक आहुतियों से वातावरण आध्यात्मिक व सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण हो गया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने यज्ञ में आहुतियां अर्पित कर सुख-समृद्धि, स्वास्थ्य एवं विश्व शांति की कामना की। योग क्लास के संचालकों ने बताया कि योग के साथ-साथ इस प्रकार के आध्यात्मिक आयोजनों से मानसिक शांति और सामाजिक सद्भाव को बढ़ावा मिलता है। भविष्य में भी योग व संस्कार से जुड़े कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे। आयोजन में पवन कुमार भोजक, श्रीसंत कुमार दर्जी, विनोद, हेमा, शेराराम, प्रह्लाद सर्राफ, महेश सेवदा, शशि शर्मा, आरती शर्मा, रामजीवन माटोलिया, फुसाराम, दयाशंकर तथा शहर के कई नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया और सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया गया।

## पौष बड़ा कार्यक्रम का आयोजन



जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** शहर के कृष्णा बस स्टैंड नवलगढ़ बस स्टैंड में पौष बड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। पौष मास के पावन अवसर पर आयोजित इस कार्यक्रम में आमजन के लिए पौष बड़ा प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य धार्मिक परंपराओं को जीवित रखना एवं समाज में आपसी भाईचारे और सहयोग की भावना को मजबूत करना रहा। आयोजन के दौरान लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम में मौजूद लोग एवं सहयोगकर्ता के रूप में उमेश शर्मा हरि ओम मेडिकल स्टोर, रामकरण, विनोद सैनी, चंदन भूखर, मनोज शर्मा, कमल सेन, सत्यपाल महरिया शीशपाल भूकर , नरेश सैनी, अनुराग भवानी दीपक महला आदि मौजूद रहे। आयोजकों ने साफ-सफाई, प्रसाद वितरण एवं व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित ढंग से संभाला गया, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था नहीं हुई। स्थानीय आमजन ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के अंत में आयोजकों ने सभी सहयोगकर्ताओं व उपस्थित आमजन का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इस प्रकार के धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही।

## वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ को किया सम्मानित

**नवलगढ़(निस)।** बलवंतपुरा के सरस्वती स्कूल में स्पंदन कार्यक्रम 2025 , 26 में वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ सांखू को सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके सामाजिक कार्यों को देखते हुए किया गया। इस अवसर पर वृक्ष मित्र श्रवण कुमार जाखड़ सांखू की ओर से विद्यालय के निदेशक बीरबल गोदारा को एक पौधा भेंट किया गया वृक्ष मित्र की ओर से काफी लंबे संघर्ष के बाद दानवीर मार्ग डूंडलोद सांखू दो जिलों को जोड़ने का मार्ग सीकर और झुंझुनू को का निर्माण जन सहभागिता से 6 किलोमीटर सड़क का निर्माण किया गया। वर्तमान में पर्यावरण के क्षेत्र में पर्यावरण बचाने का कार्य किया जा रहा है। अब तक इनकी ओर से 3 लाख से अधिक पेड़ पौधे लोगों को निशुल्क उपलब्ध कराए गए और जगह-जगह पौधारोपण किया गया है। सार्वजनिक स्थान स्कूल अस्पताल मंदिर मस्जिद पार्क सड़क किनारे अनेक स्थानों पर पौधरोपण किया गया और निरंतर जारी है। इनकी ओर से निशुल्क पौधरोपण किया जाता है। विभिन्न धार्मिक सामाजिक कार्यों पर लोगों को पौधे निशुल्क भेंट किए जाते हैं ।

### शोध कार्यों में शार्टकट नहीं, परिश्रम आवश्यक : प्रो. अनिल राय

## शेखावाटी विश्वविद्यालय में रिसर्च मेथोडोलॉजी पर चार दिवसीय कार्यशाला शुरू

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** कटराथल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर में सोमवार को रिसर्च मेथोडोलॉजी (शोध प्रविधि) विषय पर चार दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। कार्यशाला का शुभारंभ मां सरस्वती और पंडित दीनदयाल उपाध्यायजी की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यशाला के मुख्य वक्ता प्रख्यात शिक्षाविद् व एमबीएम इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर एलएनसी अग्रवाल रहे। अध्यक्षता शेखावाटी विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर (डॉ.) अनिल कुमार राय ने की। शुरुआत में विवि के रिचर्स निदेशक और आयोजन सचिव प्रो. राजेंद्र सिंह ने कार्यशाला का उद्देश्य बताते हुए स्वागत भाषण दिया। उन्होंने कहा कि इस तरह की कार्यशालाएं शोधार्थियों के लिए बेहद आवश्यक है। शेखावाटी विश्वविद्यालय के रिसर्च डिपार्टमेंट की ओर से आयोजित कार्यशाला में अध्यक्षीय उद्बबोधन में कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने कहा कि शोध कार्यों में शार्टकट नहीं अपनाना चाहिए और अत्यधिक परिश्रम करना चाहिए। प्रो. राय ने कहा कि शोधार्थी सक्रिय और सजग रहेगा तो रिसर्च के परिणाम बहुत अच्छे आएंगे। अनुसंधान करने के दौरान शोधार्थी उदाहरण बनें और समस्याओं का समाधान बताएं तभी रिसर्च सार्थक होगी। उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता प्रोफेसर एलएनसी अग्रवाल ने कहा कि आंकड़े झूठ नहीं बोलते, उनसे हम झूठ बुलवाते है। प्रो. अग्रवाल ने कहा कि जिन चीजों को नापा नहीं जा सकता उनमें शोधार्थी को काम करना होता है, विभिन्न विधियों से रिसर्च करनी होती है। उन्होंने शोधार्थियों से आग्रह किया कि वे अनुसंधान को समाजोपयोगी और मूल्य-आधारित बनाएं। आयोजन सचिव प्रो. राजेंद्र सिंह ने बताया कि कार्यशाला में विवि के करीब 341 शोधार्थियों ने पंजीकरण कराया है। कार्यशाला के दौरान चार दिन तक शोध प्रविधि के एसपीएसएस समेत विभिन्न टूल्स के बारे में जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला में प्रायोगिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा ताकि शोधार्थी इसे शोध कार्य में प्रयोग कर सके। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी डॉ. महेश गुप्ता और डॉ. बीएस राठौड़, विभिन्न संकायों के फेकल्टी मैंबर्स, शोधार्थी और विद्या?र्थी उपस्थित रहे। कार्यशाला का समापन 8 जनवरी को होगा। उल्लेखनीय है कि प्रोफेसर अग्रवाल को शोध व शिक्षण के क्षेत्र में लगभग बहुत लंबा अनुभव है। वे कई वर्षों से विभिन्न विश्वविद्यालयों में विजिटिंग प्रोफेसर है।

## दस दिवसीय व्यावसायिक प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं को हेल्थ केयर का दिया प्रशिक्षण

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के पीएमश्री गिरधारी लाल शिवनारायण टांटिया राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की कक्षा 11 व 12 की हेल्थ केयर जिसमें 31 छात्राएं, ब्यूटी एंड वैलनेस जिसमें 77 छात्राएं पंजीकृत का व्यवसायिक प्रशिक्षण जिसके अंतर्गत ओजीटी ऑन द जॉब ट्रेनिंग, इंटर्नशिप, हेयर कटिंग, हेयर स्ट्रेट, ब्लीच, वैक्स, फेशियल, आइब्रो मैनीक्योर, पेडीक्योर, दुल्हन मेकअप आदि स्किल बेस्ड एक्टिविटी को छात्राओं ने लर्निंग बाय डूइंग विधि की ओर से एकता ब्यूटी पार्लर, तुलसी ब्यूटी, एवन ब्यूटी पार्लर आदि में अपनी भागीदारी करके इन स्किल को ध्यानपूर्वक सीखा। इन गतिविधियों को विद्यालय, व्यवसायिक कौशल, मित्र नीलम चौधरी एवं व्यावसायिक प्रशिक्षक राखी सैन व प्रियंका की देखरेख में संचालित किया गया। विद्यालय प्रधानाचार्य विजय कुमार पारीक ने बताया इस प्रशिक्षण के दौरान हैल्थकेयर सेक्टर की बच्चियों ने आपात स्थिति में मरीज को देखना, चोट पर पट्टी करना, बीपी शुगर की जांच करना, टीकाकरण आदि करना सिखाया गया। प्रधानाचार्य ने बताया की इस प्रशिक्षण में विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। यह प्रशिक्षण बच्चियों के भविष्य के लिए बेहद लाभकारी व रोजगारोन्मुख भी साबित होगा।

## सात दिवसीय सेवा शिविर का समापन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** स्थानीय राजकीय जी.एच.एस. महाविद्यालय संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों की ओर से आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर का समापन समारोह महाविद्यालय परिसर में आयोजित किया गया। समापन अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही महाविद्यालय की प्राचार्य विनिता चौधरी ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व और नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि महाविद्यालय के वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ बी.एस. बैरवा ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना के मूल मंत्र 'मैं नहीं, आप' को आत्मसात करने पर बल दिया। प्रोफेसर प्रमोद कुमार, अर्चना, सुश्री दिव्या जांगिड आदि ने विचार प्रकट किए। एनएसए कार्यक्रम अधिकारी हरिलाल जांगिड ने धन्यवाद ज्ञापन किया। संचालन दिव्या जांगिड ने किया।

## पत्रकार कॉलोनी में पौष बड़ा, पंगत प्रसादी का आयोजन

**झुंझुनूं/जयपुर।** पत्रकार कॉलोनी स्थित बद्रीश्वर महादेव मंदिर में पौषबड़ा महोत्सव और नववर्ष स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महादेव मंदिर में सुन्दरकांड पाठ हुए। ठाकुरजी को भोग लगाकर पंगत प्रसादी शुरू की गई। जिसमें करीब एक हजार भक्तों ने भोजन प्रसादी का आनंद लिया। पत्रकार कॉलोनी विकास समिति अध्यक्ष अजय शुक्ला ने बताया कि समस्त कॉलोनी निवासियों ने श्रद्धा भाव से सुंदरकांड पठन का आनंद लिया और उसके बाद पौष बड़े, गरम हलवा, पूड़ी का आनंद लिया। कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन पार्षद धर्मसिंह सिंघानिया, भाजपा प्रवक्ता प्रताप राव, थानाध्यक्ष मदन कड़वासरा अरुण शर्मा, डॉ. अखिलेश जैन, डॉ.महेश गुप्ता, धीरज मिश्रा, आरआर नगर अध्यक्ष लव शर्मा, सीताराम विहार अध्यक्ष दिनेश नंदवानी, गोकुल चंद सैनी अनिल टिलवानी, शाहरुख, पं सतीश समेत कई नागरिक उपस्थित रहे।

## युक्ति सामाजिक शोध संस्थान का स्थापना दिवस मनाया

### प्रोफेसर भगत सिंह सहारण की स्मृति में आयोजन




जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** नगरश्री सभागार में युक्ति सामाजिक शोध संस्थान चूरू के 12 वें स्थापना दिवस पर प्रोफेसर भगत सिंह सहारण की स्मृति में याज्ञसेनी सम्मान समारोह हुआ कार्यक्रम की अध्यक्षता सुजला महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर हीरालाल गोदारा ने की मुख्य अतिथि सरोज चौधरी रही। संस्थान की संरक्षक डॉ सरोज हारित ने अतिथियों का स्वागत किया तथा स्व प्रो भगत सिंह सहारण के व्यक्तित्व और कृतित्व के बारे में बताया कि वे लोहिया महाविद्यालय में पढे वहां छात्रसंघ के अध्यक्ष रहे और वहीं प्रोफेसर के रूप में अपनी सेवा दी वे एक जाने-माने अर्थशास्त्री थे संस्था के अध्यक्ष एडवोकेट रमेश सोनी ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया डॉ मधु चौधरी ने कहा कि अगर महिला सशक्तिकरण के लक्ष्यों को पाना है तो शिक्षा से बेहतर कोई विकल्प नहीं शिक्षा जीवन की बहुत सारी समस्याओं को दूर कर सकती है। डॉ साधना जोशी प्रधान को शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर याज्ञसेनी सम्मान 2026 प्रदान किया गया। सम्मान स्वरूप माला श्रीफल पदक प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किए गए प्रशस्ति पत्र का वाचन राजेंद्र शर्मा मुसाफिर ने किया। प्रो महावीर सिंह व एडवोकेट गुलाम नबी गौरी ने कहा कि प्रोफेसर सहारण एक किसान पुत्र थे। सादा जीवन उच्च विचार उनके जीवन का अंग था। बिना किसी गर्व के उनका स्वभाव सभी के प्रति सहयोगी था संस्थान के सूर्यकांत शर्मा नितिन बजाज उषा सोनी सरला राव सुचित्रा कस्वा ने आयोजकीय भूमिका निभाई इस अवसर पर शंकर महर्षि रियाजत अली खान बनवारी लाल शर्मा दुलाराम सहारण अनंतराम सोनी लाजवंती मुद्गल कमल शर्मा शैलेंद्र माथुर ललित गौतम विजयकांत शर्मा इदरीश राज खत्री अब्दुल मन्नान उस्मान अंसारी आदि लोग उपस्थित रहे। संस्था सचिव राजकौर राहड़ ने सभी का आभार व्यक्त किया कार्यक्रम का संचालन भगवती पारीक मनु ने किया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत रोलासर
### पंचायत समिति सरदारशहर

क्रमांक :- ग्रा.प./निविदा/2025-26/31-32 दिनांक :- 05.01.26

### ई-निविदा सूचना

ग्राम पंचायत में 15वां वित आयोग एवं राज्य वित आयोग षष्ठम योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य को पंचायती राज नियम 181 के तहत करवाया जाना प्रस्तावित है। जिस हेतु ई-निविदा आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदा से संबंधित शर्ते एवं निविदा प्रपत्र को वेब साईट http// eproc.rajasthan.gov.in & http//sppp.rajsthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलॉड कर प्राप्त की जा सकती है।

| NIB No. | UBN No. | निविदा दस्तावेज जमा करवाने एवं निविदा खोलने की तिथि |
|---|---|---|
| PDN2526A0269 | PDN2526WSLB00277 | 13-01-2026 |
| PDN2526A0271 | PDN2526WSLB00279 | 13-01-2026 |

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत रोलासर
पंचायत समिति सरदारशहर

प्रशासक
ग्राम पंचायत रोलासर
पंचायत समिति सरदारशहर



राजस्थान सरकार
## कार्यालय उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग जिला चूरू
### आयकर कार्यालय के पास शेखावत कॉलोनी सड़क, चूरू (राजस्थान)

E-MAIL- daochuru@gmail.com dao.chu.ayu@rajasthan.gov.in Telephone No. 01562-250146

क्रमांक- स्टोर/आरोग्य मेला 2025-26/48 दिनांकः- 5.1.2026

### खुली निविदा संख्या 22/2025-26

निदेशालय के पत्रांक राजरिफरेन्स नं. 18846448 दिनांक 14.11.2025 के क्रम में राज्य वार्षिक कार्ययोजना वर्ष 2025-26 के तहत चूरू जिले के 125 औषधालयों पर औषधियां पहुँचाने के लिए वाहन किराये पर लेने हेतु दिनांक 12.012026 को प्रातः 10:30 बजे तक मुहरबन्द लिफाफों में खुली निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र.सं. | विवरण | अनुमानित मूल्य | बिड प्रपत्र शुल्क | बोली प्रतिभूति घोषणा | कार्य सम्पादन प्रतिभूति राशि (5') | बोली प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि व समय | बोली खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | जिले के 125 औषधालयों पर औषधियां (लगभग 3000 कार्टून मध्यम साईज ) पहुँचाने के लिए वाहन (बोलेरो कैम्पर / पिकअप) किराये पर लेने हेतु | रूपये 204620/- लगभग | रू.500 मात्र | 4093 /- रूपये | 10231/- रूपये | 12.01.2026 को प्रातः 10:30 बजे तक | 12.01.2026 दोपहर 01.00 बजे |

**बिड की शर्तें -**
1. बिड प्रतिभूति राशि के बिना प्राप्त बोलियों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
2. बिड प्रपत्र, बिड सूचना से संबंधित नियम / शर्ते, बिड से संबंधित दस्तावेज आदि निर्धारित बिड प्रपत्र शुल्क रू. 500 का डीडी / बैंकर्स चैक उप निदेशक आयुर्वेद विभाग चूरु के नाम से जमा कराकर दिनांक 12.01.2026 को प्रातः 10 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है या वेबसाईट www.sppp.rajasthan.gov.in से बिड प्रपत्र Online Download कर भरकर प्रस्तुत किया जा सकता है।

(डॉ. सत्यवीर सिंह )
उप निदेशक